
राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS
PRINT | WEB | VIDEO

बोकारो, शनिवार
11.01.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 336

mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374

हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



**राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !**

## प्रधानमंत्री मोदी ने उद्यमी निखिल कामथ के पॉडकास्ट में भाग लिया




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्यमी निखिल कामथ के आगामी पॉडकास्ट में अपने राजनीतिक जीवन और व्यक्तिगत विचारों को साझा किया है। यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला पॉडकास्ट है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर निखिल कामथ की पोस्ट का जवाब देते हुए कहा, "मुझे आशा है कि आप सभी इसका उतना ही आनंद लेंगे जितना हमें आपके लिए इसे बनाने में आया।" इससे पहले पॉडकास्ट की मेजबानी करने वाले जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ ने इसका ट्रेलर जारी किया। इसमें निखिल कामथ प्रधानमंत्री से राजनीति, उद्यमिता, नेतृत्व चुनौतियों और व्यक्तिगत विकास जैसे विषयों पर चर्चा करते हैं। ट्रेलर में कामथ कहते हैं कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने बैठकर नर्वस महसूस कर रहे हैं और वह अपनी बातचीत को कठिन बताते हैं। इस पर प्रधानमंत्री अपनी सहज प्रतिक्रिया देते हुए कहते हैं कि उनका पहला पॉडकास्ट है और पता नहीं ये लोगों को कैसा लगेगा। युवाओं को राजनेता बनने के लिए योग्यता के प्रश्न पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में निरंतर अच्छे लोग आते रहने चाहिए। युवाओं को राजनीति में महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि मिशन लेकर आना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने याद दिलाया कि जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने एक भाषण में कहा था कि गलतियां होती हैं और वह भी कुछ गलतियां कर सकते हैं। उन्होंने कहा, "मैं भी मनुष्य हूं देवता थोड़ा हूं। कामथ ने सवाल किया कि ऐसा लग रहा है कि सारी दुनिया युद्ध की तरफ जा रही है। क्या इसको लेकर हमें डरना चाहिए। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस संकट के समय हमने लगातार कहा है कि हम तटस्थ नहीं हैं। उन्होंने कहा, "मैं शांति के पक्ष में हूं।" प्रधानमंत्री के तौर पर आपका दूसरा कार्यकाल पहले से कैसे अलग था पूछे जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अपने पहले कार्यकाल में दिल्ली को समझने की कोशिश कर रहे थे।

# विकसित भारत के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग प्रवासी भारतीयः राष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में कहा कि हमारा देश वर्ष-2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। इस राष्ट्रीय मिशन में विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। भारतीय प्रवासी इस दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं। उनकी वैश्विक उपस्थिति उन्हें एक अद्वितीय दृष्टिकोण प्रदान करती है और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में रखती हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने शुक्रवार को भुवनेश्वर (ओडिशा) में तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय प्रवासी देश के सर्वश्रेष्ठ का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर गए हैं, बल्कि वे सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे मूल्य और लोकाचार भी लेकर गए हैं। राष्ट्रपति ने सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता हर क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों ने अपनी छाप छोड़ी है। इसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। प्रवासी भारतीयों की सफलता की कहानियां भारत के लिए गर्व की बात है। वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता को लेकर प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू को भी बधाई दी और कहा कि महिलाओं और भारतीय प्रवासियों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में उनके उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रवासी भारतीय दिवस अब एक आयोजन से कहीं अधिक बन गया है। उन्होंने कहा कि यह मंच विचार पाने, सहयोग स्थापित करने और भारत तथा प्रवासी भारतीयों के बीच संबंध मजबूत करने का काम कर रहा है। भारत के वसुधैव कुटुंबकम के शाश्वत दर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह दृष्टिकोण हमारी जरूरतों को पूरा करता है और वैश्विक कल्याण में भी योगदान देता है।

सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय प्रबंधन के साथ आर्थिक प्रगति को संतुलित करने वाला राष्ट्र बनना चाहते हैं। इससे आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि हम अपने प्रवासी भारतीय परिवार की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं। हमें आशा और दृढ़ संकल्प के साथ भविष्य की ओर भी देखना है। साथ मिलकर, हम वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा और दुनिया के लिए प्रकाश की किरण बनने वाला राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।

## मैं भी इंसान हूं कोई भगवान नहीं, मुझसे भी गलतियां होतीं हैं: पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि मैं कोई भगवान नही हूं, मैं भी आपकी तरह एक इंसान हूं, गलतियां हमसे भी होती हैं। पीएम मोदी ने दुनिया में युद्ध की स्थिति, राजनीति में युवाओं की एंट्री, पहले और दूसरे टर्म के बीच अंतर पर जवाब देते हुए कहा कि गलतियां होती हैं, मुझसे भी होती होंगी। मैं भी मनुष्य हूं, कोई देवता नहीं। पीएम मोदी से पूछा कि अगर युवा को राजनेता बनना है तो उसमें क्या टैलेंट होना चाहिए। इस पर पीएम ने जवाब दिया कि राजनीति में लगातार अच्छे लोग आते रहने चाहिए। मिशन लेकर आएं, एंबीशन लेकर नहीं। जब मैं मुख्यमंत्री बना, तो मेरा एक भाषण था, जिसमें कहा था कि गलतियां होती हैं, मुझसे भी होती होंगी। मैं भी मनुष्य हूं, कोई देवता थोड़ी हूं। कई देशों के बीच चल रहे युद्ध पर पूछा कि आज पूरी दुनिया युद्ध की ओर चल रहा है। क्या हमें चिंतित होना चाहिए? इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने लगातार कहा है कि हम न्यूट्रल नहीं हैं, मैं शांति के पक्ष में हूं। वहीं, जब प्रधानमंत्री से पहले और दूसरे टर्म के अंतर के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब दिया कि पहले टर्म में लोग मुझे समझने की कोशिश करते थे और मैं भी दिल्ली को समझने की कोशिश करता था। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई इंटरव्यूज देते रहे हैं, लेकिन यह उनका पहला पॉडकास्ट इंटरव्यू है। एक दिन पहले ही पॉडकास्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिससे सस्पेंस बढ़ गया था। हालांकि, उन्होंने पीएम मोदी का नाम नहीं बताया था, लेकिन हंसने की आवाज से पीएम मोदी को कई लोगों ने पहचान लिया था। अब गुरुवार को निखिल ने पॉडकास्ट का पहला ट्रेलर लॉन्च किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एचएमपीवी खतरनाक नहीं, लापरवाही से गर्भवती महिला और बच्चे को है खतरा



**नोएडा।** देशभर में अलग-अलग राज्यों से एचएमपीवी वायरस के अब तक कुल 11 मामले सामने आए हैं। एक मामले की पुष्टि गुरुवार को यूपी के लखनऊ में हुई। इसको लेकर अब लोगों में डर पैदा होने लगा है। इस बारे में एक गाइनोकोलॉजिस्ट ने हाल ही में ह्यूमन मेटा-न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को जरूरी सलाह दी है। उन्होंने बताया कि एचएमपीवी के लक्षण आमतौर पर सर्दी-खांसी और बुखार जैसे होते हैं। संक्रमण के लक्षण संक्रमित होने के तीन से पांच दिन में सामने आते हैं। खासकर गर्भवती महिलाएं पांच साल से कम उम्र के बच्चे और छह महीने से छोटे शिशु या जो पहले से किसी बीमारी से ग्रसित हैं उन्हें इस वायरस से बचने और सावधानी बरतने की जरूरत है। गाइनोकोलॉजिस्ट ने बताया कि यह वायरस नया नहीं है और अधिकांश लोग इससे पहले ही संक्रमित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि एचएमपीवी कोरोना वायरस की तरह खतरनाक नहीं है, क्योंकि इससे लोगों के शरीर में पहले से ही इम्युनिटी विकसित हो चुकी है। एम्स द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि करीब 12 फीसदी सामान्य सर्दी के मामले एचएमपीवी से जुड़े होते हैं। हालांकि, यह घातक नहीं है, लेकिन बचाव और सतर्कता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि एचएमपीवी के लक्षण सर्दी, खांसी और हल्के बुखार जैसे होते हैं। यदि किसी को इनमें से कोई भी लक्षण है तो उसे तुरंत जांच करानी चाहिए और जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार अपना नामांकन 17 जनवरी तक दाखिल कर सकते हैं। 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। 05 फरवरी को मतदान और 08 फरवरी को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की नई विधानसभा के सदस्यों का चुनाव करने के लिए चुनाव का आह्वान किया है। अधिसूचना के अनुसार, "जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 15 और उसी धारा की उपधारा (2) में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार उपराज्यपाल ने दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों को विधान सभा के लिए चुनाव कराने का आह्वान किया है। उपराज्यपाल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से उक्त अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों और आदेशों के प्रावधानों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा के लिए सदस्यों का निर्वाचन करने का आह्वान करते हैं। चुनाव आयोग ने 7 जनवरी को दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की थी। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब 17 जनवरी तक दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार अपना नामांकन कर सकते हैं।

## गृह मंत्री शनिवार को ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली में ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य ड्रग तस्करी की बढ़ती समस्या और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके प्रभाव, विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना है। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गृह मंत्री, ड्रग विनष्टीकरण पखवाड़े का शुभारंभ, एनसीबी के भोपाल जोनल यूनिट के नए कार्यालय परिसर का उद्घाटन और मानस-2 हेल्पलाइन के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विस्तार की शुरुआत करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस' पोर्टल से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के साथ रीयल-टाइम जानकारी साझा करने, ड्रग तस्करी के खिलाफ राज्यों की प्रगति और नार्कोटिक्स समन्वय तंत्र (एनसीओआरडी) की प्रभावशीलता पर चर्चा की जाएगी। साथ ही राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एसएफएलएस) की कार्यक्षमता को मजबूत करने और उनकी प्रभावशीलता बढ़ाने, ड्रग तस्करी के खिलाफ प्रयासों को मजबूत करने के लिए निदान डेटाबेस के उपयोग, पाआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन, ड्रग से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष एनडीपीएस अदालतों की स्थापना और ड्रग तस्करी तथा इनके दुरुपयोग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों के बीच संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# राज्य सरकारें तय करें क्रीमीलेयर को आरक्षण से बाहर रखा जाए या नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- **कोर्ट ने कहा यह अधिकार क्षेत्र विधायिका और कार्यपालिका का**



भारत में एससी-एसटी वर्ग को आरक्षण देने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का हाल में दिया गया फैसला महत्वपूर्ण है। अगस्त 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने इस वर्ग के क्रीमीलेयर को आरक्षण के लाभ से बाहर करने की सिफारिश की थी, ताकि आरक्षण का फायदा वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इस फैसले को लागू करने की जिम्मेदारी अब राज्य सरकारों पर डाल दी गई है। कोर्ट ने साफ कर दिया है कि यह फैसला विधायिका और कार्यपालिका का कार्य है, अर्थात् संसद और राज्य सरकारों को यह तय करना होगा कि क्रीमीलेयर को आरक्षण से बाहर रखा जाए या नहीं। मध्य प्रदेश के एक व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसमें उसने राज्य सरकार को आदेश देने का अनुरोध किया था कि वह सरकारी भर्तियों में क्रीमीलेयर को आरक्षण लाभ से बाहर करे। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से मांग की थी कि सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में एससी-एसटी वर्ग के क्रीमीलेयर को आरक्षण लाभ से वंचित किया जाए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दखल देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर जो विचार व्यक्त किए गए थे, वे केवल सुझाव थे, और इसे लागू करने का काम राज्य सरकारों का है। कोर्ट ने कहा कि यदि क्रीमीलेयर को आरक्षण से बाहर किया जाता है तो यह फैसला नीति निर्धारक निकायों द्वारा किया जाएगा, क्योंकि यह एक नीतिगत मुद्दा है। इस मामले में अटॉर्नी जनरल ने तर्क दिया था कि कोर्ट को इस प्रकार के नीतिगत फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। इसके अलावा जब याचिकाकर्ता ने यह तर्क रखा कि नीति निर्धारक खुद क्रीमीलेयर मानदंड के कारण आरक्षण से वंचित हो जाएंगे, तो कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और कहा कि यह विधायिका का काम है।

## वीर गाथा 4.0 प्रतियोगिता में देशभर से 2.31 लाख स्कूलों के 1.76 करोड़ छात्रों ने लिया हिस्सा

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के हिस्से के रूप में रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल 'वीर गाथा 4.0' के चौथे संस्करण को देश भर में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इस वर्ष लगभग 2.31 लाख स्कूलों के लगभग 1.76 करोड़ छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर 100 विजेताओं का चयन किया गया है, जिन्हें कर्तव्य पथ पर विशेष अतिथि के तौर पर गणतंत्र दिवस परेड देखने का मौका मिलेगा । रक्षा मंत्रालय के अनुसार विजेताओं को चार श्रेणियों में बांटकर 25-25 का समूह बनाया गया है। सुपर 100 विजेताओं में पहले वर्ग में कक्षा 3-5, मध्य वर्ग में कक्षा 6-8, माध्यमिक वर्ग में कक्षा 9-10 और माध्यमिक वर्ग में कक्षा 11-12 के 25-25 विजेताओं के नाम घोषित किये गए हैं। प्रोजेक्ट वीर गाथा 4.0 पिछले साल 5 सितंबर को लॉन्च किया गया था, जिसमें निबंध और पैराग्राफ लेखन के लिए कई प्रेरक विषय प्रस्तुत किए गए। छात्रों को अपने चुने हुए रोल मॉडल के बारे में लिखने का अवसर मिला। उन्हें रानी लक्ष्मीबाई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रेरक जीवन, 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी विद्रोह की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

## दिल्ली में पूर्ण बहुमत से बनेगी भारतीय जनता पार्टी की सरकारः जेपी नड्डा



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर चुनाव के मद्देनजर पार्टी की संगठनात्मक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस बैठक में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के चुनाव प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, सह-चुनाव प्रभारी अतुल गर्ग (सांसद), सह प्रभारी डॉ अल्का गुर्जर, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, प्रदेश चुनाव संचालन समिति प्रमुख हर्ष मल्होत्रा (सांसद) एवं सह-प्रमुख मनोज तिवारी (सांसद) भी उपस्थित रहे। नड्डा ने पहले भाजपा की दिल्ली चुनाव संचालन समिति के साथ बैठक की और तत्पश्चात चुनाव प्रबंधन के अलग-अलग विभागों की बैठक की और पार्टी की चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश भाजपा चुनाव संचालन समिति एवं चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों को पार्टी की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का मार्गदर्शन दिया।

# बिहार में आरजेडी नेता समेत देश में 18 ठिकानों पर ईडी का छापा

**एजेंसी। पटना**

- **मामला विकास सहकारी बैंक लिमिटेड में 85 करोड़ के फ्रॉड लोन से जुड़ा**

बिहार में आरजेडी नेता और पूर्व मंत्री आलोक मेहता के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा है। सूत्रों के मुताबिक, लोन फ्रॉड से जुड़े मामले में ईडी ने यह कार्रवाई की है। इस मामले में फर्जी लोन खातों, जाली दस्तावेजों और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए गए हैं। ईडी ने बिहार समेत देश में 18 ठिकानों पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक पटना जोनल ऑफिस की ED टीम ने 85 करोड़ रुपए के लोन फ्रॉड मामले में बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के करीब 18 स्थानों पर छापे मारे हैं। यह कार्रवाई बैंक के तत्कालीन सीईओ, चेयरमैन, अन्य कर्मचारियों और कुछ लाभार्थियों के ठिकानों पर है। यह मामला वैशाली शहरी विकास सहकारी बैंक लिमिटेड में 85 करोड़ रुपए के लोन से जुड़ा है। इस मामले में आरजेडी विधायक आलोक मेहता के यहां ईडी ने छापा मारा। आरोप है करीब 400 फर्जी लोन खातों को खोलकर नकली और जाली वेयरहाउस और एलआईसी रिसीट्स के आधार पर फंड को फर्जी तरीके से बांटा गया है। आलोक मेहता की व्यावसायिक इकाइयों की इस फ्रॉड मामले में संलिप्तता पाई गई है, उनके ठिकानों पर भी तलाशी जारी है।




# लॉस एंजेलिस की आग 5000 इमारतें नष्ट

**एजेंसी। लॉस एंजेलिस**

**50 अरब डॉलर का नुकसान**



अमेरिका के लॉस एंजेलिस के जंगलों में लगी आग लगातार बढ़ती जा रही है। इस आग को कैलिफोर्निया के इतिहास की दूसरी सबसे विनाशकारी आग बताया जा रहा है। आग 2900 एकड़ के दायरे में फैली हुई है और लगातार इसका दायरा बढ़ता जा रहा है। आग से हॉलीवुड में हंगामा मचा है। कमला हैरिस से लेकर पेरिस हिल्टन, जेमी ली कर्टिस, टॉम हैंक्स और मैंडी मूर जैसे सेलिब्रिटीज के घरों पर खतरा मंडरा रहा है। सबसे पहले पैसिफिक पैलिसेड्स के जंगल में लगी आग ने देखते ही देखते छह और जंगलों को अपनी जद में ले लिया था लेकिन अब खबर है कि दो और जंगलों तक ये आग फैल गई है। आग जंगलों तक ही सीमित नहीं है बल्कि बड़े पैमाने पर इससे रिहायशी इलाके तबाह हो गए हैं। अनुमान है कि आग से 50 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। मरने वालों की संख्या भी बढ़कर 7 हो गई है। लॉस एंजेलिस फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, सबसे बड़ी आग पैलिसेड्स जंगल में लगी है। इस आग से 20,000 एकड़ का इलाका जलकर खाक हो गया है। इस जंगल के छह फीसदी हिस्से को बुझा दिया गया है। बाकी जंगलों की आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। फायर ब्रिगेड लगातार पानी की कमी से जूझ रहा है। आग बुझाने के लिए 60 और कंपनियों को मुस्तैद किया गया है। आग से लॉस एंजेलिस को 50 बिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान होने का अनुमान है।आग की वजह से अब तक लगभग दो लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में आग से सुलगते घर, चीखते-चिल्लाते लोग, दहशत में भागते जानवरों को देखा जा सकता है। हर तरफ धुआं ही धुआं देखने को मिल रहा है। अमेरिका के जंगलों में लगी आग ने पूरी दुनिया को सकते में डाल दिया है। रिकॉर्ड संख्या में फायर फाइटर्स और रेस्क्यू टीमें आग बुझाने में लगी है। हेलिकॉप्टरों और विमानों से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है लेकिन ये आग बुझने के बजाए तेजी से फैल रही। इसकी वजह है कि तूफानी हवाओं की वजह से आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। हवाओं के दिशा बदलने से भी आग लगातार अलग-अलग जगहों पर फैल रही है।

## मौसम की मारः यूपी-बिहार में गलन वाली ठंड, दिल्ली में घने कोहरे के चलते घर निकलना मुश्किल


**नई दिल्ली।** पूरा उत्तर भारत ठंड और घने की कोहरे की चपेट में हैं। उप्र और बिहार में गलन वाली ठंड है। यहां घर से बाहर निकलने पर ऐसा लगता है कि हाथ ठंड से गल जाएंगे। वहीं दिल्ली और एनसीआर में घना कोहरा होने के कारण लोगों को घर से न निकलने की चेतावनी दी गई है। राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में तापमान लगभग शून्य डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर में दोपहर में धूप खिलने से लोगों को थोड़ी राहत मिली है। राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली में जनवरी महीने में पहली बार न्यूनतम पारा पांच डिग्री से नीचे आया है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 11 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### रांची एसडीओ और डीएसपी ने बांटे कंबल




**एजेंसी । रांची ।** राजधानी रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार और हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने गुरुवार देर रात हटिया रेलवे स्टेशन, यात्री शेड और आसपास के क्षेत्र में बेघर और जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया। दोनों अधिकारियों ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए घूम-घूम कर कंबल का वितरण किया। अधिकारियों ने सभी बेघर एवं जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए उचित सावधानियां बरतने की सलाह दी। कंबल पाने वाले लोगों ने इस कार्य के लिए अधिकारियों की सराहना की।

### झारखंड से अलकायदा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार



**एजेंसी । रांची ।** अलकायदा के संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी को झारखंड की राजधानी रांची से गिरफ्तार किया गया है। चान्हो के चितरी गांव से शुक्रवार को शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम द्वारा कांड संख्या 301/24 में आरोपित शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। इसकी पुष्टि राज्य के एक वरीय अधिकारी ने की है।

### कोडरमा में अवैध खनन रोकने के लिए छापेमारी, जेसीबी जब्त



**एजेंसी । कोडरमा।** कोडरमा ज़िले के वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन बड़े पैमाने पर जारी है। वन प्रमंडल पदाधिकारी वन्य प्राणी प्रमंडल सूरज कुमार के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने गुरुवार रात छापेमारी कर एक जेसीबी जब्त किया है। कोडरमा क्षेत्र के इंदरवा चितरपुर स्थित लोमचांची जंगल में अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने अवैध खनन में लगे एक जेसीबी मशीन को जब्त किया। छापेमारी के क्रम में अंधेरे का लाभ लेकर चालक फरार हो गया। इस मामले में अवैध खनन को लेकर अवैध उत्खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। रेंजर ने शुक्रवार को बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। जब्त वाहनों को कोडरमा वन विभाग परिसर में जब्त कर रखा गया है। मौके पर वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा माहतो, गोपाल यादव के अलावे हजारीबाग की टीम भी मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि विगत 11 दिसंबर को भी वन विभाग के द्वारा लोमचांची मे छापेमारी करके तीन शक्तिमान और एक जेसीबी को जब्त किया गया था।

### जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पुलिस ने चिपकाये इश्तेहार

**एजेंसी । पलामू।** पलामू जिले की सतबरवा पुलिस ने शुक्रवार को लातेहार जिले में लंबे समय से फरार चल रहे नक्सली संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पर इश्तेहार चिपकाया। घर के अलावा सार्वजनिक जगह पर इश्तेहार लगाकर सभी को न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उपस्थित नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सतबरवा पुलिस ने बालूमाथ थाना के बालू गांव में फरार उग्रवादी लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर इश्तेहार चिपकाया। इसमें बालूमाथ पुलिस ने भी सहयोग किया। घर एवं सार्वजनिक स्थान पर इश्तेहार लगाते हुए पुलिस ने परिजन और आम लोगों से फरार उग्रवादी को जल्द कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया। केस के अनुसंधानकर्ता सतबरवा के थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने शुक्रवार को बताया कि एक सितंबर को सतबरवा थाना में (कांड संख्या 92/23) आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। मामले में लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर पर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्षों से फरार चल है। वहीं दूसरी ओर लातेहार के सदर प्रखंड के कोने गांव में पप्पू लोहरा तथा गोदना गांव में शिव सिंह उर्फ शिव जी के घर भी इश्तेहार चिपकाया गया। इनके खिलाफ भी सतबरवा थाना में मामला दर्ज था। इसी तरह जेजेएमपी के ही शिव सिंह उर्फ शिव जी के घर पर भी इश्तेहार लगाया गया।

### धान अधिप्राप्ति योजना से आच्छादित करने के लिए बेड़ो में आज से कैंप का आयोजन

**संवाददाता बेड़ोः-** कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के आदेशानुसार बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के धान उपार्जित करने वाले किसानों को धान अधिप्राप्ति योजना से आच्छादित करने के लिए 11 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक प्रखंड के पंचायतों में किसानों का निबंधन कैंप का आयोजन किया गया है। जो इस प्रकार है। 11 जनवरी को पंचायत सचिवालय बेड़ो, केशा,पुरियो,हरिहरपुर जामटोली, दिघिया,करांजी,मुरतो व टेरो 13 जनवरी को जरिया, चचकोपी,ईंटा नेहालु कपरिया 15 जनवरी डोरंडा, तुतलो, खुखरा व करकरी में कैंप का आयोजन होगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भाजपा की सदस्यता ली

**एजेंसी । रांची**





राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की पावन भूमि झारखंड राज्य की भूमि पर पुरानी भूमिका में लौटकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मां के आंचल तले वापस आया हूं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है लेकिन संगठन का दास होना गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि आज 10 जनवरी का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां मैं राष्ट्र की राजनीति करने वाले एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 के बाद दूसरी बार सदस्यता ले रहा हूं। रघुवर ने कहा कि 26 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ओडिशा का राज्यपाल बनने से पूर्व मैंने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा सौंपा था। यह मेरे लिए भावुक पल था। आज दूसरी बार सदस्यता लेते हुए मुझे काफी हर्ष हो रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र ,मोदी गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत झारखंड के हमारे प्यारे कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं। रघुवर ने कहा कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पूरी पार्टी ने एकजुट होकर विजय दिलाने के संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत की। इसकी में प्रशंसा करता हूं लेकिन परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे। राजनीतिक जीवन में हार-जीत लगी रहती है। जय-पराजय जीवन का हिस्सा है। हम लोगों ने वह दिन भी देखा है जब 1984 में हमारे दो सांसद थे तब विपक्षी हम दो हमारे दो बोलकर हमारी खिल्ली उड़ाते थे लेकिन जैसा आप सभी को पता है कि भाजपा का जन्म ही हुआ है राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए, ना कि सत्ता सुख भोगने के लिए। रघुवार ने कहा कि झारखंड की जनता ने जो जनादेश दिया है, मैं उसका सम्मान करता हूं। झारखंड की जनता ने गठबंधन की सरकार को राज करने का बहुमत दिया है। इंडी गठबंधन ने चुनाव में जो वादे किए थे, उसी के आधार पर उन्हें जनादेश मिला है। साथ ही जनता ने विपक्ष को भी मजबूती के साथ सरकार पर दबाव बनाने का जनादेश दिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता सरकार से अपील किया कि वह अपने वादे पूरे करें। हम कुछ महीने इंतजार करेंगे कि गठबंधन सरकार जनता से किये अपने वादों को पूरा करें। अन्यथा भाजपा जनहित के मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक सरकार को वादे पूरा करने के लिए मजबूर करेंगे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से पहले रघुवर दास ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं भी इस महायज्ञ में ना योगदान देने के लिए तैयार हूं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद और रांची विधायक सीपी सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने निकाला बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च

**एजेंसी । खूंटी**




खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के जरिये शुक्रवार को तोरपा में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा और तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया। सम्मान मार्च में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदेश के सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। रैली एनएचपीसी गेट से शुरू होकर मेन रोड होते हुए कोटेंगसेरा स्थित पेट्रोल पंप के जाकर सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जरिये संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किये जाने के विरोध में मार्च निकाला गया है। कांग्रेस किसी भी हाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दास्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करती है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर के अपमान के विरोध में पूरे देश में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीन से 26 जनवरी तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार का मार्च निकाला जा रहा है। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और झारखंड के सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को अपमानित करना भाजपा की फितरत है। उन्होंने कहा कि इस देश की अस्मिता और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस के जरिये यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सम्मान मार्च में कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान, कांग्रेस के प्रभारी अमरेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, अदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विल्सन टोपनो सहित अन्य शामिल थे।

## मकर संक्रांति में होगा खुखरा में गंगा महाआरती, तैयारी जोरो सोरो से

**राइजिंग यूथ के सदस्यों ने इस महाआरती में श्रद्धालुओं को शामिल होने का आग्रह किया**



**संवाददाता बेड़ोः-** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर राइजिंग यूथ खुखरा के तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष आगामी 15 जनवरी दिन बुधवार को प्रखंड के ऐतिहासिक खुखरा गांव स्थित बेर तालाब में भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया है। जहां गांव के देवी मंडप से शोभायात्रा मां गंगा पूजन व भव्य आरती का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर राइजिंग यूथ के सदस्य बेर तालाब के तट की साफ-सफाई कर समूचे तट आकर्षण रंग रोगन कर सजाने की तैयारी की जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक सदानंद गोस्वामी ने बताया कि 15 जनवरी की शाम को होने वाली गंगा आरती को लेकर जोर शोर तैयारी की जा रही है जो अब पूर्णता की ओर हैं ।आयोजन भव्य व आकर्षण हो इसके लिए पूरे तालाब परिसर की साफ सफाई के साथ रंगीन रोशनी व फूलों से तलाब परिसर को सजाने का काम किया जाएगा।जगमगाती रौशनी में मां गंगा की आरती यहा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। आयोजन में भव्य व आकर्षण हो इसके लिए गांव के युवाओं द्वारा सराहनीय पहल की गई है।कार्यक्रम में 4:00 से शोभायात्रा का आयोजन प्रारंभ होगा संध्या 6:00 बजे वाराणसी के ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां गंगा की भव्य आरती की जाएगी जिसके बाद प्रसाद वितरण होगा। राइजिंग यूथ सदस्यों ने इस महाआरती में शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदानंद, परमेश्वर,विकास,सूरज, परशुराम, छोटेलाल, विशाल, कैलाश,अमित,पवन,सत्यम,राजेश,विरंची,जीतराम,सोनू,भारत सहित पूरे गांव के लोग लगे हुए है।

## पंचायत भवन में तैनात होंगे रात्रि प्रहरी, 39 ज्ञान केंद्र का हुआ उद्घाटन





**एजेंसी । रामगढ़**

रामगढ़ जिला पंचायती राज कार्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों को लेकर शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायतीराज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से पंचायती राज कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों, संचालित योजनाओं आदि की जानकारी उपायुक्त, उपविकास आयुक्त सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों को दी गई। पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्थित पंचायत भवनों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों में वर्तमान में रात्रि प्रहरी की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन 3 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्राप्त राशि के व्यय हेतु योजना बनाते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पंचायत ज्ञान केंद्र की समीक्षा के क्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की पूर्व से चिन्हित 47 पंचायत में 39 पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन 10 जनवरी 2025 को किया जा रहा है। जिस पर उपायुक्त ने शेष पंचायतों में भी जल्द से जल्द पंचायत ज्ञान केंद्र शुरू करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने जिले वासियों को पंचायत ज्ञान केंद्र के सफल संचालन के लिए पुरानी किताबें दान कर अथवा किसी अन्य माध्यम से सहयोग करने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। डिजिटल पंचायत योजना के अंतर्गत हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पंचायत भवनों के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित निर्गत किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों को लेकर डिजिटल पंचायत योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 15 वे वित्त आयोग के तहत हो रहे कार्यों के संबंध में उपायुक्त ने टाइड एवं अनटाइड फंड के तहत ली गई योजनाओं एवं उनके तहत पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## राज्यपाल से पूर्व सांसद और लेफ्टिनेंट जनरल ने की मुलाकात



**एजेंसी । रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से पूर्व सांसद रवीन्द्र कुमार राय ने शुक्रवार को राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राय ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनायें दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनायें दीं। इसके अलावा राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान तिवारी ने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनायें दीं। राज्यपाल ने भी उन्हें नूतन वर्ष की शुभकामनायें दीं।

## चुट्टूपालू घाटी में एलपीजी गैस का टैंकर पलटा, जाम हुआ एनएच 33

**एजेंसी । रामगढ़**



रामगढ़ जिले के चुट्टूपालू घाटी में शुक्रवार को एलपीजी गैस का टैंकर पलट गया। इस हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पूरी तरीके से जाम हो गया है। गड़के मोड़ के पास एलपीजी गैस से लदा एक टैंकर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया, जिससे रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 का घाटी इलाका पूरी तरह जाम हो गया। एलपीजी गैस टैंकर पारादीप से काठमांडू जा रहा था।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची रामगढ़ पुलिस ने हाइड्रा और क्रेन के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाकर एलपीजी गैस से भरे टैंकर को उठाने का प्रयास कर रही है। एलपीजी गैस टैंकर से कोई गैस लीक नहीं हुई और किसी तरह की कोई हानि नहीं हुई। गैस कंटेनर के चालक मो. शमशेर आलम ने बताया कि घाटी के ऊपर रुककर उसने चाय पी और फिर उसने टैंक को बाहर निकाला। घाटी में उसने देखा कि आगे एक ट्रेलर खराब हो गया है, उसने जैसे ही गाड़ी से पास लिया पीछे से रेलवे स्लैब लदे एक खुले ट्रेलर ने उसे साइड से जोरदार टक्कर मार दी और हजारीबाग की ओर भाग गया। इस टक्कर से वह अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराया और सड़क के बीचोंबीच पलट गया। टैंकर में ज्वलनशील पदार्थ एलपीजी गैस थी और उसे नेपाल के काठमांडू ले जाया जा रहा था। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि घाटी क्षेत्र में एलपीजी गैस टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद क्रेन हाइड्रा और फायर ब्रिगेड को बुलाकर टैंकर को उठाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटना के कारण घाटी पूरी तरह से जाम हो गया है। किसी तरह वन वे को चालू किया जा रहा है। घटना की जानकारी वरीय अधिकारी को दे दी गई है। जल्द ही गैस टैंकर को उठाकर यातायात सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा।



संक्षिप्त समाचार

## भू-माफियाओं की खैर नहीं, उपायुक्त ने चास के एसडीओ और सीओ को परिसर सील करने का निर्देश

### चास अंचल अंतर्गत मौजा नारायणपुर का मामला

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने बिहार भूमि सुधार अधिनियम की धारा 4(h) के तहत वाद संख्या-39/2023-24 और अतिक्रमण वाद संख्या-04/2024-25 के निष्पादन तक चास अंचल अंतर्गत मौजा नारायणपुर, खाता संख्या-317, प्लॉट संख्या-3589 को सील करने का आदेश दिया है।

इस आदेश से भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) और अंचलाधिकारी (सीओ) चास को निर्देश दिया है कि वह उक्त परिसर पर यथास्थिति बनाए रखते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**क्या है मामला?**- चास अंचल अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार, मौजा नारायणपुर के खाता संख्या-317, प्लॉट संख्या-3589 पर 2.30 एकड़ भूमि पर श्री उमेश जैन द्वारा अवैध निर्माण किया गया है। यह भूमि गैरमजरूआ खास किस्म की जंगल-झाड़ी भूमि है, जिसमें पक्का बाउंड्री, मकान, गोदाम, और गार्डन बनाए गए हैं।

**वन विभाग और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण**- प्रतिवेदन के अनुसार, उक्त भूमि का आंशिक भाग वन विभाग के अधीन है, जबकि शेष भूमि बिहार सरकार की है। इस भूमि पर श्री जैन द्वारा किए गए निर्माण को संदेहास्पद मानते हुए अतिक्रमण वाद और भूमि सुधार अधिनियम के तहत कार्रवाई चल रही है।

**कानूनी प्रक्रिया और FIR**- चास अंचलाधिकारी ने इस मामले में पिंड्राजोरा थाने में कांड संख्या-06/25 दर्ज कराया है। वादी को भूमि से संबंधित राजस्व दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का नोटिस जारी किया गया है।

**उपायुक्त का सख्त रुख**- उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि भू-माफियाओं को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने एसडीओ और सीओ को निर्देश दिया है कि परिसर को तुरंत सील करते हुए कार्रवाई की रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजी जाए।

**भू-माफियाओं में हड़कंप**- उपायुक्त के इस सख्त कदम से भू-माफियाओं में खलबली मच गई है। जिला प्रशासन ने संकेत दिया है कि ऐसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## डीएफओ ने चास वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी को आरामिल सील करने का निर्देश

### उकरीद मोड़ स्थित मे0 मोहन टिम्बर आरामिल का मामला

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** शुक्रवार को जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) बोकारो श्री रजनीश कुमार ने पत्र जारी कर चास वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्र पदाधिकारी को उकरीद मोड़ स्थित मे० मोहन टिम्बर आरामिल को बंद करने का निर्देश दिया है। यह आदेश बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) के अनुरोध पर दिया गया है।

डीएफओ ने स्पष्ट किया है कि जब तक स्थानांतरण आदेश की प्रति प्राप्त नहीं होती या सक्षम न्यायालय द्वारा कोई विपरीत आदेश पारित नहीं किया जाता, तब तक इस आरामिल का संचालन बंद रहेगा।


**सीलिंग और रिपोर्टिंग का निर्देश**- वन क्षेत्र पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि आरामिल को सील करने की प्रक्रिया पूरी करें और इसका अंतिम स्टॉक फोटोग्राफ के साथ प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करें। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि अगले आदेश तक आरामिल का संचालन किसी भी स्थिति में न हो।

**जवाबदेही की चेतावनी**- डीएफओ ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि आरामिल का संचालन जारी रहता है, तो इसकी पूरी जवाबदेही वन क्षेत्र पदाधिकारी, चास वन प्रक्षेत्र की होगी।

यह कदम क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और वन संरक्षण नियमों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

## रोटरी करेगा दिल में छेद वाले बच्चों का निःशुल्क इलाज

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने बताया कि चास रोटरी की ओर से दिल में छेद वाले बच्चों का निःशुल्क इलाज करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रांची स्थित राज हॉस्पिटल में प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को 1:00 बजे से 4:00 बजे तक डॉ राजेश झा द्वारा मरीज की स्क्रीनिंग की जाएगी। 4 मार्च को अंतिम मेगा स्क्रीनिंग कोच्चि के अमृता अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा की जाएगी।



बैद ने बताया यह सुविधा केवल बीपीएल कार्ड एवं पीला कार्ड धारक को ही मिलेगी। कोच्चि आने-जाने का खर्चा मरीज को वहन करना पड़ेगा, लेकिन ऑपरेशन पूर्णतः निशुल्क होगा। यदि मरीज चाहें तो अपने डॉक्टर के माध्यम से भी फोन पर संपर्क कर सकते हैं। मरीज और अधिक जानकारी के लिए मुकेश तनेजा से 9431115673 पर संपर्क कर सकते हैं।

# हिंदी संपर्क की सर्वोत्तम भाषाः विजया नंद शर्मा







### डीवीसी चंद्रपुरा में विश्व हिंदी दिवस समारोह सफलतापूर्वक संपन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा के तेजस भवन में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस समारोह का आयोजन डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन और राजभाषा कार्यान्वयन उप समिति द्वारा किया गया।

समारोह में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नंद शर्मा ने हिंदी को संपर्क की सर्वोत्तम और सरल भाषा बताते हुए कहा कि यह विश्व स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण पहचान बना चुकी है। उन्होंने कहा कि हिंदी का इतिहास समृद्ध है, और यह हमारे जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है। श्री शर्मा ने डीवीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों से हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की।

वरिष्ठ महाप्रबंधक मानव संसाधन डीसी पांडेय ने कहा कि हिंदी हम सभी को गौरवान्वित करने वाली भाषा है। इसे राजभाषा से राष्ट्रभाषा बनाने का दायित्व हम सभी का है। इसी क्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने हिंदी की व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए इसे अधिकांश भाषाओं की जननी बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा का वैज्ञानिक आधार है और यह अभिव्यक्ति को सरल बनाती है।

वरिष्ठ महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) अभिजीत घोष ने हिंदी के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हिंदी का उपयोग हमें गर्व की अनुभूति कराता है। प्रशिक्षक राजश्री सिंह और दीनानाथ शर्मा ने भी हिंदी की प्रासंगिकता और इसके उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हिंदी को किसी अन्य भाषा से कोई खतरा नहीं है, और यह भाषा हमारे अस्तित्व का निर्धारण करती है।

कार्यक्रम में अनिमेष गिरी ने "मोबाइल फोनः वरदान या अभिशाप" पर कविता पाठ किया। समारोह में ललन प्रसाद गुप्ता, संजीव कुमार, राजीव रंजन, राजीव रंजन ओझा, हरि मुकुंद प्रजापति, मोहम्मद इम्तियाज, परविंद कुमार, अभिमन्यु कुमार सिंह, राजकुमार चौधरी, अभिनंदन कुमार, कार्तिक कुमार महतो, ध्रुव कुमार, राजीव रंजन कुमार, शैलेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, नमिता बसु, अजय कुमार, रामजी रजक, लक्ष्मी नारायण साहू, शंभू शरण, सुजीत कुमार, महेंद्र साव, राजेश्वर प्रसाद सिंह, सुमन कुमार, बसंत कुमार महापात्रा, ठाकुर प्रसाद, दिलीप प्रमाणिक, शैल कुमार सिंह, विजेंद्र हांसदा, निशा कुमारी, अक्षय कुमार, अवधेश सिंह शेखावत, मोहन सिंह, महेंद्र सिंह, सुजीत कुमार ठाकुर, संजीव कुमार आदि डीवीसी के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। हिंदी अधिकारी रवि कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

यह आयोजन हिंदी के प्रचार-प्रसार और इसके महत्व को रेखांकित करने में सफल रहा।

## दिनदहाड़े अपार्टमेंट में चोरी, लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** चीरा चास स्थित एक अपार्टमेंट में दिनदहाड़े हुई चोरी ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। यह घटना फ्लैट नंबर G-01 की है, जिसके मालिक कमलेश कुमार सिंह सुबह अपने परिवार के साथ पूजा के लिए रजरप्पा मंदिर गए थे। दोपहर करीब 2:30 बजे लौटने पर उन्होंने पाया कि फ्लैट का मुख्य दरवाजा और सेफ्टी ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के लॉकर भी तोड़े जा चुके थे।



कमलेश कुमार सिंह, जो एक कोचिंग संस्था के संचालक हैं, ने बताया कि चोरी में लगभग 12-15 लाख रुपये के जेवरात और 30,000 रुपये नगद गायब हो गए। चोरों ने दोनों कमरों में रखी अलमारियों के लॉकर तोड़कर कीमती सामान और नकदी चुरा ली। घटना की सूचना मिलने पर कमलेश ने 100 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया और चीरा चास थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता से फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से कई अहम सुराग जुटाए हैं। पुलिस अब चोरी की गुत्थी सुलझाने और दोषियों को पकड़ने के लिए विभिन्न पहलुओं पर काम कर रही है।

इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता की मांग की है। पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने का अनुरोध किया है।

## कसमार प्रखंड मुख्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर कर्मियों ने ली शपथ



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** कसमार प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ ग्रहण सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान कसमार बीडीओ नम्रता जोशी व अन्य कई विभागों से जुड़े कर्मियों ने शपथ ली. शपथ के दौरान सड़क सुरक्षा के लिए झारखंड सरकार के परिवहन विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस का अनुपालन करने, बगैर हेलमेट के दोपहिया वाहन नहीं चलाने, सड़क में तेज गति से वाहन नहीं चलाने, ट्रिपल लोड न चलने, वाहन चलाते वक्त मोबाइल से बात न करने, चार पहिया वाहन चलाते वक्त हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करने, बाइक में दोनों सवार को हेलमेट व जूते पहनने व बगैर ड्राइविंग लाइसेंस के भी बाइक न चलाने की शपथ दिलाई गई. इस दौरान सभी कर्मियों ने यह भी शपथ ली, कि कोई भी कर्मी अपने घर के नाबालिग बच्चे को बाइक चलाने के लिए नहीं देंगे. जब बच्चे बालिग हो जाएंगे तो ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के बाद ही उसे बाइक चलाने देंगे. इस दौरान सभी कर्मियों ने शपथ ली कि इस अभियान का अपने घर, गांव व आसपास सभी जगह प्रचार प्रसार करेंगे, ताकि सड़क सुरक्षा को लेकर आम लोगों में जागरूकता हो. मौके पर पोंडा पंचायत के मुखिया हारू रजवार, पंसस रवि कुमार, अजित मसीह, जमील अहमद समेत अन्य दर्जनों लोग मौजूद थे.

# परिश्रम और संघर्ष ही कामयाबी का एकमात्र विकल्प : राजीव

- डीपीएस बोकारो में अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित
- 10 स्कूलों की 17 टीमों ने दिखाए दमखम, एमजीएम और एसएपीएस की टीमें बनीं चैंपियन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** खेल हमें संघर्ष, अनुशासन और टीम के साथ मिलकर काम करने की कला सिखाता है। हमारे पूरे जीवन में ये बातें बेहद जरूरी हैं। बिना संघर्ष के सफलता असंभव है। इसलिए, मेहनत से कभी न घबराएं। जितना पसीना बहाएंगे, उतनी ही कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ सकेंगे। उक्त बातें बोकारो से निकले भारतीय बास्केटबॉल टीम के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं वायुसेना अधिकारी राजीव कुमार ने शुक्रवार को डीपीएस बोकारो की मेजबानी में डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कहीं। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं।





अंडर- 19 आयुवर्ग की इस प्रतियोगिता में सहोदया-संबद्ध 10 विभिन्न विद्यालयों की 17 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में 10 एवं बालिकाओं में 7 स्कूलों की टीमें शामिल हुईं और 200 से अधिक खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल कोर्ट में जमकर अपने दमखम दिखाए। कुल 15 मैच खेले गए। बालिका वर्ग में श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल (एसएपीएस) ने खिताबी जीत दर्ज की। डीपीएस बोकारो एवं जीजीपीएस-5 की टीम संयुक्त रूप से दूसरे तथा एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। वहीं, बालक वर्ग में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम प्रथम, डीपीएस बोकारो एवं श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल संयुक्त रूप से द्वितीय तथा जीजीपीएस-5 की टीम तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र निखिल राज तथा बालिकाओं में एसएपीएस की सेजल सिंह को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार मिला। विजेता एवं उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि राजीव सहित डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं सहोदया के अध्यक्ष डॉ. ए. एस. गंगवार, सहोदया के उपाध्यक्ष एवं जीजीपीएस सेक्टर- 5 के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती तथा सहोदया के महासचिव एवं एआरएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पात्रा ने पुरस्कृत किया। मेजबान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. गंगवार ने प्रतियोगिता का समापन की औपचारिक घोषणा की।

इसके पूर्व, प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में डीपीएस बोकारो की छात्राओं ने स्वागत गान व विद्यालय गीत की सुरीली प्रस्तुति की। प्रतिभागी सभी टीमों ने बैंड-ध्वनि के बीच मार्च-पास्ट पेश किया। मेजबान विद्यालय के बच्चों ने जुम्बा डांस, एरोबिक्स के साथ बास्केटबॉल के करतबों वाला मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। तदुपरांत प्रतिभागियों ने टीम-भावना से खेलने की शपथ ली। उद्घाटन समारोह में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य फादर डॉ. जोशी वर्गीस भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता सफल बनाने वाले तकनीकी पदाधिकारियों में टेक्निकल हेड संजीव कुमार सहित विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, निखिल ओझा, विनोद कुमार, सौरव कुमार, किंकर कृष्णा, कौशल कुमार, अमर कुमार, मनोज दुबे, नीरज कुमार, मुदस्सिर खान, कुणाल एवं प्रत्यूष सिंह शामिल थे। डीपीएस बोकारो के क्रीड़ा विभाग के सभी शिक्षकों ने भी सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी अतिथियों एवं तकनीकी पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## सीबीआई की दबिश के बाद बोकारो में अवैध कब्जे वाले आवासों को खाली कराने का अभियान तेज

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** सम्पदा न्यायालय, बोकारो ने लगातार दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रखते हुए बोकारो इस्पात नगर में बीएसएल के अनधिकृत कब्जे वाले दस आवासों को मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और बीएसएल सुरक्षा विभाग की टीम की उपस्थिति में खाली कराया। इस अभियान के तहत दूसरे दिन नगर के सेक्टर- 8 में 08ए/ई/1418, 08बी/ई/1048, 08बी/ई/1348, 08बी/ई/2486, 08सी/ई/1011, 08सी/ई/1386, 08सी/ई/2616, 08सी/ई/2643, 08सी/ई/2645 तथा



08सी/डी/3081 नम्बर के आवास खाली कराए गए। बोकारो इस्पात प्रबंधन ने उक्त आवासों को अतिक्रमण-मुक्त कराये जाने की पुष्टि की है। इसके पहले गुरुवार को बीएसएल प्रबंधन ने नगर के सेक्टर-2 और सेक्टर-3 में आठ अतिक्रमित आवासों को खाली करवाया था। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बोकारो इस्पात प्रबंधन ने नगर के विभिन्न सेक्टरों के आवासों की मैपिंग करवाई थी, जिसमें शहर के विभिन्न सेक्टरों में तीन हजार से अधिक आवासों पर अवैध कब्जा किया जाने का खुलासा हुआ था। इसके बाद इसी हफ्ते सीबीआई की टीम ने बोकारो स्टील प्लांट के नगर सेवा विभाग में दबिश देते हुए वहां के अधिकारियों से पूछताछ की थी। इसके तत्काल बाद शहर में अवैध कब्जे वाले आवासों को खाली कराने का अभियान एक बार पुनः तेज कर दिया गया है।

## वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर ने 2024 एसएससी जीडी परीक्षा में छात्रों की उपलब्धियों का मनाया जश्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर के छात्रों ने 2024 एसएससी जीडी परीक्षा में अच्छी उपलब्धियां हासिल कर कंपनी के प्रयास को सार्थक बनाया है। इस उपलब्धि पर कंपनी द्वारा संचालित वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर में जश्न मनाया गया। दरअसल, वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर, ईएसएल की सीएसआर शिक्षा परियोजना प्रेरणा के तहत एक पहल है, जिसने ग्रामीण झारखंड में वंचित युवाओं पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है। बिजुलिया (चास) में जून 2021 में अपनी स्थापना के बाद से केंद्र ने छात्रों को सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए लक्षित मार्गदर्शन और संरचित शिक्षा के साथ सशक्त बनाया है। 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि के तहत एक्सेल-30 सेंटर के तीन छात्रों ने प्रतिष्ठित एसएससी जीडी




(कर्मचारी चयन आयोग सामान्य ड्यूटी) परीक्षा उत्तीर्ण की है। ये युवा उपलब्धि प्राप्त करने वाले 20 जनवरी, 2025 को अपनी सरकारी सेवा शुरू करेंगे।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा, हमें इन तीन छात्रों की उपलब्धियों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है, जिनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें सफलता दिलाई है। उनके परिवारों के साथ वेदांता ईएसएल इस गर्व को साझा करता है, क्योंकि ये छात्र एक उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वेदांता ईएसएल में हम ग्रामीण युवाओं को ऐसे अवसर प्रदान कर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो न केवल उनके जीवन को बदलते हैं, बल्कि पूरे समुदाय का उत्थान भी करते हैं।

**एक्सेल-30 सेंटर की प्रमुख उपलब्धियां**- दरअसल, अपनी शुरुआत के बाद से वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर ने अपने व्यापक शैक्षिक कार्यक्रम के माध्यम से 70 छात्रों को लाभान्वित कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इनमें से 65 छात्र सरकारी परीक्षाओं में शामिल हुए, जिनमें से 22 ने लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इनमें से 8 छात्रों ने सरकारी नौकरी हासिल की, जिसमें एसएससी जीडी में 7 और अग्निवीर नेवी में 1 प्लेसमेंट शामिल है। इसके अलावा, 9 छात्रों ने पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों के लिए अहर्ता प्राप्त कर अपने करियर की संभावनाओं को व्यापक बनाया है।

**मेंटरशिप की महत्वपूर्ण भूमिका**- कार्यक्रम की सफलता का श्रेय काफी हद तक इसके शिक्षकों के समर्पित प्रयासों को दिया जाता है, जिनमें रवि कुमार (गणित), मुकेश कुमार (सामान्य ज्ञान और रीजनिंग) और अजय कुमार चौधरी (अंग्रेजी) शामिल हैं। छात्रों की प्रगति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता इन उल्लेखनीय परिणामों को प्राप्त करने में सहायक रही है।

## संक्षिप्त समाचार

# आखिरी मौका: 15 मार्च तक चास शहरी क्षेत्र फेज-2 की पेयजलापूर्ति योजना शुरू करें एजेंसी – उपायुक्त

### निगम आयोजित करें विशेष शिविर, मुफ्त मिलेगा वाटर मीटर

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो:** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने नगर निगम चास और जुडको के अधिकारियों को 15 मार्च तक चास शहरी क्षेत्र फेज-2 की पेयजलापूर्ति योजना शुरू करने का अंतिम निर्देश दिया। उपायुक्त ने एजेंसी को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में विधायक बोकारो श्रीमती श्वेता सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री संजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता निगम, सहायक नगर आयुक्त, सहायक अभियंता, और जुडको के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**शहरवासियों के लिए निःशुल्क वाटर मीटर-** बैठक में उपायुक्त ने नगर निगम को निर्देश दिया कि विशेष शिविर आयोजित कर शहरवासियों को पेयजलापूर्ति के लिए वाटर मीटर लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि निःशुल्क वाटर मीटर उपलब्ध कराए जाएंगे और लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया जाए।

**चास की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का निर्देश-** उपायुक्त ने चास नगर की व्यवस्था सुधारने पर जोर दिया। उन्होंने नगर निगम को नियमित अभियान चलाकर सड़कों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। साथ ही, सफाई व्यवस्था, सड़क सुधार और जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

**पेयजलापूर्ति योजना में देरी पर नाराजगी-** उपायुक्त ने जुडको और निगम के अधिकारियों से पेयजलापूर्ति योजना की प्रगति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की देरी से शहरवासियों को असुविधा हो रही है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

**विधायक ने दिया समर्थन-** बैठक में विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने नगर निगम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि पेयजलापूर्ति योजना शहर के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

**आगे की कार्रवाई-** उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूरे किए जाएं। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों ने योजना को समय पर पूरा करने का भरोसा दिलाया।

# बेरमो के उप प्रमुख विनोद कुमार साहू का रांची में निधन

**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल गोविंदपुर डी पंचायत के पंसस सह बेरमो प्रखंड के उप प्रमुख 48 वर्षीय विनोद कुमार साहू का शुक्रवार को रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान सुबह साढ़े छह बजे निधन हो गया। मृतक का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक निवास पर किया जाएगा। मंगलवार को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले डीवीसी के स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां से बेहतर इलाज के लिए रात्रि में रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया था। हार्ट, हाई डायबिटीज, प्रेशर सहित कई बीमारियों से ग्रसित थे। उप प्रमुख के निधन से बोकारो थर्मल सहित बेरमो में मातम पसर गया है। वे मूल रूप से बिहार के गया जिला के गुरूवा के रहने वाले थे। वे अपने पीछे वृद्ध मां गीता देवी, पत्नी प्रिया देवी, एक पुत्र ईशांत कुमार तथा दो पुत्री आस्था कुमारी, ईशा कुमारी को छोड़ गए हैं। पुत्र फरवरी से होने वाली सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में शामिल होगा। सभी बच्चे डीएवी स्वांग के विद्यार्थी हैं। रांची से पूर्वाहन लगभग 11 बजे उनका शव बोकारो थर्मल स्थित घर लाया गया। अंतिम दर्शन के लिए शव रखा गया तथा बाद में गोविंदपुर डी पंचायत सचिवालय में शव को रखकर एक शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद बिहार के गया स्थित गुरूवा के लिए पार्थिव शरीर को रवाना किया गया। मृतक के शव को कांग्रेस पार्टी का झंडा ओढ़ाकर उन्हें सम्मान दिया गया। बेरमो के एसडीपीओ बीएन सिंह, बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत कुमार और थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने उप प्रमुख को अंतिम विदाई दी।

## आदिवासियों ने धूमधाम से मनाया सोहराय पर्व



**राष्ट्रीय मुख्यधारा: बोकारो :** नये अन्न और पशुओं की पूजा करते हुए जरीडीह प्रखंड की खुटरी पंचायत में आदिवासियों ने सोहराय पर्व धूमधाम के साथ मनाया। पारण के दिन खाने पीने के बाद ढोल नगाड़ों और मांदर के थाप पर जमकर नाचने के बाद त्यौहार को अगले साल फिर आने का निमंत्रण दिया गया। मुखिया लीलावती देवी और झामुमो नेत्री अम्बिका देवी ने बताया कि सोहराय शांति से सम्पन्न हुआ। दोस्त, रिश्तेदार सबों के साथ अपनी खुशी साझा करने का मौका मिला। तुपकाडीह के पूरब चास प्रखंड के कनारी पंचायत और उत्तर विस्थापित क्षेत्र के कुंडौरी, खास कनारी, शिबूटांड़, मोहनपुर आदि गांवों में तीन दिवसीय त्यौहार का शुभारंभ शुक्रवार को हो गया है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर डीडीसी ने दिलाई शपथ

## जिला स्तरीय और पुलिस पदाधिकारियों ने सड़क सुरक्षा का लिया संकल्प

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो:** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्री गिरजा शंकर प्रसाद ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई।

इस अवसर पर चास अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती वंदना शेजवलकर, सामान्य शाखा प्रभारी श्रीमती शालिनी खालखो, डीसीएलआर श्री प्रभाष दत्ता, मुख्यालय डीएसपी श्री अनिमेष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती एन.एस. कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री पियूष, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, सीआरपीएफ के प्रतिनिधि, सर्जेंट मेजर, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधिगण और सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य उपस्थित थे।



**डीडीसी का संबोधन-** उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा का पालन करना न केवल अपने लिए बल्कि अपने परिवार की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

**सड़क सुरक्षा शपथ के मुख्य बिंदु-** डीडीसी ने शपथ दिलाते हुए कहा कि सभी को एक जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने निम्नलिखित संकल्प दिलवाए:

सभी यातायात नियमों का पालन करेंगे और सड़क पर बाईं ओर सावधानीपूर्वक चलेंगे। कभी भी दौड़कर सड़क पार नहीं करेंगे और अधिकृत ड्राइविंग उम्र होने पर ही वाहन चलाएंगे। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाएंगे। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएंगे।

वाहन की गति नियंत्रित रखेंगे और खतरनाक ढंग से वाहन नहीं चलाएंगे। नशा कर वाहन चलाने से परहेज करेंगे और आपातकालीन सेवा वाहनों को प्राथमिकता देंगे। सड़क पर अन्य लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखेंगे और जरूरतमंदों की मदद करेंगे। सभी को प्रेरित करेंगे कि वे भी यातायात नियमों का पालन करें।

**प्रखंड स्तर पर आयोजन-** प्रखंडों में भी संबंधित बीडीओ और सीओ के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई।

यह आयोजन सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने और जिले में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## डीवीसी बोकारो थर्मल में मनाया गया सड़क सुरक्षा दिवस



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट के मुख्य द्वार पर शुक्रवार को सड़क सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर प्रबंधन की ओर से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया, वरीय जीएम एफजीडी एसएन प्रसाद एवं डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर सहित अन्य अभियंता, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। एफजीडी के वरीय जीएम ने शपथ पत्र पढ़ते हुए सभी को शपथ दिलायी। डीजीएम प्रशासन ने रोड सेफ्टी के बारे में कर्मियों को विस्तार से बताया। डीवीसी के संरक्षा अधिकारी एके चौबे ने भी कर्मियों को रोड सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। एचओपी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उपस्थित सभी कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कर्मी उपस्थित थे, जिसमें मुख्य रूप से एओ एसके ओझा, सदन सिंह, संजय राय, आबिद अंसारी, केरल टुडू, निशा कुमारी, धुर्वा मांझी, अनिल सिंह, मो. फरीद, मनोज सिंह, राजेश सिंह, रवि गोस्वामी थे। कार्यक्रम के आयोजन में मानव संसाधन विभाग के उपनिदेशक एसए अशरफ, अनुराग सिन्हा और शाहिद इकराम का विशेष योगदान रहा।

## स्वदेशी के बिना स्वावलंबी राष्ट्र की परिकल्पना बेकार : अजय चौधरी



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** स्वदेशी मेला केवल मेला नहीं, वरन एक आंदोलन है, राष्ट्र को स्वावलंबन बनाने का सशक्त मार्ग है स्वदेशी। उक्त बातें स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी दीपक ने यहां सेक्टर चार स्थित मजदूर मैदान में चल रहे इस्पातांचल स्वदेशी मेला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के रास्ते पर चलकर ही हम राष्ट्र को स्वावलंबन के मार्ग पर अग्रसर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को आर्थिक रूप से सशक्त करने में स्वदेशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके बिना आर्थिक और स्वावलंबी राष्ट्र की परिकल्पना बेकार है। इसके पूर्व चिन्मया विद्यालय के छात्र-छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक कलात्मक और रचनात्मक प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इसके उपरांत बोकारो संगीत कला अकादमी की टीम द्वारा गीत एवं संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि 10 दिवसीय इस्पातांचल स्वदेशी मेला घूमने आए दर्शकों के लिए यहां प्रत्येक दिन तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ताकि नगरवासी खरीदारी के साथ गीत संगीत का भी लुफ्त उठा सकें। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा, मेला संयोजक बृजेश कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश, ददन प्रसाद, सुरेश कुमार सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, कुमार संजय, विवेकानंद झा, राकेश रंजन, अनुजा सिंह, मनोरमा चौधरी, पूनम सिन्हा, नूतन वर्मा, राधा सिंह, आशा सिन्हा, रीता सिन्हा सहित अन्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## आदिवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : श्वेता सिंह

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बोकारो के बेधनाडीह ग्राम में सोहराय पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्रीमती श्वेता सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए यह पर्व आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। दिशोम सोहराय पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। यह प्रकृति एवं पशु-पक्षियों के प्रति श्रद्धा एवं देवी-देवताओं के प्रति विश्वास का पर्व है। सोहराय पर्व फसल काटने के बाद पूस माह में 9 जनवरी से 14 जनवरी तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रत्येक संथाल आदिवासी परिवार अपने संबंधियों को आमंत्रित करते हैं। खासकर, यह पर्व भाई बहन के पवित्र रिश्ता को भी समेटता है। छह दिनों तक चलने वाले इस पर्व में आदिवासी लोग न केवल अपने देवी देवताओं एवं इष्ट देव की पूजा करते हैं, अपितु गाय, भैंस, बैल की भी पूजा करते हैं।



श्रीमती सिंह ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है। आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है। इस भौतिकवादी युग में जल, जंगल और जमीन से छेड़छाड़ हो रहा है। आदिवासी समाज ने हमेशा से जल-जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। इसलिए जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि, आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है।राज्य सरकार द्वारा आदिवासी योजना के तहत जनजातियों के आर्थिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी कार्य हुए हैं। कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की गई हैं। यहां के जनजातियों का एकीकृत ढंग से विकास करना, जनजातियों को सुरक्षा देना एवं जनजातियों को शोषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर गणेश मांझी, खेदन मांझी, अशोक मांझी, विनोद मांझी, नारायण मांझी, अनिल मांझी, राज कुमार सिंह, महेंद्र महतो, राजेश मंडल, झरी महतो, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## डीवीसी बोकारो थर्मल में मनाया गया विश्व हिन्दी दिवस



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** विश्व हिंदी दिवस पर बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट के तकनीकी भवन सभागार में शुक्रवार को राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में आमंत्रित वक्ता के रूप में केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका राजश्री सिंह उपस्थित थीं। राजश्री सिंह ने मौके पर कहा कि हिंदी में काम करना काफी सरल और सहज है। एचओपी ने डीवीसी के सभी कार्यालयों में हिंदी में काम करने और इसके प्रचार-प्रसार पर बल देने की बात कही। कार्यक्रम में डीवीसी के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया, डीजीएम प्रशासन बीजी होलकर, वरीय प्रबंधक वित्त सुशील कुमार सहित डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण और कर्मचारी उपस्थित थे।

# बीएसएल में आईएसओ 9001:2015 क्यूएमएस का पहला सर्वेलेंस ऑडिट संपन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बीएसएल के मानव संसाधन तथा परियोजना प्रभाग के लिए आईएसओ 9001:2015 क्यूएमएस पर पहला सर्वेलेंस ऑडिट मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक अमिताभ सेनगुप्ता द्वारा किया गया। मानव संसाधन के ऑडिट बैठक की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) हरि मोहन झा ने की। मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक अमिताभ सेनगुप्ता ने टीयूवी की ऑडिटिंग प्रक्रिया और आवश्यकताओं पर एक संक्षिप्त विवरण दिया। उद्घाटन बैठक में मानव संसाधन के सभी अनुभागीय प्रभारी के साथ बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के अधिशासी गण उपस्थित थे। ऑडिट का समन्वयन श्रीमती अनुपमा तिवारी, महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) तथा बी बनर्जी, महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) ने किया।



परियोजना प्रभाग के ऑडिट बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अमरेंद्र झा ने की। 10 जनवरी को आयोजित समापन बैठक में श्रीमती अनुपमा तिवारी, महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) ने सभी का स्वागत किया। ऑडिटर श्री सेनगुप्ता ने लेखा परीक्षा निष्कर्ष प्रस्तुत किए और ओएफआई (सुधार के अवसर) का संकेत दिया। कार्यकारी अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अमरेंद्र झा ने कहा कि ऑडिट एक अवसर है, जो हमें अपनी प्रणालियों में लगातार सुधार करने और प्रक्रियाओं को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। श्रीमती अनिमा कुशवाहा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) ने सभी सुधार बिंदुओं पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। मानव संसाधन तथा परियोजना प्रभाग के समापन बैठक के अंत में लेखा परीक्षक अमिताभ सेनगुप्ता ने आईएसओ 9001:2015 क्यूएमएस प्रमाण पत्र जारी रखने की अनुशंसा की।

## झारखंड सांस्कृतिक मंच ने किया टुसू वितरण समारोह का आयोजन

- राजा साहेब ने की पांच एकड़ जमीन दान की घोषणा

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** चास प्रखंड के सिजुआ पंचायत स्थित निर्मलटांड के श्री श्री मां दुर्गा मंदिर के प्रांगण में झारखंड सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में झारखंडी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े सभी पर्व एवं त्योहारों को झारखंडी जनमानस में जागृति उत्पन्न करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक प्रेमी स्व. राजेंद्र महतो स्मृति सभा सह- टुसू वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिजुआ मौजा के राजा साहेब मधुसूदन सिंह ने की तथा मंच संचालन संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष राजदेव माहथा ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए राजा साहेब सिंह ने सिजुआ मौजा स्थित निर्मल टांड की अपनी भूमि से 5:00 एकड़ भूखंड झारखंडी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए झारखंड कला, साहित्य एवं संस्कृति भवन और संगीत महाविद्यालय निर्माण हेतु दान स्वरूप देने की घोषणा की। उनकी घोषणा पर केंद्रीय अध्यक्ष राजदेव माहथा ने झारखंडी संस्कृति को बचाने हेतु उनकी दरियादिली को लेकर आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के मंच कृत संकल्पित है। मंच के प्रवक्ता खगेन्द्र नाथ वर्मा ने कहा कि झारखण्डी संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। समारोह में विभिन्न गावों से आई 21 कुंवारी बालाओं की टीमों के बीच टुसू (चौड़ोल) वितरण किया गया। समारोह में संस्थापक सदस्य लालमोहन शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी खिरोधर महतो, कवि नागेश्वर महतो, सिजुआ पंचायत के मुखिया कालीपद सिंह, संयोजक ज्योति लाल महतो, रामपद महतो, सुबोध ठाकुर, प्रवक्ता डी के त्रिवेदी, योगेंद्र महतो, स्व. राजेन्द्र महतो के पुत्र श्रवण कुमार महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 11 जनवरी, 2025



# कंज्यूमर कोर्ट का बड़ा फैसला, एक्सीडेंट के समय एयरबैग नहीं खुलने पर लगाया स्कॉर्पियो कंपनी पर जुर्माना

**चाईबासा, एजेंसी।** महिंद्रा स्कॉर्पियो का गंभीर टक्कर के बावजूद एयरबैग नहीं खुलने पर सुरक्षा मानकों में लापरवाही को देखते हुए जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के न्यायालय चाईबासा ने कंपनी पर 1.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही आयोग ने कंपनी को सुरक्षा मानकों को बेहतर करने के लिए सख्त चेतावनी भी दी है। दरअसल, कंपनी के लापरवाही को लेकर चाईबासा के बड़ा नीमडीह निवासी चार्टर्ड एकाउंटेंट अभिषेक दोदराजका ने महिंद्रा कंपनी और उसके वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ उपभोक्ता अदालत में 2021 में मामला दर्ज किया था। दर्ज मामले में शिकायतकर्ता अभिषेक ने कहा था कि 2017 में महिंद्रा स्कॉर्पियो एस-10 खरीदी थी। 20 मई 2021 को हुई एक बड़ी सड़क दुर्घटना में वाहन का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन एयरबैग नहीं खुला था। कंपनी और इसके अधिकारियों ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए कहा कि दुर्घटना की तीव्रता एयरबैग खोलने



के लिए आवश्यक स्तर से कम थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि महिंद्रा ने अपने वाहनों की सुरक्षा विशेषताओं के बारे में भ्रामक दावे किए, जिससे ग्राहक गुमराह हुए।

शिकायतकर्ता ने इसे कंपनी की लापरवाही और सुरक्षा मानकों में खामियों का मामला बताया था। वाहन निर्माता ने दावा किया कि दुर्घटना की तीव्रता एयरबैग खोलने की सीमा के भीतर नहीं थी। हालांकि, आयोग ने तस्वीरों और मरम्मत के अनुमानों के आधार पर तय किया कि दुर्घटना की गंभीरता अधिक थी और यह वाहन निर्माता की सेवा में कमी का स्पष्ट मामला है। अदालत ने कंपनी को गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का दोषी पाया। अदालत ने महिंद्रा कंपनी को न केवल ग्राहक की शिकायत का निवारण करने का निर्देश दिया।

साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए कदम उठाने का आदेश भी दिया। आयोग ने कहा कि यह घटना कंपनी की ओर से सुरक्षा तंत्र में कमी और लापरवाही को दर्शाती है। आयोग ने यह भी निर्देश दिया कि महिंद्रा एंड महिंद्रा उन सभी वाहनों की जांच और आवश्यकतानुसार रिकॉल करे, जिनमें ऐसी समस्याएं हो सकती हैं, ताकि भविष्य में उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के खिलाफ जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। आयोग ने वाहन निर्माता को आदेश दिया कि वह शिकायतकर्ता को एक लाख रुपये की राशि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के लिए और पचास हजार रुपये मानसिक प्रताड़ना और जीवन को खतरे में डालने के लिए मुआवजे के रूप में अदा करे। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग न्यायालय चाईबासा में भारतीय जीवन बीमा निगम के विरुद्ध शिकायत के बाद तत्काल वादी को 15 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। चाईबासा के अमला टोला निवासी अजय बजाज को अपनी पत्नी के दिवंगत होने के बाद एलआइसी की परिपक्वता राशि के लिए लगातार कार्यालय का चक्कर लगाने के बावजूद पैसा का भुगतान नहीं किया जा रहा था। इसके बाद अजय बजाज ने उपभोक्ता न्यायालय चाईबासा में मामला दर्ज कराया। उपभोक्ता आयोग में मामला दर्ज करने की जानकारी होने के तत्काल बाद ही भारतीय जीवन बीमा निगम चाईबासा कार्यालय के द्वारा वादी को 15 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर 19 तक जारी होगी सर्वे रिपोर्ट

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने को लेकर डोर टू डोर सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। सर्वे रिपोर्ट की डेटा इंट्री को जल्द पूरा करने का निर्देश नगर आयुक्त ने दिया। 19 जनवरी को सर्वे रिपोर्ट का प्रकाशन किया जाना है। उसके दस दिनों तक दावा-आपत्ति का समय दिया जाएगा। पिछले एक महीने से डोर टू डोर सर्वे का काम किया जा रहा था।

गुरुवार को नगर निगम में नगर आयुक्त ने सर्वेक्षण से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में शामिल विभिन्न अंचलों के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। डाटा इंट्री का काम चल रहा है। नगर आयुक्त ने इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के मेंबर सेकेट्री केके सिंह ने डीसी को पत्र लिखकर चार बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। इसमें पिछड़ा वर्ग के संबंध में वार्डवार सूचना अपडेट मतदाता सूची के अनुसार देने का निर्देश दिया। पिछड़े वर्ग की राजनीतिक स्थिति की जानकारी के लिए अनारक्षित वर्ग में चुने गए अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा के प्रतिनिधियों की सूचना आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। धनबाद नगर निगम में कई ऐसे ओबीसी जाति के पार्षद हैं, जिन्होंने सामान्य सीटों से जीत दर्ज की है। आयोग ने ऐसे पार्षदों की सूची भी जिले के डीसी से मांगी है। आयोग की ओर से सभी जिलों के डीसी को एक फॉर्मेट दिया गया है, उसे भरकर देना है। डोर टू डोर सर्वे के आधार पर ही फॉर्मेट के आधार पर भरकर देना है। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद नई सरकार ने निकाय चुनाव पर पहल की है। इसी आदेश के बाद डोर टू डोर सर्वे कराया गया है। बैठक में धनबाद, चिरकुंडा नगर पर्षद, झरिया, एग्यारकुंड, चिरकुंडा, पुटकी के प्रखंड विकास पदाधिकारी थे।

### रांची एसडीओ और डीएसपी ने बांटे कंबल

**रांची, एजेंसी।** झराजधानी रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार और हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने गुरुवार देर रात हटिया रेलवे स्टेशन, यात्री शेड और आसपास के क्षेत्र में बेघर और जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया। दोनों अधिकारियों ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए घूम-घूम कर कंबल का वितरण किया। अधिकारियों ने सभी बेघर एवं जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए उचित सावधानियां बरतने की सलाह दी। कंबल पाने वाले लोगों ने इस कार्य के लिए अधिकारियों की सराहना की।

### रांची में आतिशबाजी के दौरान बाईक में लगी आग

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची में आतिशबाजी के दौरान एक बाइक में आग लग गई. इसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई. वहां मौजूद सभी लोग और ट्रैफिक पुलिस वाले बाइक में लगी आग को बुझाने की कोशिश में जुट गए. एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने एक व्यक्ति से बोरी लेकर उससे आग को बुझाना शुरू कर दिया. इसी बीच एक व्यक्ति एक पानी का जार लेकर आया और जलती बाईक पर डाल दिया. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका.

### लोहरदगा में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या करने वाले को फांसी की सजा

**लोहरदगा, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची से सटे लोहरदगा जिले में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या के एक आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई है. जिस शख्स को यह सजा सुनाई गई है, उसका नाम इंदर उरांव है. लोहरदगा के एडीजे-1 अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने यह फैसला सुनाया है. घटना जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र के आर्या गांव में हुई थी. जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट अखिलेश कुमार तिवारी ने आरोपी को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई है. अभियुक्त इंदर उरांव (25) पिता लक्षण उरांव अरेया निवासी को धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए मृत्युदंड की सजा दी गई है. इतना ही नहीं, मृत्युपर्यंत सश्रम आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई गई है. 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है. 24 दिसंबर 2022 को दोपहर 3ः00 बजे अरेया गांव में एक छोटी बच्ची सहेलियों के साथ खेल रही थी. इसी बीच इंदर उरांव वहां पहुंचा और छोटे-छोटे बच्चों को 5-5 रुपए देकर चॉकलेट खरीदने भेज दिया.

## झारखंड में जमकर गरजा बुलडोजर, प्रशासन ने ढहा दिया करोड़ों का अपार्टमेंट

**जमशेदपुर, एजेंसी।** गुरुवार को झारखंड में जमकर बुलडोजर गरजा। जमशेदपुर में मरीन ड्राइव स्थित करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन प्रिया बाला हैरिटेज अपार्टमेंट को ढहाने का काम गुरुवार को शुरू हुआ। चार जेसीबी की मदद से इसे तोड़ा जा रहा है। पहले दिन इसके आगे के हिस्से को ढहा दिया गया। कल पूरे हिस्से को ध्वस्त किये जाने की संभावना है। इसके बेसमेंट और प्रथम तल की ढलाई हो चुकी है, जबकि दूसरे तल की सेंटरिंग की गई थी।

कदमा के उलियान में श्रीनाथ रेसीडेंसी कॉलोनी के पीछे यह अपार्टमेंट अनाबाद झारखंड सरकार की जमीन पर बन रहा था। इसका खाता नंबर 1217, प्लॉट नंबर 55/2797 और रकवा 25 डिसमिल है। इसे तोड़ने के मौके पर जमशेदपुर के अंचलाधिकारी मनोज कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी सुदिप्त राज, सीआई, अमीन, हलका कर्मचारी और क्यूआरटी के जवान



मौजूद थे। इस दौरान अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बिल्डर कुणाल सिंह के द्वारा अगस्त 2024 से सरकारी जमीन पर अवैध रूप से निर्माण करवाया जा रहा था। इसकी सूचना पाकर उन्होंने निर्माण कार्य बंद करवा दिया था। साथ ही कुणाल सिंह के विरुद्ध जेपीएलई केस संख्या 06-24/25 भी दायर किया था।

केस होने के बाद कुणाल सिंह मामले को लेकर हाईकोर्ट चला गया। हाई कोर्ट ने उनके आदेश पर स्टे लगा दिया था।

हालांकि बाद में सरकारी पक्ष सुनने के बाद हाई कोर्ट ने स्टे हटाते हुए बिल्डर को अंचल कार्यालय जाने को कहा। अंचल कार्यालय में हाजिर होने पर कुणाल सिंह को उक्त जमीन के कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया। मगर वह कागजात नहीं दिखा पाया। इसके बाद 28 दिसंबर, 2024 को सीओ के नाते उन्होंने सरकारी जमीन से अवैध निर्माण खुद हटाने का आदेश दिया और उसके लिए समय भी दिया। इसके बावजूद कुणाल सिंह ने निर्माण नहीं हटाया। इसलिए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

**1.20 करोड़ में एक फ्लैट बेचने की चर्चा:** अपार्टमेंट तोड़ने की सूचना पर वहां पहुंचे एक व्यक्ति ने बताया कि इसमें उसने भी बुकिंग कराई है। एक फ्लैट एक करोड़ 20 लाख का बिका है। 20-20 लाख रुपए वे लोग दे चुके हैं। अब तो पैसे वापस लेने के लिए उन्हें पता नहीं क्या-क्या करना पड़ेगा।

## नगर निगम ने 40 संवेदकों को दिया नोटिस

**धनबाद, एजेंसी।** नगर निगम ने बुधवार को 40 संवेदकों को एग्रीमेंट कराने के लिए दोबारा नोटिस दिया है. इस बार नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि एग्रीमेंट नहीं कराने पर द्वितीय योग्य संवेदक को काम आवंटित कर दिया जायेगा. नगर निगम अभियंता के मुताबिक डीएमसी/03/2024-25, डीएमसी/06/2024-25, डीएमसी/07/2024-25, डीएमसी/09/2024-25, डीएमसी/16/2024-25 एवं डीएमसी/252024-25 में कार्य आवंटित हुआ है. संवेदकों को एकरारनामा के लिए दोबारा नोटिस दिया गया है. इसमें कहा गया है कि पत्र प्राप्ति के तीन दिन के अंदर एकरारनामा संबंधित कागजात एवं अग्रधन राशि के रूप में पांच प्रतिशत का डिमांड ड्राफ्ट नगर निगम में जमा करें, अन्यथा द्वितीय योग्य संवेदक को काम आवंटित कर दिया जायेगा. इधर, संवेदकों का कहना है कि उपरोक्त सभी ग्रुपों का टेंडर चुनाव आचार संहिता के पहले निकला था. निविदा समिति में पांच सदस्य हैं. नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता व कार्यपालक अभियंता ने निविदा पर हस्ताक्षर किये थे लेकिन लेखा पदाधिकारी ने उसपर हस्ताक्षर नहीं किया था. बावजूद उपरोक्त ग्रुप का टेंडर निकाला गया. अगर एग्रीमेंट करते हैं, तो काम पूरा होने के बाद बिल पेमेंट में दिक्कत आ सकती है. हमलोगों के लिए यह बड़ी समस्या है. निगम का नोटिस आने पर विचार करेंगे. मनीष कंस्ट्रक्शन, अनोज कुमार, नंद कुमार, तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज, राहुल कंस्ट्रक्शन, कुल इलेक्ट्रिकल, हरिसंस, वेंकेटेश्वर, आरके कंस्ट्रक्शन, हैयात, बीरेंद्र कुमार यादव, साव इंटरप्राइजेज, अनिल कंस्ट्रक्शन, अशोक कुमार बारी, मो. अजिम, सुजीत कंस्ट्रक्शन, एमके इंटरप्राइजेज, मो अकबर, मां तारा इंटरप्राइजेज, राजेश कुमार सिंह, बाबा कंस्ट्रक्शन, वेदिका इंटरप्राइजेज, कुंदन सेन गुड्डू कुमार केशरी, ओम यश इंफ्रास्ट्रक्चर, आरके ट्रेडर्स, दिनेश इंटरप्राइजेज, राजीव कुमार पाठक, मेसर्स युगराज कंस्ट्रक्शन, संजय कुमार सिंह, परी इंटरप्राइजेज, एसपी मिश्रा, निशा ट्रेडर्स, राज मोहन इंटरप्राइजेज, रडिएंट इंटरप्राइजेज, भगवान सिंह, बालाजी इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग, अली सिमेंट ट्रेडर्स.

## वेटलैंड्स इंटरनेशनल की टीम जलपक्षी गणना के लिए जमशेदपुर पहुंची

**जमशेदपुर, एजेंसी।** एशियन वॉटरबर्ड सेंसेस जलपक्षियों की आबादी और उनके आवास की निगरानी के लिए नागरिक विज्ञान कार्यक्रम 19 जनवरी तक अपनी 2025 की गणना आयोजित करेगा। जमशेदपुर टाटा मोटर्स प्लांट के 100 किलोमीटर के दायरे में स्थित महत्वपूर्ण वेटलैंड्स का विस्तृत सर्वेक्षण इस बार के सर्वे का मुख्य आकर्षण होगा। यह पहल टाटा मोटर्स लिमिटेड, वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया और सृष्टि कंजर्वेशन फाउंडेशन के सहयोग से चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य सेंट्रल एशियन फ्लाईवे पर स्थित वेटलैंड्स का संरक्षण सुनिश्चित करना है। साथ ही, इन वेटलैंड्स के सतत उपयोग के लिए सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाना और क्षमताओं को बढ़ाना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य है।गुरुवार को टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में बैठक आयोजित की गई, जिसमें वेटलैंड्स इंटरनेशनल साउथ एशिया के अधिकारियों और स्थानीय पक्षी विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखंड में जलपक्षी गणना 2025 की सफल योजना और क्रियान्वयन की रणनीति तैयार करना था। बैठक में विशेष रूप से जमशेदपुर टाटा मोटर्स प्लांट के आसपास के वेटलैंड्स पर फोकस करते हुए उनकी संरचना, पक्षियों की संख्या और उनकी परिस्थितियों पर चर्चा की गई।




## कोयला कारोबारी के घर में गोलीबारी, अमन साहू गैंग के मयंक सिंह ने ली जिम्मेदारी

**लातेहार, एजेंसी।** जिले के बालूमाथ के कोयला व्यवसायी मुकेश सिंह के बालूमाथ आवास में गुरुवार की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की है. हालांकि इस गोलीबारी में किसी को हताहत होने की सूचना नहीं है. एक अपाची बाइक सवार दो अपराधियों ने फायरिंग की. फायरिंग कर अपराधी फरार हो गये. सभी अपराधी बालूमाथ थाना की ओर से आए हुए थे और गोली चलाकर वापस बालूमाथ थाना की ओर भाग निकले. पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है.



**अमन साहू गिरोह ने लिया जिम्मा:** सोशल मीडिया पर घटना की जिम्मेदारी लेते हुए अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने कहा है कि आज शाम बालूमाथ में मुकेश सिंह के घर पर जो गोलीबारी हुआ है ये मेरे द्वारा कराया गया है. याद रखना दो बार में तुम्हारे दोनों कान का परदा खोले हैं. इस बार मैनेज नहीं किये तो अबकी तुम्हारा खोपड़ी खोलूंगा वादा है. तुम्हेंज्मुकेश सिंह. हम तुम्हें मारेंगे और जरूर मारेंगे, पर बंदूक भी हमारी होगी, गोली भी हमारी होगी और हां वह वक्त भी हमारा होगा. हम कैंसर और शुगर बीमारी के जैसा हैं अंतिम वक़्त तक छोड़ेंगे नहीं.

## चुट्टूपालू घाटी में एलपीजी गैस का टैंकर पलटा, जाम हुआ एनएच 33

**रामगढ़, एजेंसी।** रामगढ़ जिले के चुट्टूपालू घाटी में शुक्रवार को एलपीजी गैस का टैंकर पलट गया। इस हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पूरी तरीके से जाम हो गया है। गड़के मोड़ के पास एलपीजी गैस से लदा एक टैंकर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया, जिससे रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 का घाटी इलाका पूरी तरह जाम हो गया। एलपीजी गैस टैंकर पारादीप से काठमांडू जा रहा था।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची रामगढ़ पुलिस ने हाइड्रा और क्रेन के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाकर एलपीजी गैस से भरे टैंकर को उठाने का प्रयास कर रही है।

एलपीजी गैस टैंकर से कोई गैस लीक नहीं हुई और किसी तरह की कोई हानि नहीं हुई। गैस कंटेनर के चालक मो. शमशेर आलम ने बताया कि घाटी के ऊपर रुककर उसने चाय पी और फिर उसने टैंक को बाहर निकाला। घाटी में उसने देखा कि आगे एक



ट्रेलर खराब हो गया है, उसने जैसे ही गाड़ी से पास लिया पीछे से रेलवे स्लैब लदे एक खुले ट्रेलर ने उसे साइड से जोरदार टक्कर मार दी और हजारीबाग की ओर भाग गया। इस टक्कर से वह अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराया और सड़क के बीचोंबीच पलट गया। टैंकर में ज्वलनशील पदार्थ एलपीजी गैस थी और उसे नेपाल के काठमांडू ले जाया जा रहा था। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि घाटी क्षेत्र में एलपीजी गैस टैंकर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद क्रेन हाइड्रा और फायर ब्रिगेड को बुलाकर टैंकर को उठाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटना के कारण घाटी पूरी तरह से जाम हो गया है। किसी तरह वन वे को चालू किया जा रहा है। घटना की जानकारी वरीय अधिकारी को दे दी गई है। जल्द ही गैस टैंकर को उठाकर यातायात सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा।

## उत्तर-पूर्व में बर्फबारी का असर, झारखंड में चल रही शीतलहर, इतना हो गया तापमान

**रांची, एजेंसी।** देश के उत्तर-पूर्व में हो रही बर्फबारी का असर झारखंड पर भी पड़ रहा है. सुबह और शाम में शीतलहरी से ठिठुरन बढ़ गयी है. अभी 3 दिन तक कोहरा और धुंध की वजह से परेशानी और बढ़ने वाली है. इसलिए



मौसम विभाग ने सुबह में बच्चों और बुजुर्गों के साथ-साथ हृदय रोगियों और मॉर्निंग वॉकर से सचेत रहने की अपील की है. झारखंड के लगभग सभी जिलों का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है. मैक्लुस्कीगंज का पारा एक डिग्री सेल्सियस पहुंच गया.

लोहरदगा का न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस, कांके का न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस रहा. राजधानी रांची के मौसम की बात करें, तो यहां पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की कमी आ गयी है. बुधवार को रांची का न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस था, गुरुवार को यह 7.0 डिग्री सेल्सियस रह गया. यह सामान्य तापमान से 2.1 डिग्री कम है. मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार की सुबह में धुंध व कोहरा छाया रहा. दिन में आसमान थोड़ा साफ रहेगा. शनिवार और रविवार की सुबह से लेकर दिन भर हल्की धूप के साथ धुंध व कोहरा छाये रहने की संभावना है. अगले 3 दिन के बाद न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है.

## झारखंड के गजब स्कूल ! 199 विद्यालयों में 398 शिक्षक, स्टूडेंट एक भी नहीं



**रांची, एजेंसी।** प्रदेश के स्कूलों को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। राज्य में 199 ऐसे स्कूल हैं, जहां एक भी विद्यार्थी नामांकित नहीं है। हैरानी की बात यह है कि इन स्कूलों में 398 शिक्षक बहाल हैं। स्पष्ट है कि ये सभी शिक्षक बिना पठन-पाठन कराए वेतन ले रहे हैं।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (यूडायस) प्लस की वर्ष 2023-24 की हालिया रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है। हालांकि कुल 44,475 स्कूलों की तुलना में जीरो नामांकन वाले स्कूलों की संख्या एक प्रतिशत से भी कम है। फिर भी इन स्कूलों में शिक्षकों का पदस्थापन या नियुक्ति होना सवाल उठाता है।

झारखंड के स्कूलों में औसत पांच शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह औसत सात है जो झारखंड से अधिक है। झारखंड के स्कूलों में औसत 161 विद्यार्थियों का नामांकन होता है। यह राष्ट्रीय औसत 169 है, जो झारखंड से थोड़ा अधिक है। बताते चलें कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय प्रतिवर्ष यह रिपोर्ट स्कूलों द्वारा फीड किए गए आंकड़ों के आधार पर जारी करता है। इस बार सामान्य तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में अलग-अलग रिपोर्ट जारी की गई हैं। जिला शिक्षा विभाग की ओर से ग्रेड फोर में प्रोन्नत होने वाले 295 शिक्षकों की सूची जिला प्रशासन के वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अब इन शिक्षकों का काउंसिलिंग कर नए स्कूल में स्थानांतरण होना है। काउंसिलिंग का कार्य 11 जनवरी को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के सभागार में होगी। इसकी विस्तृत सूचना भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

स्नातक प्रशिक्षित विज्ञान शिक्षकों की काउंसिलिंग सुबह 10 से 12, स्नातक प्रशिक्षित कला के शिक्षकों की काउंसिलिंग दोपहर 12 से तीन बजे तक, स्नातक प्रशिक्षित भाषा एवं उर्दू शिक्षकों की काउंसिलिंग शाम चार बजे से निर्धारित की गई है। वेबसाइट पर विभिन्न स्कूलों में संकाय वार रिक्ति की सूची को भी अपलोड कर दिया गया है। इस रिक्ति के अनुसार ही शिक्षकों का स्थानांतरण होगा।

# लोगों को प्यासा रखना नैतिक अपराध

पचपन साल पहले केन-बेतवा परियोजना की परिकल्पना की गई थी। मगर आज भी बुंदेलखंड के लोग पानी किल्लत झेल रहे हैं। अभी कई और वर्ष उन्हें इंतजार करना होगा। क्या इतनी लेटलतीफी किसी ऐसे देश में हो सकती है, जो विकसित हुआ हो? केन-बेतवा परियोजना इसकी मिसाल है कि विकास के पैमानों पर भारत क्यों अपनी संभावनाओं को हासिल नहीं कर पाया। ध्यान दीजिए: परियोजना की परिकल्पना सबसे 1970 में की गई, जब मशहूर इंजीनियर एवं तत्कालीन सिंचाई मंत्री डॉ. केएल राव ने पानी की किल्लत वाले इलाकों में पानी पहुंचाने के मकसद से इन दोनों नदियों को जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया। सिंचाई मंत्रालय को इसकी योजना तैयार करने में दस साल लग गए। 1980 में तैयार योजना के प्रारूप पर संभाव्यता अध्ययन 1995 में शुरू हुआ। 1999 में संबंधित राज्यों उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बीच सहमति बनाने के लिए समिति बनी। 2008 में जाकर संबंधित योजना केंद्र ने बनाई। 2010 में परियोजना के प्रथम चरण की संभाव्यता अध्ययन रिपोर्ट तैयार हुई। 2014 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परियोजना को मंजूरी दी। 2021 में यूपी और मप्र ने केंद्र को अपनी सहमति दी। 2023 में इसे वन मंत्रालय की मंजूरी मिली। और 2024 के आखिर में जाकर इस पर अमल की शुरुआत की गई है। फिलहाल, बताया गया है कि इस पर 44,605 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पुराने अनुभवों के आधार पर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि काम पूरा होते-होते ये खर्च काफी बढ़ चुका होगा। इस बीच बुंदेलखंड के लोग पानी किल्लत झेलते रहे हैं तथा अभी कई और वर्षों तक उन्हें इसके लाभ का इंतजार करना होगा। क्या इतनी लेटलतीफी की कल्पना किसी ऐसे देश में की जा सकती है, जो विकसित हुआ हो या वास्तविक विकास की मार्ग पर आगे बढ़ रहा हो? आज फैशन भारत और चीन की विकास यात्राओं के बीच तुलना करने का है। ये अक्सर पूछा जाता है कि हम क्यों पीछे रह गए? इसका एक नायाब जवाब केन-बेतवा परियोजना है। बहरहाल, अब इस पर काम शुरू हुआ है, तो इसे फुर्ती से और समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाना चाहिए। बीच में पर्यावरण संबंधी कोई मुद्दा हो, जैसाकि कांग्रेस की तरफ उठाया गया है, तो उसे आधुनिक वैज्ञानिक विधियों से हल किया जाना चाहिए। लेकिन पर्यावरण की अभिजात्यवादी धारणों से बंध कर बुंदेलखंड के लोगों को प्यासा रखना एक किस्म का नैतिक अपराध होगा।

# भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना

भारत में आर्थिक प्रगति की दर लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर अन्य देशों की तुलना में द्रुत गति से बढ़ रही है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत का वैश्विक व्यापार द्रुत गति से बढ़ रहा है। कुल मिलाकर भारत अर्थ के क्षेत्र में विश्व में चमकते सितारे के रूप उभर रहा है। लगातार तेज आर्थिक प्रगति का प्रभाव अब भारत में नागरिकों की औसत आय में वृद्धि के रूप में भी दिखाई देने लगा है। हाल में अमेरिका में जारी यूबीएस बिल्यनेर एंबिशन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिलिनायर (अतिधनाढ्यों) की संख्या 185 तक पहुंच गई है और भारत विश्व में बिलिनायर की संख्या की दृष्टि से तीसरे स्थान पर आ गया है। बिलिनायर अर्थात वह नागरिक जिसकी संपत्ति 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गई है (यानी भारतीय मुद्रा में 8,400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति)। पहले स्थान पर अमेरिका (835 बिलिनायर) है और दूसरे स्थान पर चीन (427 बिलिनायर) है। पूरे विश्व में आज बिलिनायर की संख्या 2682 तक पहुंच गई है जबकि 2015 में यह संख्या 1757 थी। पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में बिलिनायर की संपत्ति 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 9,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई जबकि अमेरिका में बिलिनायर की संपत्ति 2023 में 4 लाख 60 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर 2024 में 5 लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। पूरे विश्व में बिलिनायर की संपत्ति बढ़ कर 14 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। इस रिपोर्ट यह संभावना भी जताई गई है कि आने वाले 10 वर्षों में भारत में बिलिनायर की संख्या में और तेज गति से वृद्धि होगी। भारत में 108 से अधिक पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न परिवार भी हैं, जो अपने व्यवसाय को भारतीय पारिवारिक परंपरा के अनुसार बढ़ा रहे हैं, और भारत में बिलिनायर की संख्या में वृद्धि और भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं। भारतीय बिलिनायर की संख्या भारत में ही नहीं बढ़ रही है, बल्कि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय भी बिलिनायर की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं और अपनी आय के कुछ हिस्से को भारत में भेज कर यहां निवेश कर रहे हैं, और इस प्रकार अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को द्रुत गति से बढ़ाने में भारतीय मूल के नागरिकों का महती योगदान रहता है। इस समय भारतीय मूल के एक करोड़ 80 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न देशों में रह रहे हैं, और हर साल अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत में जमा के रूप से भेजते हैं। हाल में वर्ल्ड बैंक द्वारा जारी एक रिपोर्ट बताया गया है कि 2024 में 12,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि अन्य देशों में रह रहे भारतीयों ने भारत में भेजी है। भारत पिछले कई वर्षो से इस दृष्टि पूरे विश्व में पहले स्थान पर कायम है। 2021 में 10,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2022 में 11,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर, 2023 में 12,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी गई थी। प्रति वर्ष भारत में भेजी जाने वाली राशि की तुलना यदि अन्य देशों में भेजी जा रही राशि से करें तो ध्यान में आता है कि 2024 में मेक्सिको में 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भेजी गई थी, जिसे पूरे विश्व में इस दृष्टि से दूसरे स्थान प्राप्त हुआ है। मेक्सिको में भेजी गई राशि भारत में भेजी गई राशि की तुलना में लगभग आधी है। भारतीय नागरिकों द्वारा अन्य देशों से भेजी जा रही राशि में उत्तरी अमेरिका, यूरोप, खाड़ी के देशों और एशिया के कुछ देशों यथा मलयेशिया और सिंगापुर का प्रमुख योगदान है।

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान

**युवा दिवस (12 जनवरी) पर विशेष**



रमेश सर्राफ धमोरा

भारत में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है। खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा संन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा संन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा संन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे संन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे।स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का 'अष्टाध्यायी' व पातंजलि का 'महाभाष्याधायी' का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था। अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर संन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें, मैं यहां भजन सुनाऊंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन-

**प्रभु मोरे अवगुण चित न धरो। समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो॥9**इसे सनुकर स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी संन्यास की तरफ उन्मुख हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया। इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है, उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोग उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं। शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये। उस वक्त स्वामी जी को सम्मान स्वरूप खेतड़ी दरबार के सभी ओहदेदारों ने दो-दो सिक्के भेंट किये व खेतड़ी नरेश ने तीन हजार सिक्के भेंट कर दरबार हाल में स्वामी जी का स्वागत किया। सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गये। स्वामी विवेकानन्द जी ने एक बार कहा था कि यदि खेतड़ी के राजा अजीतसिंह जी से उनकी भेंट नहीं हुयी होती तो भारत की उन्नति के लिये उनके द्वारा जो थोड़ा बहुत प्रयास किया गया उसे वे कभी नहीं कर पाते। स्वामी जी राजा अजीतसिंह को समय-समय पर पत्र लिखकर जनहित कार्य जारी रखने की प्रेरणा देते रहते थे। राजा अजीतसिंह और स्वामी विवेकानन्द के अटूट सम्बन्धों की अनेक कथाएं आज भी खेतड़ी के लोगों की जुबान पर सहज ही सुनने को मिल जाती है। स्वामीजी का मानना था कि यदि राजा अजीतसिंह नहीं मिलते तो उनका शिकागो जाना संभव नहीं होता। स्वामी जी ने माना था कि राजा अजीतसिंह ही उनके जीवन में एकमात्र मित्र थे। स्वामी जी के आग्रह पर राजा अजीत सिंह ने स्वामी की माता भुवनेश्वरी देवी को 1891 से सहयोग के लिये 100 रुपये




प्रतिमाह भिजवाना प्रारम्भ करवाया था जो अजीतसिंह जी की मृत्यु तक जारी रहा। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में व मृत्यु 4 जुलाई 1902 को हुयी थी। इसी तरह राजा अजीतसिंह जी का जन्म 10 अक्टूबर 1861 में व मृत्यु 18 जनवरी 1901 को हुयी थी। दोनों का निधन 39 वर्ष की उम्र में हो गया था व दोनों के जन्म व मृत्यु के समय में भी ज्यादा अन्तर नहीं था। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता है। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए यह संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रेत, समाज सुधारक, युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। इनके जन्मदिन को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, आध्यात्मिक विचार और उनके आदर्श हैं। उनके ये विचार और आदर्श युवाओं में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। किसी भी देश के युवा उसका भविष्य होते हैं। उन्हीं के हाथों में देश की उन्नति की बागडोर होती है। स्वामी विवेकानन्द ने रामकृष्ण मिशन नामक सेवा भावी संगठन की स्थापना की। जिसकी राजस्थान में प्रथम शाखा खेतड़ी में 1958 को राजा अजीतसिंह के पौत्र बहादुर सरदार सिंह द्वारा खेतड़ी प्रवास के दौरान स्वामी जी के ठहरने के स्थान स्वामी विवेकानन्द स्मृति भवन में प्रारम्भ करवायी गयी। मिशन द्वारा खेतड़ी में गरीब तथा पिछड़े बालक-बालिकाओं के लिए श्री शारदा शिशु विहार नाम से एक बालवाड़ी, सार्वजनिक पुस्तकालय, वाचनालय एवं एक मातृ सदन तथा शिशु कल्याण केन्द्र भी चलाया जा रहा है। खेतड़ी चौराहे पर तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह शेखावत ने 1996 में स्वामी विवेकानन्दजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया था। जिससे आनेवाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी खेतड़ी में रामकृष्ण मिशन का दौरा कर स्वामी विवेकानन्द जी से जुड़ी यादों का अवलोकन कर चुके हैं।

# टेक्नोलॉजी के विपरीत क्या फैसला देना उचित

मनोज चतुर्वेदी

मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर खेले गए भारत- ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट में आखिरी दिन भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को जिस तरह से आउट दिया गया, उसने एक नई बहस छेड़ दी है कि क्या टेक्नोलॉजी के विपरीत फैसला देना उचित है। इस विवादास्पद फैसले का परिणाम पर क्या असर हुआ, यह अलग मसला है। हालांकि यशस्वी जिस समय आउट दिए गए, वह 84 रन पर खेल रहे थे और वह भारत को ड्रा की तरफ ले जाते नजर आ रहे थे। बहुत संभव है कि यह आउट नहीं दिया जाता तो मैच का परिणाम ड्रा रहता। यशस्वी और ऋषभ पंत के खेलते समय भारत अच्छी स्थिति में नजर आने लगा था और ऑस्ट्रेलिया विकेट की जरूरत महसूस कर रहा था। इसी दौरान पैट कमिंस की लेग साइड पर ऊपर आती गेंद पर यशस्वी ने पुल करने का प्रयास किया और गेंद विकेटकीपर कैरी के ग्लब्स में चली गई। इस पर की गई अपील को अंपायर जोएल विल्सन के नकारे जाने पर पैट कमिंस ने डीआरएस लिया। स्लो मोशन में थर्ड अंपायर शरफुद्दौला को दिखा कि गेंद की ग्लब्स या बल्ले से लग कर दिशा बदली है। पर जब उन्होंने स्निको मीटर को देखा तो उसमें कोई हलचल नहीं दिखी। शरफुद्दौला ने गेंद की दिशा बदलने की वजह से आउट देने का फैसला किया जो विवादास्पद बन गया। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कमेंट्री करते समय इस फैसले पर नाखुशी जाहिर की। उनका कहना था कि जब आप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हैं तो उसके हिसाब से ही फैसला करना चाहिए था यानी जब स्निको मीटर में कोई हलचल नहीं हुई तो यशस्वी को नॉट आउट दिया जाना चाहिए था क्योंकि मैदानी अंपायर ने उन्हें नॉट आउट दिया था। वैसे भी नियमों के मुताबिक थर्ड अंपायर मजबूत साक्ष्य होने पर ही मैदानी अंपायर के फैसले को बदलता है और यहां स्पष्ट साक्ष्य नहीं था। वैसे भी कई बार गेंद देर तक स्विंग करती है, जिससे कई बार उसके बल्ले से लगने का भ्रम हो जाता है और इस मामले में भी कुछ ऐसी ही स्थिति थी। गेंद बल्ले या ग्लब्स से लगती तो स्निकोमीटर में कोई न कोई हलचल जरूर होती। वहीं रवि शास्त्री ने तो कहा कि इस सीरीज में अंपायर ऑस्ट्रेलिया के लिए छठे गेंदबाज की भूमिका निभा रहे हैं। इस सीरीज के पर्थ टेस्ट में केएल राहुल के कैच नहीं दिए जाने के समय साफ दिख रहा था कि गेंद उनके बल्ले से लगी है, पर स्निको मीटर में हलचल नहीं दिखने की वजह से उन्हें कैच नहीं दिया गया था, इसलिए तकनीक को लेकर एकरूपता होनी चाहिए। अब सवाल है कि जब अंपायर स्निको मीटर को वरीयता दे रहे हैं तो उन्हें इस मसले पर भी यही नियम अपनाना चाहिए था। पिछले एक-दो दशक से फैसलों को त्रुटिहीन बनाने के उद्देश्य से ही आईसीसी तनकीक के इस्तेमाल पर जोर दे रहा है पर जब तकनीक का सही इस्तमेल नहीं होगा तो खिलाडिय़ों का इस पर से भरोसा उठ सकता है। अंपायर्स कॉल का काफी समय से विरोध होता रहा है। इसमें किसी फैसले को लेकर अंपायर क्या सोचता है, इसका खिलाडिय़ों को कई बार




नुकसान और कई बार फायदा होता है। इस नियम के हिसाब से यदि अंपायर ने किसी बल्लेबाज को एलबीडब्लयू दे दिया है और डीआरएस लेने पर गेंद विकेट से छू गई है तो वह आउट हो जाएगा। दूसरी तरफ अंपायर ने आउट नहीं दिया है तो गेंद के विकेट को छू लेने भर से वह आउट हो जाएगा, इसलिए बेहतर हो कि गेंद विकेट को छू भर ले तो आउट दिया जाए, ऐसी तकनीक विकसित करके फैसलों को त्रुटिहीन बनाया। यशस्वी तीसरे अंपायर के फैसले से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए फैसला आने पर मैदान छोडऩे से पहले वह मैदानी अंपायरों से कुछ कहते सुने गए। इस पर मैदान में भारी तादाद मौजूद भारतीय समर्थक बेईमान-बेईमान के नारे बुलंद करते नजर आए। अच्छी बात है कि आज कहीं भी क्रिकेट खेली जाए भारतीय दर्शकों की मौजूदगी रहती ही है। मेलबर्न मैदान पर सर्वाधिक दर्शकों का 88 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इस टेस्ट को देखने के लिए 373651 दर्शक पहुंचे। इससे पहले 1937 में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड टेस्ट को 350534 दर्शकों ने देख कर रिकॉर्ड बनाया था। इससे यह भी साबित होता है कि यदि टेस्ट मैचों में अच्छी क्रिकेट खेली जाए तो वहां भी दर्शकों को टोटा नहीं रहता। यशस्वी के खिलाफ फैसले पर विवाद होने की वजह से तीखी प्रतिक्रियाएं जरूर आ रही हैं। इस संबंध में पूर्व अंपायर साइमन टाफेल का कहना है कि मेरे विचार में फैसला आउट था और मेरी निगाह में तीसरे अंपायर ने फैसला सही किया। तकनीक प्रोटोकाल के साथ हम साक्ष्य भी देखते हैं। अगर अंपायर को लगता है कि गेंद की बल्ले से लगकर दिशा बदली है तो उसे तकनीक के उपयोग की जरूरत नहीं है। गेंद की दिशा में मामूली बदलाव भी महत्त्वपूर्ण साक्ष्य है। स्निको मीटर का संचालन बीबीजी स्पोर्ट्र्स करता है। इसके डायरेक्टर वॉरेन ब्रिनेन का कहना है कि स्निको मीटर में हलचल नहीं होने पर मैंने ऑडियो डायरेक्टर से पूछा तो उसने कहा कि किसी तरह की आवाज नहीं आई। वह कहते हैं कि ऐसी स्थिति में सिर्फ हॉट स्पॉट से ही किसी फैसले पर पहुंचा जा सकता था, लेकिन आईसीसी आजकल इसका इस्तेमाल नहीं कर रही है।

# विश्व हिंदी दिवस




डॉ प्रशान्त करण

बस्ती में कुछ बच्चे झगड़ते रहते . बाहर वाले कुछ लोग उन्हें सुबह ही आकर उकसा देते . फिर झगडे धारावाहिक उपन्यास की तरह दिन भर चलता . निठल्लों को मनोरंजन का साधन तो लड़ाने वालों को आनंद मिलता . फिर बस्ती में गलती से टो - टाकर अक्षर ज्ञान वाले बोले - चलो हम झगड़ा दिवस मनाते हैं . कालांतर में बस्तियों में झगड़ने की अन्तर्बस्ति प्रतियोगिता होने लगी . सब अपनी - अपनी भाषाओं में लड़ते -झगड़ते . किसी ने सुझाव दिया कि आपस में लड़ने - झगड़ने की एक भाषा हो तो आनंद का अतिरेक होगा . इसी बात पर वर्षों लड़ाई - झगड़ों का चलन प्रचलित हो गया . हम अज्ञानी उसे हिंदी दिवस कहने लगे और कुछ प्रबुद्धों ने इसे वैश्विक चोला पहना दिया . लोग विदेशों में जाकर आपस में भले हिंदी में बात कर लें लेकिन स्वदेश में बड़प्पन सिद्ध करने के लिए फर्राटे से अंग्रेजी झाड़कर गर्व करते हैं .

हमारी शासन व्यवस्था में हिंदी मात्र बाबुओं की भाषा तक सिमट गयी है . बाबू हिंदी में टिप्पणी लिखता है , बड़े बाबू भी हिंदी लिख लेते हैं . लेकिन अधिकारियों की पहचान तो अंग्रेजी लिखने से होती रही . खांटी सरकारी विद्यालय हिंदी की टूटी खाट के भरोसे चलती और हेय दृष्टि को प्राप्त होती है . अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय कब व्यसायिक प्रतिष्ठान बन गए , हमें भान तक न हुआ .

अतिथियों के आने पर उन्हें गर्म पकौड़े खिलाना हमारी संस्कृति का अभिन्न भाग है . हिंदी दिवस का पखवाड़ा पकौड़े तलने जैसा . फिर विश्व हिंदी दिवस की दुर्गति की कल्पना हम कर सकते हैं . हमने हिंदी दिवस ने निमंत्रण पत्र अंग्रेजी में छपते , बंटते देखे हैं . हिंदी दिवस पर भी व्याख्यान में शुद्ध हिंदी का प्रयोग गधे के सिर पर सिंघ उगने जैसा है . मुख्य अतिथि अधिकतर अंग्रेजी मिश्रित हिंदी से काम चला लेता है और सबसे अधिक तालियाँ भी बटोर ले जाता . अधिकारी जो होता है . भयंकर त्रुटिपूर्ण ही सही , इसके धड़ल्ले से प्रयोग का अधिकतम भार विधायक , सांसदों के कंधों पर पाया जाता है . और इसका प्रदर्शन चुनावी भाषणों में बहुतायत में दीखता भी . किसी ने सरलता से भैया जी से पूछ लिया - आप बिना पढ़े लिखे अच्छी हिंदी तो बोल लेते हैं फिर अधिकारियों की अंग्रेजी भाषा कैसे समझकर निर्णय लेते हैं ? वे सहजता से मुस्कुराए और बोले - निर्णय तो समझकर अपने गणित से वही लेता है और मुझे हिंदी में इतना बता जाता है कि इस निर्णय से मुझे कितना माल मिलेगा ! हिंदी कमाल करती है , लेकिन अंग्रेजी गुल खिलाती है !

एक विश्व हिंदी दिवस में मुख्य अतिथि बनकर जाना हुआ . संचालक ने मेरे परिचय में बताया - वी आर फॉर्चुनेट टू हैव डॉ करण ऐज आवर चीफ गेस्ट . ही इज अ फेमस हिंदी सटायरिस्ट .ही विल मोटिवेट अस टू वर्क इन हिंदी . मैंने उन्हें बीच में ही टोककर अपना भाषण दे डाला . नतीजा अब भी भुगत रहा हूँ . कई हिंदी पखवारे और विश्व हिंदी दिवस छूछे निकल गए .




**मेष राशिः** आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है। आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत करेंगे। आप किसी काम के लिए नई योजना पर विचार भी कर सकते हैं।

**वृष राशिः** आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ जिम्मेदारियां रहेगी। आज आप किसी धार्मिक कार्य संबंधी योजना बनायेंगे। आपका कही फंसा हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को अपनी पढ़ाई में शिक्षको का सहयोग मिलेगा। किसी मित्र के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी-छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफ़ा करेगा। संतान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य आज संपन्न हो सकता है, आपको अच्छा लगेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के रखरखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी योजना बना सकते है। आपकी संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियाँ बढ़ेगी। बच्चो के बेहतर करियर के लिए आप किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**सिंह राशिः** आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज ऑफिस में कार्यों को पूरा करने में आपका ध्यान लगा रहेगा। बॉस आपसे प्रसन्न होंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं कारगर साबित होंगी । आज आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में न पड़ने दे। आज घर पर मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा। स्टूडेंट्स को आज टीचर द्वारा विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। आज आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनायेंगे, इस पर माता के साथ विचार विमर्श कर सकते है।

**तुला राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा की गतिविधियों से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें । आप अपनी पारिवारिक व व्यवसायिक जिम्मेदारियों को बखुबी अंजाम देंगे। आज आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी । विद्यार्थियों का अपनी पढ़ाई पर ध्यान लगा रहेगा। आज आपके रुके हुए कामों को पूरा करने का अच्छा समय है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका को प्रशासनिक कार्य पूरा हो जायेगा। आज नये बिजनेस की प्लानिंग करेंगे, जिसमे आपको ज्यादा लाभ मिलने वाला है। आप आज परिवार वालों के साथ खुशनुमा पल बिताएंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है। किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी। आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही समस्याओं से आज कुछ राहत मिलेगी । व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का अच्छा परिणाम सामने आएंगे । आज समाज में आपकी छवि निखरेगी। अगर आप जीवनसाथी के साथ रिश्तों में संतुलन बना कर चलेंगे, तो आपके रिश्ते मज़बूत होंगे। माता जी के स्वास्थ्य में आज पहले से बेहतर सुधार आयेगा। आज आप नया काम सीखेंगे जिसका भविष्य में आपको फायदा होगा।

**कुंभ राशिः** आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे, परंतु साथ ही आय के स्त्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं रहेगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप आज टेक्नीकल वर्क सीख सकते है, जिसका आपको भविष्य में बेहतर लाभ होगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का उनकी मनपसन्द जगह पर ट्रान्सफर होने की सम्भावना बन रही है। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 11 जनवरी, 2025



# गोपालगंज में दिनदहाड़े शिक्षक का मर्डर, अपराधियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, इलाके में मचा हड़कंप

**गोपालगंज, एजेंसी।** जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के झिरवा गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने बाइक सवार शिक्षक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में शिक्षक को 5 गोलियां लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है।

मृतक की पहचान श्यामपुर गांव निवासी पुण्यदेव चौधरी के 50 वर्षीय बेटे अरविंद कुमार यादव के रूप में की गई है। घटना के संदर्भ में बताया जता है कि मृतक झिरवा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में सरकारी शिक्षक के तौर पर कार्यरत थे।

हमेशा की तरह ही वह अपनी बाइक पर सवार होकर स्कूल जा रहे थे, लेकिन घर से कुछ ही दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने उनपर हमला कर दिया।

बाइक पर सवार बदमाशों उन्हें घेरकर ताबड़तोड़ 6 राउंड फायरिंग की, जिससे पांच गोली उनके शरीर में लगने के कारण शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, बाइक में तीन की संख्या में आए बदमाशों ने उन पर हमला किया।



घटना की जानकारी मिलते ही शिक्षक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल लेकर जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बताया जाता है कि मृतक की पत्नी पूर्व में झिरवा पंचायत की मुखिया थी। वर्तमान में बड़ा बेटा विश्वजीत यादव ऊंचकागांव प्रखंड प्रमुख है।

वहीं इस घटना के बाद जिले के विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधियों का सदर अस्पताल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं, जनप्रतिनिधियों में पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध का स्वर भी गूंजने लगा है।

इस संदर्भ में हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन .गुप्ता ने बताया कि अभी घटनास्थल पर पहुंचे कर जांच की जा रही है। शिक्षक की हत्या क्यों कि गई इसे लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। मृतक के घरवालों से पूछताछ कर इस मामले में जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

शिक्षक की हत्या मामले में पुलिस द्वारा आपसी रंजिश और अन्य पहलुओं को लेकर भी जांच की जा रही है। हालांकि, अब तक इस बारे में कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है। घरवालों का बयान सामने आने के बाद ही इसकी पुष्टि हो सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज के एकाउंटेंट के पास आय से अधिक संपत्ति मिली

**पटना, एजेंसी।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने गुरुवार को औरंगाबाद के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के एकाउंटेंट मनोज कुमार सिंह के तीन ठिकानों पर एक



साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में हुई है। विजिलेंस की टीम ने कॉलेज में एकाउंटेंट के कार्यालय व गंगटी स्थित आवास पर छापेमारी की। लगभग नौ घंटे तक कार्रवाई चलती रही। इसमें 8 लाख से अधिक के जेवरात, 13 बैंक खाते समेत अवैध तरीके से धन अर्जित करने से संबंधित कागजात मिले। विजिलेंस के अनुसार मनोज के खिलाफ अवैध तरीके से 74,98,620 रुपए अर्जित करने का कांड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि मनोज ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। मनोज के छोटे भाई अनुज सिंह के बैंगलोर आवास पर भी छापेमारी की गई है।

### 827 हेडमास्टर को मिलेगी बच्चों को स्वस्थ रखने की ट्रेनिंग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले के 827 हेडमास्टर को बच्चों को स्वस्थ रखने की ट्रेनिंग मिलेगी। इसके लिए अलग-अलग प्रखंडों से हेडमास्टरों का चयन किया गया है। विद्यालय स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम के तहत इन हेडमास्टरों का चयन किया गया है। 13 जनवरी से इनकी ट्रेनिंग होगी। डीपीओ सर्वशिक्षा अभियान सुजीत कुमार ने बताया कि 17 जनवरी तक ट्रेनिंग चलेगी। डायट रामबाग में यह ट्रेनिंग होगी। इसमें बंदरा के 52, गायघाट के 121, कुढ़नी के 141, मड़वन के 50, मुरौल के 39, मोतीपुर के 140, मुशहरी के 151, सरैया के 133 हेडमास्टरों का चयन किया गया है।

### डाक अधीक्षक ने सुकन्या समृद्धि योजना की सफलता को लेकर की बैठक

**भागलपुर, एजेंसी।** कहलगांव डाक निरीक्षक कार्यालय में गुरुवार को डाक अधीक्षक अरुण कुमार गांधी की अध्यक्षता में पोस्ट मास्टर और डाकिया के साथ बैठक की गई। जिसमें एक से दस जनवरी तक डाक प्रमंडल के सभी डाकघर में सुकन्या समृद्धि योजना के लिए खाता खोले जाने के लिए चल रहे अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डाक अधीक्षक ने कहा कि डाक विभाग द्वारा देश की बच्चियों, बेटियों, बहनों को आर्थिक समृद्धि प्रदान करने के लिए यह योजना जनहित में महत्वपूर्ण है।

### सोनपुर में रेल प्रशासन के फरमान का श्रद्धालुओं ने किया विरोध

**छपरा, एजेंसी।** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर स्टेशन के उत्तर लगभग सौ वर्ष से स्थापित बाबा नर्मदेश्वर नाथ मंदिर को अन्यत्र ले जाने के रेल प्रशासन के फरमान का जमकर विरोध किया गया है। इस संबंध में बुधवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर के पुजारी राजा राम ने की। बैठक में शामिल मुकेश सिंह, नागेन्द्र कुमार, बंटी कुमार,, महेश महतो, पंकज कुमार सिंह, महेन्द्र बैठा, उपेन्द्र नाथ दूबे, सन्नी कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, मनोज कुमार, बच्चा राय, शिवजी राय, सत्येन्द्र कुमार मालाकार, विनोद राम, अमोद राय, अशोक कुमार समेत दर्जनों श्रद्धालुओं ने रेल प्रशासन के इस आदेश की निंदा की और इस मुद्दे को लेकर डीआरएम से मिल कर एक ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

# बांका जिले में सरकारी नौकरी, 45 पदों पर होगी बहाली, 15 से आवेदन शुरू




**बांका, एजेंसी।** बांका में पंचायत स्तर पर सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए पंचायती राज के तहत ग्राम कचहरी को समृद्ध करने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए सचिव एवं कानूनी सलाह के लिए न्याय मित्र के रिक्त पदों पर बहाली की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सभी 11 प्रखंडों के कुल 185 पंचायत में 148 सचिव एवं 136 न्याय मित्र वर्तमान में कार्यरत हैं।

शेष दोनों रिक्त पदों पर इन दोनों पदों पर नियोजन के लिए सात जनवरी से आनलाइन आवेदन निर्धारित की गई थी। मगर इसमें सुधार करते हुए विभाग द्वारा अब 15 जनवरी से लेकर 29 जनवरी तक ग्राम कचहरी सचिव एवं न्याय मित्र के रिक्त पदों पर ऑनलाइन आवेदन होगा। सरकार ने नियोजन नियमावली में महिलाओं की 50 फीसद आरक्षण प्रत्येक कोटि में निर्धारित की है।

ऑनलाइन आवेदन के बाद 30 जनवरी से लेकर सात फरवरी तक आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। इसके बाद रोस्टर तैयार किए जाएंगे। आठ फरवरी से लेकर 13 फरवरी तक नियोजन समिति के सदस्य सचिव द्वारा अनुमोदन की कार्रवाई की जाएगी। 15 फरवरी से लेकर एक मार्च तक अनुमोदित मेगा सूची को ग्राम कचहरी के सूचना पट या प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शित कर उस पर आपत्ति प्राप्त किए जा सकेंगे।

तीन मार्च से लेकर 10 मार्च तक आपत्तियों का निराकरण कर पुनः स्वच्छ तैयार पैनल प्रखंड विकास पदाधिकारी समीक्षा करेंगे। इसके बाद 11 मार्च से लेकर 18 मार्च तक चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियोजन पत्र निर्गत किए जाने की अवधि निर्धारित की गई है।

न्यायिक सलाह देना- न्याय मित्र ग्रामीणों को न्यायिक सलाह देता है और उनकी कानूनी समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है। विवादों का निपटारा करना- न्याय मित्र ग्रामीणों के बीच होने वाले विवादों का निपटारा करने में मदद करता है। कानूनी जानकारी देना-न्याय मित्र ग्रामीणों को कानूनी जानकारी देता है और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करता है। ग्राम कचहरी में सहायता करना-न्याय मित्र ग्राम कचहरी में सहायता करता है और न्यायिक प्रक्रियाओं में मदद करता है।

**जिलाधिकारी की निगरानी में होगी नियुक्ति-** जिलाधिकारी की निगरानी में पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित तिथि से आनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। रोस्टर जारी के बाद प्राप्त आपत्तियों पर भी विधिवत कार्यवाही की जाएगी। नियोजन प्रक्रिया के लिए सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया है।

# धूल उड़ा सड़कें चमकाई, गड्ढे गायब, काश सीएम हमेशा आते तो यूं ही रहती व्यवस्थाएं

**सिंहवाड़ा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित तमाम नेताओं और अधिकारियों का जमावड़ा शनिवार को सिंहवाड़ा प्रखंड के भराठी व सिमरी पंचायत में होगा। उसके बाद सीएम का काफिला दरभंगा शहर का रुख करेगा। भराठी वृहद आश्रय गृह के बगल में सीएम के लिए दो हेलीपैड का निर्माण किया गया है। हेलीपैड व हाईवे पर बैरिकेडिंग किया जा रहा है। सीएम की प्रगति यात्रा को लेकर प्रस्तावित मार्ग की सड़कों को चमका दिया गया है। सड़क किनारे फ्लैंक पर पेवर ब्लॉक लगाया गया है। गुरुवार को सिमरी की सड़कों की सफाई होती रही। कई साल से जमा धूल व रेत को ब्लोअर मशीन से उड़ाया गया, किनारे में पड़ी धुल व मिट्टी को ट्रॉलियों में भरकर दूर ठिकाने लगा दिया गया। पंचायत सरकार भवन, मध्य व हाई स्कूल, स्टेडियम की दीवारों की पुताई कर दी गई है। ये बदलाव देख लोग कहते सुने गए कि काश सीएम कुछ दिन दरभंगा में रही रहते, तो यूं ही अन्य कई पंचायत चमक जाती। जो काम 20 वर्षों में नहीं होता सीएम के आगमन से वह काम 20 दिन में हो गया।




सीएम भराठी में वृहद आश्रय गृह, सिमरी में चन्दसार पोखर के घाट व मछलीपालन कार्य, आंगनबाड़ी केंद्र, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का नया भवन, हाई स्कूल परिसर में अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, बॉलीबाल, बास्केटबॉल व बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन करेंगे। सीएम के आगमन को लेकर पंचायत सरकार भवन की दीवारों पर मिथिला पेंटिंग कर सजाया संवारा जा रहा है। लहेरियासराय से उज्ज्वल मिथिला ग्रुप की आठ सदस्यीय टीम रागिणी चौधरी के नेतृत्व में पंचायत सरकार भवन की दीवारों पर मिथिला पेंटिंग उकेर रही है। बताया जा रहा है कि सीएम के साथ कई विभाग के अधिकारी साथ होते हैं। कौन अधिकारी किन स्थानों पर जाकर विकासात्मक कार्यों का स्थलीय जायजा ले लेंगे। किन्हीं को पता नहीं होता है। लिहाजा कनीय अधिकारी आधे अधूरे काम को सीएम के आगमन से पहले ही निपटा लेना चाह रहे हैं।

# शादी के 5 साल बाद कॉलेज वाले बॉयफ्रेंड संग भागी, 3 साल की बेटी को भी साथ ले गई

## बोली-मर्जी से आई हूं, परेशान मत कीजिए

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में शादीशुदा महिला 3 साल की बेटी के साथ अपने कॉलेज टाइम के बॉयफ्रेंड के साथ फरार हो गई है। महिला ने अब बॉयफ्रेंड के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वीडियो में महिला अपने प्रेमी के साथ दिख रही है। महिला का नाम आरती बताया जाता है। आरती का कहना है कि वो अपने प्रेमी के साथ बहुत खुश है। आरती और उसके प्रेमी राकेश कॉलेज टाइम से एक दूसरे को जानते हैं। दोनों की पहली मुलाकात केसरिया गर्ल्स हाई स्कूल में 2015 में हुई थी। आरती नौवीं क्लास में पढ़ती थी। राकेश उस दौर में स्कूल के पास किसी काम से आया जाया करता था। दोनों की बातचीत शुरू हुई और मुलाकातों का दौर प्यार में बदल गया।



दोनों ने साथ रहने की कसमें खाईं और 2018 में दोनों घर से भाग गए। एक हफ्ते तक दोनों बाहर रहें। दोनों के घर वालों ने उन्हें समझाया। दोनों की शादी करवाने का वादा भी किया। इसके बाद आरती और राकेश घर लौट आए। आरती के घर लौटते ही घर वालों ने दिल्ली में रहने वाले एक लड़के से उसकी शादी कर दी। आरती अपने पति के साथ दिल्ली में रहने लगी। उसके बाद बॉयफ्रेंड राकेश से उसकी बातचीत बंद हो गई। शादी के बाद आरती ने एक बेटी भी जन्म दिया। बताया जाता है कि बेटी के जन्म के बाद उसकी पति से अनबन होने लगी। आरोप लगाया कि पति शराब के नशे में मारपीट करता है। आरती का कहना है कि बेटी के जन्म के 2 साल तक पति की करतूत झेलती रही।

**पुराने प्रेमी से फिर बातचीत शुरू हुई-** 2023 में उसने फिर से अपने पुराना प्रेमी से संपर्क किया। इसी बीच आरती ने अपने प्रेमी राकेश को फोन कर पूरी कहानी बताई। एक बार फिर से दोनों की बातचीत शुरू हो गई। बताया जाता है कि 2025 के दिसंबर में मायके आए गई। 25 दिसंबर को अपनी बेटी को लेकर राकेश के साथ आरती फरार हो गई। अब दोनों का वीडियो सामने आया है। मामले को लेकर केसरिया थाना अध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि %अब तक कोई आवेदन नहीं मिला है। मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।% वहीं इस मामले में लड़की के परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन कुछ भी बोलने से मना कर दिया।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को 25 पैसे/यूनिट छूट देने का प्रस्ताव

**पटना, एजेंसी।** साउथ और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए एक स्लैब का प्रस्ताव दिया है। साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट छूट देने का प्रस्ताव है। इन प्रस्तावों पर 8 फरवरी से जनसुनवाई होगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी के साथ सदस्य पुरषोतम सिंह यादव और अरुण कुमार सिन्हा लोगों का पक्ष सुनेंगे।

नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के दो जिला मुख्यालयों (छपरा और दरभंगा) और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के दो जिला मुख्यालयों (मुंगेर और जहानाबाद) में जनसुनवाई होगी। अंतिम जनसुनवाई आयकर गोलंबर के पास बिजली कंपनी मुख्यालय स्थित आयोग के कोर्ट रूम में होगी। आम लोग बिजली कंपनी के प्रस्ताव को ऑनलाइन डाउनलोड कर पढ़ सकते हैं। साथ सभी विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के कार्यालय से 500 रुपए का भुगतान कर ले सकते हैं।



### डाक के भेजें सुझाव

बिजली कंपनियों के टैरिफ प्रस्ताव पर डाक के जरिए लिखित सुझाव देने की सुविधा है। निबंधित डाक से सचिव, बिहार विद्युत विनियामक आयोग, भूतल, विद्युत भवन-2, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (बेली रोड), पटना-800021 पर 30 जनवरी तक भेज सकते हैं।

### बिजली कंपनी का प्रस्ताव

10 किलोवाट से अधिक लोड लेने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपभोक्ताओं को टीओडी का लाभ। इसमें रात 11 से सुबह 9 बजे तक सामान्य दर होगी। शाम 4 से रात 11 बजे तक सामान्य दर की 120 प्रतिशत दर लगेगी। सुबह 9 से शाम 4 बजे तक सामान्य दर से 20 प्रतिशत कम यानी 80त्न शुल्क लगेगा।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपभोक्ताओं को स्वीकृत लोड से अधिक खपत करने में छह महीने तक जुर्माना नहीं लग रहा है। इस समय को बढ़ाकर 31 मार्च 2026 तक छूट देने का प्रस्ताव है। कृषि और गैर-घरेलू श्रेणी उपभोक्ता पर लागू होने वाले पावर फैक्टर को समाप्त करने का प्रस्ताव है।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर में 2000 रुपए का बैलेंस छह महीने मेंटेन रखने वाले उपभोक्ता को 7.25 प्रतिशत ब्याज देने का प्रस्ताव है।

जिला मुख्यालय में जनसुनवाई

11 फरवरी को दोपहर 12 बजे से मुंगेर कलेक्ट्रेट के मीटिंग हॉल

15 फरवरी को दोपहर 12 बजे से जहानाबाद कलेक्ट्रेट के मीटिंग हॉल

8 फरवरी को दोपहर 12 बजे से छपरा कलेक्ट्रेट के मीटिंग हॉल

13 फरवरी को दोपहर 12 बजे से दरभंगा कलेक्ट्रेट के मीटिंग हॉल

पावर ट्रांसमिशन कंपनी, लोड डिस्पैच सेंटर श पावर ग्रिड कंपनी के प्रस्ताव पर 19 फरवरी को सुबह 11.30 बजे से मुख्यालय स्थित बिहार विद्युत विनियामक आयोग के कोर्ट रूम में जनसुनवाई होगी। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रस्ताव पर 20 फरवरी को सुबह 11ः30 बजे से जनसुनवाई होगी। 1 अप्रैल से नया फैसला लागू7 आयोग द्वारा सभी का पक्ष सुनने के बाद फैसला सुनाया जाएगा। यह फैसला 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा।

# आईजीआईएमएस में एचएमपीवी वायरस का पता लगाने के लिए जिनोम सिक्वेंसिंग होगी

**पटना, एजेंसी।** सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि एचएमपीवी वायरस को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट किया गया है। किसी मरीज में लक्षण मिलते हैं तो उसका सैंपल लेकर जांच के लिए एनआईवी पुणे भेजा जाएगा। आईजीआईएमएस के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. मनीष मंडल ने कहा कि संदेह में तीन मरीजों का सैंपल लिया गया है। इन तीन सैंपलों की जिनोम सिक्वेंसिंग होगी।

इससे एचएमपीवी वायरस होने की जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि कैंपस में मरीजों और परिजनों के बीच इस बीमारी के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। मास्क पहनकर रहने बार-बार हाथ धोने को कहा जा रहा है। इसके बावजूद लोग मास्क नहीं पहनेंगे तो नो मास्क नो इंट्री का आदेश लागू किया जाएगा।



**एनएमसीएच में एचएमपीवी के लिए स्पेशल वार्ड बना-** आईजीआईएमएस की आईसीयू में एक आइसोलेशन बेड आरक्षित रखा गया है। वैसे अभी कोई मरीज भर्ती नहीं हुआ है। एनएमसीएच ने एचएमपीवी वायरस से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए अलग वार्ड की सुविधा बहाल कर दी है। हालांकि अभी इस वार्ड में कोई भर्ती नहीं हुआ है। पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. आईएस ठाकुर ने कहा कि सभी विभागाध्यक्षों को जारी एडवाइजरी के मद्देनजर अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। अभी स्वास्थ्य विभाग से वार्ड बनाने का निर्देश नहीं आया है। निर्देश आने पर अलग वार्ड की भी व्यवस्था की जाएगी। हालांकि दवा और इलाज की व्यवस्था रखी गई है। बच्चे, वृद्ध और मरीजों को बरतनी होगी सावधानी एचएमपीवी वायरस से आतंकित होने की जरूरत नहीं है। हालांकि सावधान रहने और बचाव करने की आवश्यकता है।

विशेषकर उनलोगों को विशेष सावधानी बरतनी है, जो बीपी, शुगर के मरीज हैं। दो साल से कम उम्र के बच्चे, 65 साल से अधिक के वयस्क, अस्थमा, क्रोनिक लंग डिजीज के मरीज, धूम्रपान करने वालों को विशेष सावधान रहने की जरूरत है। विशेषज्ञों के मुताबिक, एचएमपीवी वायरस का संक्रमण इन लोगों को लगने का खतरा अधिक रहता है। वैसे भी जिनकी इम्युनिटी कमजोर होती है, उन्हें इस वायरस का संक्रमण लगने का खतरा अधिक रहता है।

# पूर्णिया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान : विशेष शिविर में 50 गर्भवती की जांच

**पूर्णिया, एजेंसी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को हेल्थ एंड वेलनस सेंटर चम्पानगर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। शिविर में महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करायी गयी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचने वाली महिलाओं की हीमोग्लोबिन की जांच, शुगर के स्तर की जांच, ब्लड प्रेशर, वजन व अन्य सामान्य जांच की गई। गर्भवती महिलाएं, आर्थिक रूप से कमजोर तबकों की महिलाएं जो आमतौर पर कुपोषित होती हैं, उन्हें गर्भधारण के दौरान महत्वपूर्ण पोषक तत्व के बारे में बताया गया। शिविर का संचालन चिकित्सा पदाधिकारी डा0 स्वाति नंदनी एवं डा0 पिंकी कुमारी के नेतृत्व में किया गया। ललन कुमार ठाकुर शिविर के सफल संचालन के लिए लगाए गए सभी स्टालों पर नजर बनाए हुए थे । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि कुल 50 गर्भवती महिलाओं की जांच करने के बाद दवा दी गई है। मौके पर शुष्मा प्रिया, नीलू कुमारी, सुनीता देवी तथा कुंदन कुमार आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विकासनगर पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**लखनऊः** थाना विकासनगर की पुलिस ने एक शातिर चोर रवि कुमार को गिरफ्तार किया है, जो बंद मकानों में चोरी करने के लिए रात के समय ताला तोड़कर घरों में घुसता था।9-10 जनवरी की रात थाना विकासनगर पुलिस को सेक्टर-1 स्थित एक मकान में चोरी होने की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुँचकर अपराधी रवि कुमार को रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके पास से चोरी का सामान और चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार जैसे मोबाइल फोन, पेचकस, बेलचा, और प्लास भी बरामद हुए।अभियुक्त के खिलाफ पहले भी कई चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस गिरफ्तारी में थाना विकासनगर की पुलिस टीम, जिसमें थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे, ने अहम भूमिका निभाई।

### उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान में विश्व हिन्दी दिवस समारोह आयोजित

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी भवन के निराला सभागार में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत पूर्वाह्न 11 बजे हुई, जिसमें प्रमुख साहित्यकारों और विद्वानों ने हिन्दी के महत्व पर विचार व्यक्त किए।संगोष्ठी में डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ. सुधाकर अदीब, डॉ. कैलाश देवी सिंह, और डॉ. सूर्यकान्त का स्वागत स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक राज बहादुर ने कहा कि हिन्दी भाषा के समग्र विकास की आवश्यकता है, और विशेषकर गिरमिटिया मजदूरों ने हिन्दी को विदेशों में फैलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि आज हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार वैश्विक स्तर पर हो रहा है, और इसके महत्व में व्यापार के बढ़ने के कारण भी वृद्धि हो रही है।डॉ. सुधाकर अदीब ने हिन्दी साहित्य की समृद्धि में महान कवियों की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि आज हिन्दी का प्रचार विश्व स्तर पर बढ़ता जा रहा है। वहीं, डॉ. कैलाश देवी सिंह ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार में प्रवासी साहित्यकारों और लेखकों की महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की और बताया कि हिन्दी की अनुवाद व व्याकरण के माध्यम से विदेशों में स्वीकार्यता बढ़ी है।डॉ. सूर्यकान्त ने कहा कि हिन्दी अब हर क्षेत्र में विस्तार कर रही है, और विशेष रूप से चिकित्सा क्षेत्र में भी इसकी उपस्थिति बढ़ रही है। उन्होंने हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए अन्य विशेषज्ञों को भी जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।इस मौके पर निदेशक राज बहादुर ने संस्थान द्वारा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और साहित्यकारों को दिए जाने वाले पुरस्कारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिता दुबे ने किया और संगोष्ठी में उपस्थित सभी साहित्यकारों, विद्वानों और मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

### महिला उत्पीड़न की रोकथाम हेतु उ.प्र. राज्य महिला आयोग का जिला कारागार लखनऊ का निरीक्षण

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोक-थाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के प्रयासों के तहत आज लखनऊ के जिला कारागार का निरीक्षण किया।इस दौरान, डॉ. बबीता सिंह चौहान ने वहां निरूद्ध महिलाओं और किशोरियों से वार्ता की और उनके रहन-सहन, खान-पान, चिकित्सा सुविधाओं तथा उन्हें दिए जा रहे रोजगारपरक प्रशिक्षण (जैसे सिलाई और कढ़ाई) के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।कारागार की उपाधीक्षक अंशु कारापाल ने बताया कि जल्द ही एक स्वयंसेवी संस्थान के माध्यम से रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रारंभ कर दिया जाएगा। महिलाओं से हुई वार्ता में यह बताया गया कि उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है और आवश्यक दवाइयाँ समय पर दी जा रही हैं।इसके अलावा, अध्यक्ष ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ताओं से विधिक सहायता से वंचित महिलाओं के मामलों पर गंभीरता से विचार करने के निर्देश दिए। महिला जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अध्यक्ष महोदया ने संतोष जताया।इस निरीक्षण में ब्रजेन्द्र सिंह (अधीक्षक), ऋत्विक प्रियदर्शी (जेलर), मृत्युंजय पाण्डेय (जेलर), सुरेन्द्र मोहन सिंह (जेलर), सुनील दत्त मिश्रा (जेलर), अंशु (डिप्टी जेलर) और सुमन (डिप्टी जेलर) उपस्थित रहे।

### नेपाल के टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स का उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का भ्रमण

**लखनऊः** नेपाल के 27 टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स, एयरलाइंस प्रतिनिधि और नेपाल टूरिज्म बोर्ड अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए शुक्रवार शाम लखनऊ पहुंचा। यह यात्रा उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित फैम ट्रिप के तहत की गई, जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने पहले 9 जनवरी को मथुरा और वृंदावन का दौरा किया। वहां उन्होंने बांकेबिहारी मंदिर, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद, उन्होंने आगरा का भ्रमण किया और फिर लखनऊ पहुंचे।उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह शहर से बाहर होने के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से नेपाल से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया और कहा कि इस यात्रा से नेपाल और उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की फैम ट्रिप पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और उत्तर प्रदेश के पर्यटन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं को उजागर करते हुए इसे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासों का उल्लेख किया। विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न पर्यटन सर्किट्स और महाकुंभ 2025 पर एक प्रस्तुति दी।यह फैम ट्रिप 8 से 14 जनवरी, 2025 तक आयोजित की गई है, जिसमें प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, मथुरा-वृंदावन, लखनऊ, सारनाथ और श्रावस्ती की यात्रा शामिल है। इस पहल का आयोजन उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और नेपाल पर्यटन बोर्ड के सहयोग से किया जा रहा है। फैम ट्रिप के दौरान प्रतिनिधिमंडल बी2बी बैठकों में भी भाग लेगा, जिसका उद्देश्य नेपाल और उत्तर प्रदेश के टूर ऑपरेटर्स के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है।नेपाली प्रतिनिधिमंडल ने यात्रा को सुखद और प्रेरणादायक बताया और कहा कि इस फैम ट्रिप के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा मिलेगा।

### परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने संविदा चालकों और परिचालकों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने आज जानकारी दी कि 01 जनवरी, 2025 से उ0प्र0 परिवहन निगम द्वारा संविदा चालकों और परिचालकों को पुनरीक्षित दर से मानदेय का भुगतान किया जाएगा। चालकों के मानदेय में 9 प्रतिशत और परिचालकों के मानदेय में 7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।परिवहन मंत्री ने बताया कि पहले चालकों को 1.89 रुपये प्रति किलोमीटर और परिचालकों को 1.89 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से मानदेय मिल रहा था। अब इसे बढ़ाकर क्रमशः 2.06 रुपये प्रति किलोमीटर और 2.02 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। इस प्रकार, चालकों के मानदेय में 17 पैसे प्रति किलोमीटर और परिचालकों के मानदेय में 13 पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि की गई है।यथावत मानदेय वाले क्षेत्र परिवहन मंत्री ने यह भी बताया कि नोएडा क्षेत्र की नगरीय और ग्रामीण सेवाओं के अलावा, एनसीआर क्षेत्र में आने वाले कौशाम्बी, साहिबाबाद, और लोनी डिपो के चालक और परिचालकों का मानदेय यथावत रखा गया है। इसके साथ ही गोरखपुर क्षेत्र के सोनौली, सिद्धार्थनगर और महराजगंज डिपो के चालक परिचालकों का मानदेय भी यथावत रहेगा।नवीन उत्तम प्रोत्साहन योजना परिवहन मंत्री ने यह भी बताया कि नवीन उत्तम प्रोत्साहन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए चालकों को दो वर्ष की निरंतर सेवा और परिचालकों को चार वर्ष की निरंतर सेवा की आवश्यकता होगी।

## महाकुंभ में कैलाश यात्रा शिविर का आयोजन, हरि गुप्ता ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के रहस्यों को उजागर किया

संवाददाता

**लखनऊः** महाकुंभ के आयोजन में एनआरआई हरि गुप्ता ने कैलाश मानसरोवर से जुड़ी समस्याओं और रहस्यों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में भारत और विदेश से कई प्रमुख हस्तियों, अधिकारियों और सफल व्यवसायियों की उपस्थिति की उम्मीद है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक दुष्यंत प्रताप सिंह भी उपस्थित रहेंगे, जो अपनी उत्कृष्ट निर्देशन शैली और पटकथा लेखन के लिए प्रसिद्ध हैं। साथ ही दिव्य प्रेम सेवा मिशन के ट्रस्टी अमरजीत मिश्रा और मशहूर व्यवसायी-सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर हलवासिया भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।सुधीर हलवासिया ने कहा कि कैलाश मानसरोवर शिविर हमारी भारतीय संस्कृति और मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हम इस कार्य में हरि गुप्ता जी का पूर्ण समर्थन करेंगे।दुष्यंत प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के दौरान कहा, "कैलाश मुक्ति अभियान का हिस्सा बनना एक अद्भुत और साहसिक कार्य है। यह न केवल भारतीयों, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत है। हम भी इस अभियान में अपना योगदान देने के लिए तत्पर हैं।" दिव्य प्रेम सेवा मिशन के ट्रस्टी अमरजीत मिश्रा ने कहा कि हरि गुप्ता द्वारा शुरू किया गया कैलाश मुक्ति अभियान एक प्रेरणादायक पहल है, और उन्होंने इस अभियान की सफलता में विश्वास व्यक्त किया।आचार्य हरि गुप्ता ने कैलाश यात्रा से संबंधित कई समस्याओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों से भारतीय पासपोर्ट धारकों को कैलाश यात्रा की अनुमति नहीं मिल रही है, जबकि अन्य देशों के नागरिक आसानी से वहां जा सकते हैं। उन्होंने इसे हिंदू धर्म के तीर्थयात्रियों के मानवाधिकारों का उल्लंघन बताया और कहा कि सरकार को इसे शीघ्र हल करना चाहिए।आचार्य हरि गुप्ता ने बताया कि कैलाश यात्रा के लिए भारतीयों को अभी भी नेपाल और चीन के रास्तों पर निर्भर रहना पड़ता है, जबकि दिल्ली से कैलाश तक की सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। वे एयरलाइन ऑपरेटरों से बातचीत कर रहे हैं और उम्मीद है कि जल्दी ही यह सेवा शुरू होगी।आचार्य हरि गुप्ता ने कैलाश के आसपास के कुछ रहस्यों को साझा किया। उन्होंने बताया कि कैलाश के पास एक शिव मंदिर है, जिसे शायद ही कोई जानता हो, और यहां कुछ अद्भुत घटनाएँ घटती हैं, जैसे कि काले कुत्ते जो वेदों का प्रतीक माने जाते हैं और मंदिर के दर्शन करने वाले भक्तों को विशेष प्रकार का प्रसाद मिलता है। इसके अलावा, मानसरोवर झील में कुछ रहस्यमय पत्थर पाए गए हैं, जिन पर ओम, सांप और डमरू के निशान बने हुए हैं।उन्होंने कैलाश के महत्व को विभिन्न धार्मिक दृष्टिकोण से भी बताया, जैसे कि यह स्थल हिंदुओं, जैन, सिख और बौद्धों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है।कैलाश यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों ने वहां की सुविधाओं की कमी की ओर इशारा किया। उनके अनुसार, मानसरोवर और आसपास के क्षेत्रों में ठहरने, चिकित्सा और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं न के बराबर हैं। आचार्य हरि गुप्ता का लक्ष्य इन सुविधाओं को प्रदान करना है और इसके लिए वे भारत और चीन सरकार के साथ मिलकर काम करने की योजना बना रहे हैं।आचार्य हरि गुप्ता ने इस अभियान को लेकर अपना दृढ़ विश्वास व्यक्त किया और कहा कि इस कार्य में स्वयं भोलेनाथ की कृपा है। उन्होंने सभी शिवभक्तों, मीडिया, अधिकारियों और राजनेताओं से अपील की है कि वे इस मुद्दे को लेकर आवाज उठाएं और शिव भक्तों को बिना किसी बाधा के इस पवित्र स्थान की यात्रा करने का अवसर प्रदान करें।हरि गुप्ता ने 'जय कैलाश' नामक एक भजन भी लिखा है, जो भगवान शिव और कैलाश पर्वत के महत्व को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है। इस भजन को यूट्यूब पर देखा जा सकता है और इसके माध्यम से उन्होंने कैलाश यात्रा के महत्व को और अधिक लोगों तक पहुँचाने का प्रयास किया है।यह पूरी मुहिम अब बड़े पैमाने पर फैल चुकी है और हरि गुप्ता का विश्वास है कि जल्द ही यह अभियान सफलता की नई ऊँचाइयों को छूएगा।

## प्रधानमंत्री को अपनी गलती स्वीकार कर राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिएः प्रमोद तिवारी

संवाददाता

**लखनऊः** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा है, "मैं भी इंसान हूँ, मुझसे भी गलती हो सकती है।" श्री तिवारी ने कहा कि मोदी जी ने आधे-अधूरे मन से ही सही, सच्चाई को स्वीकार किया कि नोटबंदी का कदम देश के लिए अत्यंत गलत साबित हुआ।श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि नोटबंदी के माध्यम से देश की जी.डी.पी. में भारी गिरावट आई और इसके परिणामस्वरूप आम जनता, चाहे वह गरीब हो, मध्यम वर्ग हो या साधारण व्यक्ति हो, उन्हें इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के कारण देश की अर्थव्यवस्था अब तक सुधार नहीं पाई है और लाखों छोटे और मध्यम उद्योग खत्म हो गए हैं, जिससे करोड़ों लोगों के सामने जीविकोपार्जन की समस्या खड़ी हो गई है।प्रधानमंत्री द्वारा मणिपुर की गंभीर स्थिति की अनदेखी करने पर भी तिवारी ने आलोचना की और कहा कि मोदी जी ने वहां की जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया। साथ ही, कोरोना महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध लगाने में देर करने के कारण हजारों लोगों की जानें गईं, जो कि एक और बड़ी गलती थी।श्री तिवारी ने लद्दाख मुद्दे पर प्रधानमंत्री के बयान की भी आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने झूठा दावा किया कि न तो कोई देश की सीमा में घुसा और न ही भूमि पर कब्जा किया। इसके अलावा, विदेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने भारत की विदेश नीति के खिलाफ बयान दिए।राफेल सौदे पर भी तिवारी ने गंभीर आरोप लगाए, जहां उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने तीन गुना ज्यादा कीमत पर राफेल विमान खरीदी और देश की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया।अंत में, श्री तिवारी ने तंज करते हुए कहा कि एक सच्चा व्यक्ति वही है जो अपनी गलती को स्वीकार करता है और माफी मांगता है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की कि वे देश की जनता से अपनी गलतियों के लिए माफी मांगें।कुम्भ मेला के संदर्भ में भी श्री तिवारी ने बयान दिया कि यह एक प्राचीन धार्मिक स्थल है और हर जाति, धर्म के लोग यहां आकर अपनी आस्था की डुबकी लगाते हैं। उन्होंने कुम्भ मेले को सफल बनाने की कामना की।

## बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 'विश्वविद्यालय दिवस' धूमधाम से मनाया गया

संवाददाता

**लखनऊः** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 10 जनवरी को 'विश्वविद्यालय दिवस' समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत उपस्थित रहे। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. विवेक कुमार, राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. एस.के. भटनागर, बीबीएयू के सेवानिवृत्त शिक्षक प्रो. आर.बी.राम, कुलसचिव प्रो. यूवी किरण एवं आयोजन सचिव प्रो. शशि कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बाबासाहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद आयोजन समिति ने अतिथियों और शिक्षकों को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किए। आयोजन सचिव प्रो. शशि कुमार ने सभी का स्वागत किया, जबकि कैप्टन (डॉ.) राजश्री ने अतिथियों का परिचय दिया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। यह टैबलेट उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद योजना के तहत विद्यार्थियों को प्रदान किए गए थे, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में तकनीकी उपकरणों के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान, विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ फिजिकल एंड डिसीजन साइंस के संकायाध्यक्ष प्रो. बाल चंद्र यादव द्वारा लिखित पुस्तक 'कॉम्प्लेक्स एंड कम्पोसाइट मेटल ऑक्साइड्स फॉर गैस, वीओसी एंड ह्यूमिडिटी सेंसर्स' का विमोचन भी किया गया।कुलपति प्रो. एस.के. द्विवेदी ने विश्वविद्यालय की 28 साल की यात्रा को उत्सव का रूप देते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने विश्वविद्यालय की उन्नति में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की भूमिका को सराहा और भविष्य में अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और अन्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए बैजनाथ रावत से सहयोग का अनुरोध किया।

मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत ने समाज में युवा पीढ़ी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को महापुरुषों से प्रेरित होकर समाज में बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को संस्कार, आदर्शों और मूल्यों पर आधारित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।प्रो. विवेक कुमार ने बाबासाहेब अम्बेडकर के दो व्यक्तित्वों—एक्टिविस्ट और एकेडमिशियन—को गंभीरता से पढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया और बाबासाहेब के शैक्षणिक जीवन पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. यूवी किरण ने किया। इस अवसर पर लगभग 1050 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए और कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई शिक्षकगण, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियानः यूपी में सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार शराब सेवन की पहल

संवाददाता




**लखनऊः** भारत के प्रीमियम अल्कोहलिक बेवरेज उद्योग की अग्रणी संस्था, इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएसडब्ल्यूएआई), ने उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर राज्य में 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार शराब सेवन को प्रोत्साहित करना है।उत्तर प्रदेश, जो भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है, सड़क दुर्घटनाओं के कारण बड़ी संख्या में मौतों का सामना करता है, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर। नशे में गाड़ी चलाने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में 2.5% मौतें होती हैं, जिनमें अधिकांश पीड़ित अपने सबसे उत्पादक आयु वर्ग के होते हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए आईएसडब्ल्यूएआई और उत्तर प्रदेश सरकार ने जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से सड़कों पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देने की कोशिश की है।अभियान की शुरुआत करते हुए, श्री नितिन अग्रवाल, माननीय राज्य मंत्री, आबकारी, उत्तर प्रदेश ने कहा, "सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है और यह अभियान सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश देता हैः कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाएं।" यूपी पुलिस के यातायात और सड़क सुरक्षा के आईजी, श्री सुभाष चंद्र दुबे ने भी इस अभियान की अहमियत को रेखांकित करते हुए कहा कि नशे में गाड़ी चलाना अवैध है और यह मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है।अभियान के तहत, प्रमुख शहरों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, युवाओं के नेतृत्व में रोड शो आयोजित किए जा रहे हैं और बार और पब में जिम्मेदार उपभोग को बढ़ावा देने के लिए हस्तक्षेप किए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य शराब के सेवन के बाद वाहन चलाने के खतरों के प्रति जन जागरूकता फैलाना है।इस मौके पर, उत्तर प्रदेश के आबकारी आयुक्त, डॉ. आदर्श सिंह ने कहा, "यह पहल अत्यधिक महत्वपूर्ण है, और हम यह संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि 'कभी भी पीकर वाहन न चलाएं'।" इस अभियान के माध्यम से राज्य सरकार और आईएसडब्ल्यूएआई यह संदेश देना चाहते हैं कि सड़क सुरक्षा व्यक्तिगत जिम्मेदारी से शुरू होती है।इस अभियान के माध्यम से, आईएसडब्ल्यूएआई और राज्य सरकार सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ जिम्मेदार शराब सेवन की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करना चाहते हैं, ताकि सड़क पर सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार सुनिश्चित किया जा सके।

## अग्निवीर भर्ती रैली लखनऊ के एएमसी स्टेडियम में शुरू हुई

संवाददाता

**लखनऊः** मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (यूपी और यूके) भर्ती कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में अग्निवीरों के लिए भर्ती रैली 10 जनवरी, 2025 को लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में शुरू हो गई।भर्ती रैली के पहले दिन अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए कानपुर नगर जिले के कानपुर, घाटमपुर, नरवल और बिल्हौर तहसील के अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इन क्षेत्रों से कुल 1245 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 947 (76.06%) अभ्यर्थियों ने रैली में भाग लिया।11 जनवरी 2025 को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए फतेहपुर जिले के बिंदकी, फतेहपुर, खागा तहसील और गोंडा जिले के गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तहसील के अभ्यर्थी भाग लेंगे।अप्रैल 2024 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास करने वाले अभ्यर्थी 10 से 22 जनवरी 2025 तक भर्ती रैली में भाग ले रहे हैं। इस भर्ती रैली में कुल 13 जिलों - औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के लगभग 10,000 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी भाग लेंगे।




अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और दलालों के शिकार न बनें या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें। सशस्त्र बलों के लिए उपयुक्त सर्वोत्तम अभ्यर्थियों का चयन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है।

## लखनऊ में आयकर विभाग के साथ 'टीडीएस जागरूकता' कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

**लखनऊः** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में आयकर विभाग के साथ 'टीडीएस जागरूकता' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक डॉ. आर.के. भारती और आयकर अधिकारी/टीडीएस-प्रथम विशुन दत्त दीक्षित भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य रेलकर्मियों को आयकर और 'टीडीएस' के बारे में जागरूक करना था। आयकर अधिकारी विशुन दत्त दीक्षित ने DDO (Drawing and Disbursing Officer)/ Account's Office में Pendency of Demand's on TAN of DDO's, e-filing, और deductor's की जिम्मेदारियों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों की आयकर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया और डीडीओ को अपने कर्मचारियों के आधार और पैन को लिंक कराने पर बल दिया। इस अवसर पर मंडल वित्त प्रबंधक श्री उमेश कुमार, सहायक वित्त प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिंह, आयकर निरीक्षक श्री ब्रजेश यादव, सहायक सुश्री वैष्णवी और अन्य लेखा व कार्मिक विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## कानपुर में सपा विधायक को धमकाने में टीम इंस्पेक्टर सूर्यबली ने किया भाजपा नेता को गिरफ्तार

### समाजवादी पार्टी की विधायक नसीम सोलंकी से पहले भी कई बार अभद्रता कर चुका है गिरफ्तार भाजपा नेता धीरज चड्ढा

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां समाजवादी पार्टी की विधायिका नसीम सोलंकी के साथ अभद्रता की सीमा तोड़ते हुए धमकी देने वाले भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार कर लिया गया है। समाजवादी पार्टी की विधायक का नसीम सोलंकी को धमकी मामले में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं में भी रोष था और वे इसके खिलाफ बड़ी संख्या में स्वरूप नगर थाना भी पहुंचे थे ,जिसके बाद पुलिस ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए उसे विनायकपुर के एक घर से गिरफ्तार कर लिया। सपाइयों का आरोप है कि सीसामऊ से चुनाव जीतने के बाद विधायिका नसीम सोलंकी को स्वरूप नगर क्षेत्र में रहने वाले भाजपा नेता धीरज चडढा अभद्रता करते हुए पहले ही धमकी दे चुके हैं।

गत दिवस भी उन्होंने ऐसा ही किया। इसके विरोध में सपा नेताओं ने थाने में जमकर हंगामा किया। जिस पर पहले से ही सक्रिय पुलिस ने तत्काल ही आरोपी धीरज चढ़ा के मकान पर छापा मारा लेकिन वह फरार होने में सफल रहा। लेकिन पुलिस ने उसकी तलाश लगातार जारी रखी, जिसके फलस्वरूप दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए कल्याणपुर के एक मकान गिरफ्तार कर उसे जेल का रास्ता दिखा दिया।

याद रहे कि सपा विधायिका नसीम सोलंकी को धमकाने और उनसे अभद्रता करने के आरोप में जिस थाने स्वरूप नगर पुलिस ने भाजपा नेता धीरज चड्ढा को



गिरफ्तार किया गया है। आजकल उस स्वरुप नगर थाने की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय के हाथ में है।

सपा विधायक नसीम सोलंकी को धमकाने वाले भाजपा नेता धीरज चड्ढा को फरार होने के पहले ही गिरफ्तार करने वाले तथा कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ चुनौतीपूर्ण नजीराबाद की भी कमान बहुत सफलता पूर्वक संभाले ,सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में सैकड़ों अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी के साथ तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार करने वाले इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी की सीसामऊ से विधायक नसीम सोलंकी को धमकाने वाले भाजपा नेता धीरज चड्ढा को गिरफ्तार करने की कार्रवाई भी चर्चा का विषय बनी हुई

## टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच का दावा: ऑस्ट्रेलिया में हिरासत के दौरान उन्हें जहर दिया गया था

**मेलबर्न, एजेंसी।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने कहा है कि 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के वीज़ा विवाद के समय हिरासत के दौरान उन्हें जहरीला खाना खिलाया गया था, इससे पहले कि उन्हें सीज़न के पहले मेजर की पूर्व संध्या पर निर्वासित कर दिया गया।

24 बार के मेजर विजेता का 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया के कोविड-19 प्रवेश नियमों और उनके बिना टीकाकरण की स्थिति के कारण वीज़ा रद्द कर दिया गया था। उन्हें शुरू में वीज़ा छूट दी गई थी, लेकिन बाद में ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने इसे रद्द कर दिया जिसके परिणामस्वरूप उन्हें मेलबर्न के एक होटल में शरणार्थियों के साथ हिरासत में रखा गया।

जोकोविच ने जीक्यू को बताया, मुझे एहसास हुआ कि मेलबर्न के उस होटल में मुझे कुछ ऐसा खाना खिलाया गया था जिससे मुझे ज़हर हो गया था। जब मैं सर्बिया वापस आया तो मुझे कुछ पता चला। मैंने कभी किसी को सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया... मेरे शरीर में भारी धातु का स्तर बहुत ज़्यादा था। मेरे शरीर में सीसा और पारा का स्तर बहुत ज़्यादा था। सर्ब ने आगे कहा कि 2022 के विवाद के बावजूद उन्हें ऑस्ट्रेलियाई लोगों से कोई शिकायत नहीं है। हालांकि, 12 महीने बाद, वह खिताब जीतने के लिए मेलबर्न लौट आए। उन्होंने कहा, पिछले कुछ सालों में



ऑस्ट्रेलिया या दुनिया के दूसरे देशों में मिलने वाले बहुत से ऑस्ट्रेलियाई लोग मेरे पास आए और मेरे साथ किए गए व्यवहार के लिए मुझसे माफ़ी मांगी, क्योंकि उस समय वे अपनी ही सरकार से शर्मिंदा थे। उन्होंने कहा, और मुझे लगता है कि सरकार बदल गई है और उन्होंने मेरा वीज़ा बहाल कर दिया है और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं।

मुझे वहां रहना बहुत पसंद है और मुझे लगता है कि मेरे नतीजे टेनिस खेलने और उस देश में होने की मेरी भावना का प्रमाण हैं। जोकोविच ने कहा, कुछ साल पहले मुझे उस देश से निर्वासित करने वाले लोगों से मैं कभी नहीं मिला। मुझे उनसे मिलने की इच्छा नहीं है। अगर मैं किसी दिन उनसे मिलूंगा, तो भी ठीक है। मैं हाथ मिलाकर आगे बढ़ने के लिए खुश हूं।

हालांकि, ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने जोकोविच के दावों पर बात करने से इनकार कर दिया। टिली ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, मैं इस सवाल का जवाब नहीं दूंगा। मैं वहां नहीं जाऊंगा। यह तीन साल पहले की बात है। हम सिर्फ एक शानदार आयोजन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 37 वर्षीय जोकोविच अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलियन ओपन में रिकॉर्ड 25वें प्रमुख खिताब के लिए अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## बीसीसीआई की विशेष आम बैठक रविवार को, आईसीसी चेयरमैन जय शाह को किया जाएगा सम्मानित



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की राज्य इकाइयां बोर्ड की रविवार को यहां होने वाले विशेष आम बैठक (एसजीएम) से इतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित करेंगी।

बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह पिछले साल अगस्त में निर्विरोध चुने जाने के बाद सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन बने। उन्होंने एक दिसंबर को पदभार संभाला। शाह ने ग्रेग बार्कले का स्थान लिया जिन्होंने तीसरा कार्यकाल नहीं लेने का फैसला किया। शाह अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव और जनवरी 2021 से एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष थे। शाह बीसीसीआई के नए सचिव और कोषाध्यक्ष के चुनाव के लिए बुलाई गई एसजीएम में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

## इंडिया-ऑयरलैंड: प्रतिका रावल शतक से चूकीं, टीम को मिली शानदार जीत

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने प्रतिका रावल (89 रन) और तेजल हसाबनिस (नाबाद 53 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ शुरूआती महिला एकदिवसीय मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज की। आयरलैंड ने कप्तान गैबी लुईस के 92 रन और उनकी लियाह पॉल (59 रन) के साथ 117 रन की साझेदारी से 7 विकेट पर 238 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने यह लक्ष्य 34.3 ओवर में 4 विकेट पर 241 रन बनाकर हासिल कर लिया।



भारत की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने जीत के बाद कहा कि इन विकेटों पर गेंदबाजी करने के लिए गेंदबाजों ने अच्छा काम किया। फील्डिंग बेहतर होने की जरूरत है। हमारे बल्लेबाजों के लिए वास्तव में खुशी है। तेजल ने अच्छा खेला। पिछले कुछ दिनों में हमारी अच्छी बातचीत हुई है। आपको गेंदबाजों को जानना जरूरी है। यह हमारे लिए एक आदर्श दिन था। हमें उन्हें 180 तक सीमित रखना चाहिए था, आगे भी हम ऐसा करने का लक्ष्य रखेंगे। आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान गैबी लुईस ने कहा कि मैं अच्छा महसूस कर रही हूं, काफी बेहतर महसूस कर रही हूं। ऐसा मत सोचो कि हमने अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से बल्लेबाजी की, सिर्फ सकारात्मकता पर ध्यान केंद्रित किया। मुझे खुशी है, हम वहां टिके रहे और एक अच्छी साझेदारी बनाई (लीह पॉल के साथ)। बांग्लादेश के लिए, विकेट अलग थे। यह सब (परिस्थितियों के अनुरूप) ढलने के बारे में है। हमारी फील्डिंग और स्पिनरों की गेंदबाजी - इस खेल से सीखने के लिए कुछ सकारात्मक चीजें थीं।

प्लेयर ऑफ द मैच बनी प्रतिका रावल ने कहा कि मैं यहां सहज हूं। इससे बहुत मदद मिलती है, हमेशा मंधाना को दूसरे छोर से देखने का आनंद लें।

मनोविज्ञान का छात्र होने से भी शांत रहने में मदद मिलती है। हम बस इसे सरल बनाए रखने की कोशिश कर रहे थे, हमारी शुरुआत अच्छी रही। हमें बस लय बरकरार रखनी थी। अंत में तेजल ने भी बहुत अच्छा खेला। वास्तव में हम सभी ने अच्छा खेला।

## 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप में सुशील ने पैरा कैटेगरी में जीता स्वर्ण पदक

**जयपुर, एजेंसी।** नई दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 में जयपुर के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक, सुशील कुमार मीना ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सभी का ध्यान




आकर्षित किया और प्रतियोगिता में 85/125 का स्कोर कर पैरा कैटेगरीी में स्वर्ण पदक जीता और प्रतिष्ठित रेनाउंड शूटर का खिताब भी प्राप्त किया। सुशील ने कहा कि इस सफलता में राजस्थान राइफल एसोसिएशन और मेरे कोच महिपाल सिंह शेखावत के मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान है, जो मुझे हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। अपने शिष्य की सफलता पर कोच शेखावत ने कहा कि ÷सुशील की मेहनत और लगन रंग लाई है। यह उसकी शूटिंग करियर की बड़ी उपलब्धियों की शुरुआत है।÷ सुशील के प्रदर्शन ने न केवल उनके समुदाय को गर्वित किया है, बल्कि भारतीय शूटिंग खेल में जमीनी स्तर से उभरती प्रतिभाओं की संभावना को भी उजागर किया है।

## चक्रवर्ती के पास इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में जगह बनाने का मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में जगह बनाने के लिए एक बाहरी मौका बनकर उभरे हैं। सूत्रों ने आईएएनएस को यह जानकारी दी। भारत 22 जनवरी को कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेगा। इसके बाद वह चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए दुबई जाएगा। टूर्नामेंट के बाकी आधे मैचों की मेजबानी पाकिस्तान करेगा। अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर पुरुष चयन समिति शनिवार को बैठक करेगी, जिसमें पहले बताए गए कार्यों के लिए टीमों का चयन किया जाएगा, खासकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम की घोषणा करने की आखिरी तिथि रविवार है।

## अश्विन की पंत को सलाह, इस तरह हर मैच में जड़ सकते हैं शतक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि अगर ऋषभ पंत अपने आक्रामक और रक्षात्मक खेल के बीच संतुलन बनाने में सफल रहते हैं तो वह प्रत्येक मैच में शतक बना सकते हैं। अकेले दम पर मैच का रुख पलटने की पंत की क्षमता की सराहना करते हुए अश्विन ने कहा कि उनके कई शॉट बहुत जोखिम वाले होते हैं जिसके कारण वह अपनी क्षमता का सही आकलन नहीं कर पाते हैं। पंत ने हाल ही में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें मैच की पहली पारी में अपने रक्षात्मक खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए 40 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में उन्होंने भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हमें उसे ठीक से बताना होगा कि अगर उसे ठोस बल्लेबाजी करनी है या किसी इरादे के साथ बल्लेबाजी करनी है तो उसे क्या करना है। उसने बहुत सारे रन नहीं बनाए हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि उसने रन नहीं बनाए हों। उसके पास अभी बहुत समय है।

## इंडिया-इंग्लैंड: सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में इन 3 देशों को लगातार हरा चुका है भारत, अब इंग्लैंड को धूल चटाने की बारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2024 में वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था और इसके बाद उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले ली थी। रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान सूर्यकुमार यादव को बनाया गया और उनके कप्तान बनने के बाद टीम इंडिया लगातार सफलता का स्वाद चख रही है। अब भारत को उनकी कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है।

**सूर्या की कप्तानी में भारत जीत चुका है लगातार 3 टी-20 सीरीज**

सूर्यकुमार यादव को जब भारतीय टी20 क्रिकेट टीम का फुल टाइम कप्तान बनाया गया था उससे पहले भी उन्होंने टीम की कप्तानी की थी और उनका प्रदर्शन बतौर कप्तान अच्छा रहा था। सूर्यकुमार के फुल टाइम कप्तान बनने के बाद भारत ने पहली टी20 सीरीज श्रीलंका के खिलाफ खेली थी और 3 मैचों की इस सीरीज में भारत ने श्रीलंका को 3-0 से हराया था। इसके बाद भारत ने उनकी कप्तानी में बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज खेली थी जिसमें टीम इंडिया को 3-0 से जीत मिली थी।

इसके बाद भारत ने साउथ अफ्रीका दौरे पर उनकी कप्तानी में 4 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लिया था और भारत ने वहां अपना झंडा बुलंद करते हुए इस सीरीज को 3-1 से जीत लिया था। यानी उनकी कप्तानी में भारत ने तीन लगातार टी20 सीरीज में जीत र्ज की है और अब भारत के पास इंग्लैंड को हराकर लगातार 4 टी20 सीरीज अपने नाम करने का शानदार मौका है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने अब तक कुल 17 मैच खेले हैं जिसमें भारत को 13 मैचों में जीत मिली है जबकि 3 मैचों में हार मिली है और एक मैच टाई रहा है।

भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है और इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत है, लेकिन भारत को अपनी धरती पर खेलने का फायदा मिलेगा और सूर्यकुमार यादव के पास इंग्लिश टीम के खिलाफ टी20 सीरीज जीतने का अच्छा मौका है।

सूर्यकुमार यादव बतौर कप्तान पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक कुल 24 टी20 मैच खेले गए हैं जिसमें भारत को 13 मैचों में जीत मिली है जबकि इंग्लैंड ने 11 मैचों में जीत दर्ज की है। भारतीय धरती पर दोनों देशों के बीच 11 मैच खेले गए हैं जिसमें टीम इंडिया को 6 मैचों में जीत मिली है जबकि इंग्लैंड को 5 मैच में जीत मिली है।



### इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज से बाहर हुए केएल राहुल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टी20 और वनडे सीरीज में भारतीय टीम के लिए खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचो की टी20 सीरीज और उसके बाद 3 मैचों की वनडे सीरीज का आयोजन किया जाएगा। दोनों देशों के बीच पहले टी20 सीरीज खेली जाएगी जिसकी शुरुआत 22 जनवरी को कोलकाता में होगी।

केएल राहुल को इंग्लैंड के खिलाफ क्रिकेट सीरीज के लिए आराम दिया गया है, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम के सेलेक्टर्स ने उनसे कहा है कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम में चुना जाएगा जिसका आयोजन पाकिस्तान में किया जाएगा।

## तेंदुलकर, गावस्कर समेत कई भारतीय कप्तान वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई के दिग्गज क्रिकेटर और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान 19 जनवरी को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम 12 जनवरी को शुरू होंगे और 19 जनवरी को एक भव्य मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक शाम होगी। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर और डायना एडुल्जी समेत मुंबई के दिग्गज और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान वानखेड़े स्टेडियम के ऐतिहासिक महत्व को मनाने के लिए एकजुट होंगे। यह उत्सव खेल की विरासत में स्टेडियम की महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने का वादा करता है।

मुख्य कार्यक्रम में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों से मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे। उपस्थित लोग प्रसिद्ध कलाकारों अवधूत गुप्ते और अजय-अतुल के प्रदर्शन और लुभावने लेजर शो का आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, जैसा कि हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं सभी क्रिकेट प्रशंसकों को



इस महत्वपूर्ण अवसर का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आमंत्रित करता हूं। हमारे दिग्गज नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे, और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत को श्रद्धांजलि देंगे जो मुंबई का गौरव है। आइए इस उत्सव को वास्तव में अविस्मरणीय बनाएं। समारोह के एक भाग के रूप में, एमसीए के पदाधिकारी और शीर्ष परिषद के सदस्य 19 जनवरी को एक कॉफी टेबल बुक जारी करेंगे। वानखेड़े स्टेडियम की प्रतिष्ठित विरासत को सम्मानित करने के लिए एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। उत्सव सप्ताह के दौरान, एमसीए 12 जनवरी को एमसीए अधिकारियों और महावाणिज्यदूत नौकरशाहों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन करेगा।

मुंबई क्रिकेट के गुमनाम नायकों के योगदान और प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हुए, एमसीए 15 जनवरी को एमसीए के क्लबों और मैदानों के ग्राउंड्समैन को सम्मानित करेगा और उनके लिए पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और विशेष लंच का आयोजन करेगा, इसके बाद 1974 में वानखेड़े स्टेडियम में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाली मुंबई टीम के सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।



### चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज वरूण आरोन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया जब उनकी टीम झारखंड का विजय हजारे ट्रॉफी में अभियान समाप्त हो गया। 34 वर्ष के आरोन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण 2011 में किया था। उन्होंने भारत के लिए 9 टेस्ट और 9 वनडे खेले। उन्होंने पिछले साल लाल गेंद के क्रिकेट से विदा ले ली थी। आरोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'पिछले 20 साल से मैं तेज गेंदबाजी को समर्पित रहा हूं। आज पूरी कृतज्ञता के साथ मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। उन्होंने कहा, 'इतने साल में मैने करियर के लिए खतरा बनी अनेक चोटों से उबरने में शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत की, बार-बार वापसी की और इसके लिए मैं अपने फिजियो, ट्रेनर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कोचों को धन्यवाद देता हूं। आरोन ने कहा, 'अब मैं अपने जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का लुत्फ उठाना चाहूंगा लेकिन खेल से भी जुड़ा रहूंगा जिसने मुझे सब कुछ दिया है। तेज गेंदबाजी मेरा पहला प्यार रहा है और हमेशा मेरे जीवन का अहम हिस्सा रहेगी।

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप: मुक्केबाजी में गत चैंपियन शिवा थापा की शानदार शुरुआत, सचिन भी जीते



**बरेली, एजेंसी।** असम के शिवा ने इनायत को 5-0 से हराया। पूर्व विश्व यूथ चैंपिन सचिन सिवाच ने सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के अक्षर को 5-0 से पराजित किया। इस दमदार जीत से उन्होंने खिताब के लिए अपनी तैयारियों का संकेत दे दिया है।

गत चैंपियन शिवा थापा ने वेल्टरवेट (60-65 भारवर्ग) में इनायत खान को हराकर राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत की। 2012 लंदन ओलंपिक में क्वालिफाई करने वाले सबसे युवा असम के शिवा ने इनायत को 5-0 से हराया। पूर्व विश्व यूथ चैंपिन सचिन सिवाच ने सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के अक्षर को 5-0 से पराजित किया। इस दमदार जीत से उन्होंने खिताब के लिए अपनी तैयारियों का संकेत दे दिया है। चैंपियनशिप के दूसरे दिन गुरुवार को राजस्थान के देवांश सौलंकी ने उत्तर प्रदेश के विकास सिंह को फ्लाइवेट (47-50 भारवर्ग) में जजों के सर्वसम्मत निर्णय से पराजित किया। इसी भारवर्ग में छत्तीसगढ़ के आशुतोष यादव ने गुजरात के अकलीम खान को मात दी। दो बार के विजेता सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के मुक्केबाजों ने कई श्रेणियों में अच्छा प्रदर्शन किया। हितेश गुलिया, दीपक, जुगनू और विशाल ने लाइट मिडिलवेट वेल्टरवेट, क्रूसरवेट और हेवीवेट में जीत हासिल की। राजस्थान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। प्रियदर्शिनी (लाइट मिडिलवेट), पुष्पेंद्र सिंह (क्रूसरवेट) और हर्ष चौधरी (हेवीवेट) ने अपने प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाजों को हराया। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) और उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में 300 से ज्यादा मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं



# इस देवता की गलती से आस्था का केंद्र बन गया महाकुंभ, समुद्र मंथन से है गहरा नाता

**जल्द ही महाकुंभ की शुरुआत होने जा रही है। साल 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन सोमवार 13 जनवरी से होने जा रहा है। यह लोगों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र बना हुआ है जिसमें करोड़ों की संख्या में भीड़ जुटने का अनुमान है। यह महाकुंभ इसलिए भी खास होने वाला है क्योंकि इसका आयोजन 144 वर्षों बाद होने जा रहा है।**

हिंदू धर्म में महाकुंभ  किसी पर्व से कम नहीं है। इसे लेकर यह मान्यता है कि जो भी व्यक्ति महाकुंभ में स्नान करता है, उसके सभी पाप धुल जाते हैं और उसे जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति मिल जाती है। कुंभ से संबंधित एक प्रचलित दंतकथा भी मिलती है, जिसके अनुसार चंद्रमा द्वारा की गई एक गलती की वजह से कुंभ का आयोजन होता है। हालांकि इस कथा का वर्णन पुराणों में नहीं मिलता। बल्कि इस दंतकथा का वर्णन इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में प्राचीन इतिहास के प्रोफेसर डॉ. डी.पी. दुबे की पुस्तक कुंभ मेला – पिलग्रिमेज टू द ग्रेटेस्ट कॉस्मिक फेयर' में किया गया है। चलिए जानते हैं इसके बारे में।

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार अमृत पाने की चाह में देवताओं और असुरों के बीच समुद्र मंथन हुआ। इस दौरान कई तरह के रत्नों की उत्पत्ति हुई, जिन्हें सहमति के साथ देवताओं और असुरों ने आपस में बांट लिया। लेकिन जब आखिर में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर बाहर निकले, तो अमृत को पाने के लिए देवताओं और असुरों के बीच युद्ध छिड़ गया।

## चंद्र देव को मिली थी ये जिम्मेदारी

असुरों से अमृत को बचाने के लिए इंद्र के पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर भागने लगे। इस अमृत तो संभालने की जिम्मेदारी चंद्रमा को दी गई थी, लेकिन छीना–झपटी में वह कलश को संभाल नहीं सके, जिस कारण अमृत की कुछ बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिर गईं। आज इन्हीं चार स्थानों पर 12 साल के अंतराल में महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। इस दंतकथा के अनुसार यह कहा जा सकता है कि चंद्रमा जी की गलती के कारण ही आज महाकुंभ का आयोजन होता है।




# दुर्लभ संयोग में महाकुंभ की शुरुआत

## जानें इसके नियम और शुभ मुहूर्त?

**अगर आप महाकुंभ का पहला शाही स्नान करने जा रहे हैं तो सबसे पहले उसके नियमों के बारे में जान लें वरना आपको कई मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है. मान्यता है कि शाही स्नान की परंपरा में सबसे पहले साधु-संत स्नान करते हैं उसके बाद ही आम श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा सकते हैं. मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान शाही स्नान करने से सारे पाप खत्म हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है.**

महाकुंभ मेले का समय जैसे–जैसे  नजदीक आता जा रहा है, वैसे–वैसे भक्तों में कुंभ स्नान को लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है. 114 साल बाद तीर्थनगरी प्रयागराज में पूर्ण कुंभ का दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है. महाकुंभ हर 12 साल पर लगता है और जब 12–12 वर्षों का 12वां चरण पूरा होता है तो उसे पूर्ण कुंभ कहा जाता है.

### 144 साल बाद संयोग

ऐसे में इस बार जो महाकुंभ लग रहा है इसका संयोग 144 साल बाद बना है. आइए जानते हैं कि इस साल अमृत स्नान (शाही स्नान) के लिए सबसे शुभ तिथियां कौन–कौन सी हैं.
महाकुंभ के पहले दिन अद्भुत संयोग
हिंदू वैदिक पंचांग के अनुसार, जिस दिन महाकुंभ का शुरू होगा उस दिन रवि योग का अद्भुत संयोग बन रहा है. इस शुभ संयोग में स्नान और दान करने का महत्व कई गुना अधिक बढ़ जाता है.

### रवियोग का शुभ संयोग

महाकुंभ के पहले दिन रवियोग का शुभ संयोग सुबह 7 बजकर 15 मिनट से 10 बजकर 38 मिनट तक रहेगा. रवि योग को शुभ कार्यों के लिए हिंदू धर्म में खास माना गया है.

### कब से कब तक है कुंभ मेला

इस बार महाकुंभ मेला पौष पूर्णिमा यानी 13 जनवरी 2025 से शुरू हो रहा है. जबकि इसका समापन फाल्गुन कृष्ण अमावस्या (महाशिवरात्रि) यानी 26 फरवरी को होगा. इस दिन महाकुंभ का आखिरी अमतृ स्नान (शाही स्नान) होगा.

### अमृत की बूंद गिरी

प्रयागराज उन 4 स्थानों में से एक है, जहां पर अमृत की बूंद गिरी थीं. बाकी तीन स्थान हरिद्वार, उज्जैन और नासिक हैं. प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदी का संगम भी है, जिसे त्रिवेणी संगम कहते हैं.

### सारे पाप हो जाते हैं खत्म

ऐसी मान्यता है कि महाकुंभ के दौरान अगर आप प्रयागराज आकर त्रिवेणी घाट पर स्नान करते हैं तो सारे पाप खत्म हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है. इन स्नानों में शाही स्नानों की तिथियों को बेहद शुभ माना जाता है.

### शाही स्नान की परंपरा

शाही स्नान की परंपरा में सबसे पहले साधु–संत स्नान करते हैं, इसके बाद आम श्रद्धालु गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाते हैं.

### ग्रहों और नक्षत्रों की विशेष स्थिति

महाकुंभ के समय ग्रहों और नक्षत्रों की विशेष स्थिति के कारण संगम का जल काफी पवित्र माना जाता है. इसलिए शाही स्नान को अत्यंत शुभ माना जाता है.

## महाकुंभ में सारे स्नान शाही नहीं; कब सामान्य, कब शाही स्नान?

जब भी महाकुंभ की बात होती है तो सबसे पहले श्रद्धालुओं के मन में उन महत्वपूर्ण तिथियों को जानने की जिज्ञासा होती है, जिनमें शाही स्नान किया जा सकता है। इंटरनेट पर सर्च करने पर तिथियों के मामले में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, कोई पांच शाही स्नान बता रहा तो कोई छह शाही स्नान। इस साल 13 जनवरी 2025 को महाकुंभ की शुरुआत होगी, जिसका समापन 26 फरवरी 2025, महाशिवरात्रि को होगा। महाकुंभ 45 दिन तक चलता है। हम आपको बता दें कि प्रयागराज में आयोजित इस बार के कुंभ में तीन शाही स्नान होंगे और इसके अतिरिक्त तीन ऐसी तिथियां होंगी जिन पर स्नान करना भी काफी शुभ माना जाएगा। आइए जानते हैं इन तिथियों के बारे में–

13 जनवरी (सोमवार)– स्नान, पौष पूर्णिमा
14 जनवरी (मंगलवार)– शाही स्नान, मकर सक्रांति
29 जनवरी (बुधवार)– शाही स्नान, मौनी अमावस्या
3 फरवरी (सोमवार)– शाही स्नान, बसंत पंचमी
12 फरवरी (बुधवार)– स्नान, माघी पूर्णिमा
26 फरवरी (बुधवार)–  स्नान, महाशिवरात्रि





# महाकुंभ में कितनी डुबकी लगाएं? किस मंत्र का करें जाप, पुण्य लाभ के लिए जरूरी ये बातें

**13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ शुरू होने वाला है. यह सनातन धर्म में महाकुंभ को धर्म और आस्था का सबसे बड़ा मेला कहा जाता है. इसे पूर्ण कुंभ भी कहा जाता है. महाकुंभ में स्नान करने के लिए खास नियम बताए गए हैं. जिनका पालन करने पर स्नान का पुण्य मिलता है.**

प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ शुरू होने वाला है. सनातन धर्म में महाकुंभ को धर्म और आस्था का सबसे बड़ा मेला कहा जाता है. इसे पूर्ण कुंभ भी कहा जाता है. हर 12 साल पूर्ण कुंभ बारी–बारी से देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर आयोजित होता है. कहा जाता है कि महाकुंभ में स्नान करने से जन्म–जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है. इसी वजह से महाकुंभ पर देश–विदेश से करोड़ों श्रद्धालु और साधु–संत संगम के तट पर पहुंचते हैं. करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने की उम्मीद है. कुंभ में गृहस्थ यानी शादीशुदा लोगों के लिए स्नान के खास नियम बताए गए हैं.

### कुंभ स्नान के खास नियम

महाकुंभ में स्नान के लिए खास नियम बताए गए हैं. इन नियमों का पालन करने से विशेष पुण्य मिलता है. शाही स्नान के दिन जब साधु–संत स्नान कर लें तब गृहस्थ लोगों को स्नान करना चाहिए. शास्त्रों की मानें तो, कुंभ में स्नान करते वक्त कम से कम पांच डुबकी लगाना जरूरी है. स्नान करते समय गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति, नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन् सन्निधिं कुरू मंत्र का जाप करें. यह मंत्र बेहद शक्तिशाली है और इसका प्रभाव आपको महाकुंभ में स्नान करने जैसा फल दे सकता है. कुंभ मेला समुद्र मंथन की कथा से जुड़ा है. मान्यता है कि अमृत कलश से अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरी थीं, जिससे ये स्थान पवित्र हो गए. यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परंपरा और इतिहास को भी समृद्ध करता है.

### क्या लेकर जाएं क्या नहीं?

अगर कुंभ मेले में जा रहे हैं तो अपने साथ जरूरी सामान ही साथ ले जाएं. पानी की बोतल, हल्का खाना और जरूरी कागजात सबसे जरूरी चीजें हैं. इसके अलावा रहने की व्यवस्था पहले से बना लें. कोशिश करें कम से कम सामान लेकर जाएं. रहने के लिए ज्यादा दूर न हो. साथ ही हाथों की साफ–सफाई का ध्यान रखें. मेले में आप अपना कोई कीमती सामान, जरूरत से ज्यादा खाना और ज्यादा कपड़े न लेकर जाएं. अजनबी लोगों पर भरोसा न करें. अनाधिकृत स्थानों पर खाना खाते समय सावधानी रखें. तय की गई सीमा से ज्यादा नदी में न जाएं. डूबने का खतरा रहेगा.

### महाकुंभ में क्या न करें?

घर से स्नान करके ही जाएं. स्नान के समय साबुन, डिटर्जेंट जैसी चीजों का इस्तेमाल न करें. कपड़े न धोएं. पूजा सामग्री नदी में न डालें. कहीं पर भी प्लास्टिक की थैलियों का इस्तेमाल न करें. खुले में शौच या पेशाब न करें. अगर आपको कोई संक्रामक रोग है तो आप भीड़–भाड़ वाली जगहों पर न जाएं.

# अर्धकुंभ, पूर्णकुंभ और महाकुंभ में क्या है अंतर?

**भारतीय संस्कृति और परंपराओं में कुंभ मेले का अत्यधिक विशेष महत्व है। यह अद्वितीय मेला चार पवित्र स्थानों पर ही आयोजित किया जाता है, इसमें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक शामिल हैं। यह न केवल एक धार्मिक आयोजन है बल्कि इसमें खगोलीय घटनाओं का भी गहरा प्रभाव माना जाता है।**

साल 2025 में महाकुंभ 13 जनवरी से आरंभ हो रहा है और 26 फरवरी 2025 को इसका समाप्त होगा। यह कुंभ मेला पूरे 45 दिनों तक चलेगा।
कुंभ मेले के चार प्रकार होते हैं, कुंभ, अर्धकुंभ, पूर्णकुंभ और महाकुंभ। इन सभी के बीच समयावधि, धार्मिक महत्व और खगोलीय कारणों के आधार पर विभिन्नताएं होती हैं। अक्सर लोगों के इनके बीच काफी दुविधा रहती है। आइए इनके बीच के अंतर और ग्रहों के गोचर से इनके संबंध के बारे में विस्तार से समझते हैं।



### अर्धकुंभ क्या है?

कुंभ मेला हर 12 वर्ष में आयोजित होता है और इसे चारों तीर्थ स्थलों पर बारी–बारी से मनाया जाता है। इसका आयोजन तब होता है जब सूर्य, चंद्रमा और गुरु ग्रह विशिष्ट खगोलीय स्थिति में होते हैं। इस अवधि में गंगा, क्षिप्रा, गोदावरी और संगम का जल विशेष रूप से पवित्र माना जाता है।

### अर्धकुंभ मेला

पहले अर्धकुंभ के बारे में जानते हैं, दरअसल अर्धकुंभ मेला हर 6 वर्ष के अंतराल पर आयोजित किया जाता है। यह भारत में सिर्फ दो जगहों हरिद्वार और प्रयागराज में लगता है। अर्ध का अर्थ आधा होता है। हरिद्वार और प्रयाग में दो कुंभ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुंभ लगता है, इसलिए इसे कुंभ मेला के मध्य चरण के रूप में देखा जाता है।

### पूर्णकुंभ मेला

पूर्णकुंभ 12 साल में एक बार लगता है। पूर्णकुंभ मेला केवल प्रयागराज में आयोजित होता है। हालांकि पूर्णकुंभ को भी महाकुंभ कहते हैं। इस बार यानी 2025 में 12 साल बाद प्रयागराज में पूर्णकुंभ लगने वाला है। इसे धार्मिक उत्सव का उच्चतम स्तर माना जाता है।

### महाकुंभ मेला

महाकुंभ की बात करें तो यह 144 साल में सिर्फ एक ही बार लगता है। इसका आयोजन केवल प्रयागराज में होता है। महाकुंभ को अत्यंत दुर्लभ और विशिष्ट धार्मिक आयोजन माना जाता है, जो 12 पूर्णकुंभ के बाद होता है। महाकुंभ को लाखों श्रद्धालुओं का महासंगम और ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन माना जाता है।

### कुंभ मेले का महत्व

कुंभ मेला न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह आत्मशुद्धि, मोक्ष प्राप्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करने का अवसर भी प्रदान करता है। कुंभ में स्नान करने से पापों का नाश और पुण्य की प्राप्ति होती है। यह धार्मिक आयोजन सामाजिक और सांस्कृतिक समागम का भी प्रतीक है।

### महाकुंभ लगाने के लिए कैसा होता स्थान का चयन

महाकुंभ लगने का निर्णय देवताओं के गुरु बृहस्पति और ग्रहों के राज्य सूर्य की स्थिति के हिसाब से किया जाता है। आइए जानते हैं किस स्थान पर मेला लगेगा इसका निर्णय कैसे होता है।

**हरिद्वार**– जब देवगुरु बृहस्पति कुंभ राशि में और सूर्यदेव मेष राशि में होते हैं तब हरिद्वार में महाकुंभ का आयोजन किया जाता है।

**उज्जैन**– जब सूर्यदेव मेष राशि में और गुरु ग्रह सिंह राशि में होते हैं कुंभ मेले का आयोजन उज्जैन में किया जाता है।

**नासिक**– जब गुरु गृह और सूर्य देव दोनों ही सिंह राशि में विराजमान रहते हैं तो महाकुंभ मेले का आयोजन स्थल नासिक होता है।

**प्रयागराज**– जब गुरु ग्रह बृहस्पति वृषभ राशि में और ग्रहों के राजा मकर राशि में होते हैं तो महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में किया जाता है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 11 जनवरी, 2025






## यश के 39वें बर्थडे पर रिलीज हुआ टॉक्सिक का टीजर, दो घंटे में मिले 8 लाख से ज्यादा व्यूज

**साउथ अभिनेता यश अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। केजीएफ 1 और केजीएफ 2 में अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस से सभी के दिलों में खास जगह बना चुके यश की आगामी एक्शन फिल्म टॉक्सिक का टीजर सामने आ चुका है। टॉक्सिक के टीजर में यश एक नाइट क्लब में लड़कियों के साथ मस्ती करते नजर आए।**

### टॉक्सिक का टीजर हुआ रिलीज

केवीएन प्रडोक्शन ने कुछ ही देर पहले फिल्म टॉक्सिक का म्यूजिकल टीजर रिलीज किया है। फिल्म निर्माताओं ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें यश की फिल्म के लुक का ही एक पोस्टर दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर का लुक रेड रंग का है, जिसमें यश टोपी पहने नजर आ रहे हैं। इस लुक के साथ निर्माताओं ने लिखा, स्वागत है आपका अदम्य संसार में #टॉक्सिकदमूवी.. इसके साथ ही फिल्म टॉक्सिक का म्यूजिकल टीजर का यूट्यूब लिंक दिया है

### नाइट क्लब में दिखी यश की मस्ती

टॉक्सिक के टीजर में यश एक नाइट क्लब में नजर आ रहे हैं। उनका स्वैग प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म दिसंबर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। अपने शानदार कलाकारों और गीतू मोहनदास के निर्देशन के साथ, टॉक्सिक का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है।

रिलीज का है प्रशंसकों को इंतजार

केजीएफ और केजीएफ 2 के बाद यश फिल्म टॉक्सिक में नजर आएंगे। आज टीजर रिलीज के बाद से ही यश के प्रशंसक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉक्सिक में कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी और तारा सुतारिया जैसे कई बेहतरीन अभिनेत्रियां दिखाई दे सकती हैं। हाई-ऑक्टेन गैंगस्टर ड्रामा फिल्म टॉक्सिक को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है।

### निर्माताओं ने टीजर रिलीज का किया था वादा

टॉक्सिक के टीजर रिलीज से पहले यश का एक और लुक सामने आया था, जिसमें वह टोपी पहने नजर आए। पूरी तस्वीर लाल रंग में दिखी। साथ ही यह भी लिखा था कि यश के जन्मदिन पर 10.25 पर फिल्म टॉक्सिक को लेकर कुछ खास आएगा। फिल्म निर्माताओं ने वादे के अनुसार टॉक्सिक का म्यूजिकल टीजर रिलीज कर दिया है।



## मैडॉक की फिल्म में नजर आएंगी कियारा आडवाणी?

पिछले साल स्त्री 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाने वाली मैडॉक फिल्म्स अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में आ गई है। इस फिल्म का नाम शक्ति शालिनी है। हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि फिल्म में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। हालांकि, प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

### कब रिलीज होगी शक्ति शालिनी?

सोशल मीडिया पर कियारा के नाम पर चल रही चर्चाओं ने अभिनेत्री के फैंस को उत्साहित कर दिया है। मैडॉक फिल्म्स अपने सुपरनैचुरल यूनिवर्स के लिए मशहूर है। फिल्म शक्ति शालिनी 31 दिसंबर, 2025 को रिलीज होने के लिए प्रस्तावित है। फिल्म से जुड़े अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक कियारा को फिल्म में अहम भूमिका में कास्ट करने पर विचार किया जा रहा है। एक सूत्र ने बताया, फिल्म में एक ऐसी नायिका की जरूरत है जो ताकत के साथ नाजुकता को भी पर्दे पर प्रदर्शित सके। कियारा इस भूमिका के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं। बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कुछ तय नहीं हुआ है।

### गेम चेंजर में जल्द आएंगी नजर

अगर सब कुछ सही रहा तो शक्ति शालिनी कियारा का मैडॉक फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट हो सकता है। पिछले साल कियारा को मैडॉक के ऑफिस में कई बार मीटिंग के लिए जाते हुए देखा गया था। वर्क फंट की बात करें तो कियारा जल्द ही गेम चेंजर में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 10 जनवरी को रिलीज होगी। इसके अलावा वह वॉर 2 में भी दिखेंगी। इस फिल्म में उनके साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर भी होंगे। इसका निर्देशन अयान मुखर्जी ने किया है।



## 'इमरजेंसी' रिलीज के लिए इन चुनौतियों का कंगना ने किया सामना

कंगना रणौत अपनी फिल्म इमरजेंसी लेकर आ रही है। यह फिल्म 1975 से 1977 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए 21 महीने के आपातकाल पर केंद्रित है। फिल्म को रिलीज से पहले कई अड़चनों का सामना करना पड़ा। फिल्म को 6 सितंबर 2024 को रिलीज होना था, लेकिन केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से मंजूरी ना मिलने के कारण यह रुक गई। फिल्म को कुछ सिख संगठनों से भी विरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने कथित तौर पर इसकी रिलीज पर आपत्ति जताई और निर्माताओं पर तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। महीनों के संघर्ष के बाद अब इसे सीबीएफसी से हरी झंडी मिल गई है।

### रिलीज के लिए करना पड़ा संघर्ष

कंगना रणौत की फिल्म 'इमरजेंसी' अब 17 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। कंगना फिल्म के प्रमोशन में जुटी हैं। हाल ही में कंगना ने एएनआई से बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म के रिलीज से पहले आई चुनौतियों के बारे में बात की। कंगना ने कहा, बहुत संघर्ष रहा, काफी चीजों का सामना करना पड़ा। यह आसान सफर नहीं था। इसमें कई मुश्किलें थीं। हमें यह फिल्म कई समुदायों को दिखानी थी। हमारी फिल्म की हर एक चीज की जांच की गई। ऐसी तमाम बाधाओं को पार करने के बाद, हम आखिरकार यहां पहुंचे हैं।

### मुंबई में बेचनी पड़ी प्रॉपर्टी

फिल्म की रिलीज टलने के बाद कंगना को मुंबई में अपनी प्रॉपर्टी भी बेचनी पड़ी। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि फिल्म बनाते समय उन्हें इतनी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। अभिनेत्री ने कहा, मुझे नहीं पता था कि इस फिल्म को बनाते समय मुझे मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, आमतौर पर मेरी फिल्में बहुत ही आरामदायक बजट में बनती हैं, लेकिन इस बार मुझे बहुत संघर्षों का सामना करना पड़ा, चाहे वह स्टूडियो से जुड़ा हो या फंड से। सबसे बड़ा संघर्ष यह था कि कोई भी फिल्म की रिलीज को लेकर आश्वस्त नहीं था। क्या यह कभी रिलीज होगी या नहीं? यह सवाल हमेशा हमारे दिमाग में रहता था।




## बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों से प्रेरित हैं अनन्या पांडे

**अनन्या पांडे ने खो गए हम कहां, कॉल मी बे और सीटीआरएल जैसी कई फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है। हाल ही में उन्होंने अपने भविष्य के करियर की योजनाओं के बारे में खुलकर बात की और साथ ही यह भी बताया की वह किन बॉलीवुड अभिनेत्रियों से बेहद प्रेरित हैं।**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे से जब अभिनय के बारे में उनकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में पूछा गया। तब अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें अभी तक विश्वास नहीं था कि वह निर्देशन कर सकती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने पिता चंकी पांडे के साथ निर्माण पर काफी हद तक चर्चा की है। अनन्या ने कहा कैसे कोई इंसान किसी स्क्रिप्ट में कुछ या किसी व्यक्ति को सही नहीं मान सकता। किसी का भी सेक्शन करने से पहले बहुत सारे काम और संयोजन लागू होते हैं। अनन्या ने यह भी बताया कि वह कैसे चाहती हैं कि कुछ खास तरह के प्रोजेक्ट बनाए जाएं, लेकिन वह खुद को उनमें अभिनय करते हुए नहीं देखती हैं। उन्होंने खुलासा किया कि एक निर्माता के पास ऐसा करने की शक्ति होती है।

अनन्या पांडे ने आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसी अभिनेत्रियों का जिक्र करते हुए कहा कि उनके प्रोडक्शन के काम ने उन्हें एक अभिनेता के तौर पर नया जीवन दिया है। अनन्या ने कहा, दीपि पादुकोण और आलिया भट्ट कुछ बिल्कुल अलग कर रही हैं, जबकि वे अभी भी उन चीजों से जुड़ी हुई हैं, जिनके लिए वे सबसे अच्छी जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि आलिया और दीपिका ही वह हैं जिसकी ओर वह देख रही थीं और भविष्य में ऐसा करने की उम्मीद कर रही थीं। अनन्या, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट द्वारा अपने प्रोडक्शन में किए गए काम से काफी प्रेरित हैं। 2024 में, अनन्या पांडे को साइबर थ्रिलर फिल्म CTRL और कॉमेडी ड्रामा सीरीज कॉल मी बे में उनकी भूमिकाओं के लिए बहुत प्रशंसा मिली। अब, वह चांद मेरा दिल और बाकी कई आगामी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं।




## पोंगल से खिसकने के बाद इस दिन दस्तक देगी विदामुयार्ची? अजित की फिल्म की रिलीज डेट पर अटकलें तेज

**अजित कुमार और तृषा कृष्णन की बहुप्रतीक्षित फिल्म विदामुयार्ची को इस साल पोंगल के अवसर पर रिलीज किया जाना था, लेकिन आखिरी समय पर निर्माताओं ने इसकी रिलीज को टाल दिया। खबर है कि निर्माताओं कुछ कानूनी मुद्दों में उलझे हुए हैं। ऐसे में अब सवाल यह है कि फिल्म रिलीज कब होगी। वहीं, अब सोशल मीडिया पर फिर एक बार इसकी नई रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।**

### फिल्म की नई रिलीज डेट

रिपोर्ट्स के अनुसार, विदामुयार्ची अब जनवरी के अंत में रिलीज हो सकती है। इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्र श्रीधर पिल्लई के हालिया पोस्ट के अनुसार, व्यापार विश्लेषकों का दावा है कि फिल्म संभवत: 30 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी। हालांकि, अभी तक निर्माता की तरफ से कुछ भी पुष्टि नहीं की गई है।

### हॉलीवुड फिल्म का रीमेक है विदामुयार्ची

मगिज थिरुमेनी द्वारा निर्देशित फिल्म विदामुयार्ची एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसके बारे में अनुमान लगाया जा रहा है कि यह हॉलीवुड फिल्म ब्रेकडाउन का रूपांतरण है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन फिल्म के टीजर से दोनों के बीच समानताएं सामने आई हैं।दरअसल, विदायामुयार्ची हॉलीवुड फिल्म ब्रेकडाउन की अनौपचारिक रीमेक है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने लाइका प्रोडक्शंस पर मुकदमा करने का फैसला किया है।

### फिल्म की रिलीज में देरी की वजह

ऐसे में विदायामुयार्ची के आधिकारिक रीमेक अधिकार सुरक्षित करने के लिए लाइका को पैरामाउंट पिक्चर्स को 10 मिलियन डॉलर यानी 85 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। इस राशि का भुगतान करने के बजाय लाइका प्रोडक्शंस ने पैरामाउंट पिक्चर्स को फिल्म की रिलीज के लिए एक साझेदारी सौदे की पेशकश की है। फिल्म की रिलीज में देरी की असली वजह यही है।

### फिल्म के कलाकार

विदामुयार्ची मूल रूप से तमिल भाषा में बनाई गई थी और इसे 10 जनवरी, 2025 को रिलीज किया जाना था, जिसे स्थगित कर दिया गया। अब इसकी नई रिलीज डेट का इंतजार है। विदामुयार्ची को फिल्म निर्माता मगिज थिरुमेनी ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म के जरिए अजित और मगिज थिरूमेनी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। इसमें तृषा कृष्णन, अर्जुन सरजा और रेजिना कैसेंड्रा भी हैं।



## शाहरुख खान के साथ काम करना अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है

मशहूर कोरियोग्राफर और निर्माता-निर्देशक फराह खान ने इंडस्ट्री के टॉप कलाकारों के साथ काम किया है। इस लिस्ट में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान भी शामिल हैं। हाल ही में फराह खान ने शाहरुख के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। साथ ही यह खुलासा किया कि स्त्र्य के साथ काम कर पाना अब उनके लिए पहले के मुकाबले काफी मुश्किल हो चला है। जानते हैं इसकी वजह।

### इस वजह से बढ़ता है प्रेशर

फराह खान ने कहा कि जब भी वे किसी नए गाने पर साथ काम करते हैं तो हर बार प्रेशर दोहरा हो जाता है। फराह ने कहा कि साथ काम करते हुए कुछ शानदार ट्रैक तैयार हुए, इसके चलते अब जब भी साथ काम करते हैं तो पहले से ज्यादा दबाव बढ़ जाता है। फराह खान ने ईटाइम्स से बातचीत में यह खुलासा किया। फराह खान ने लंबे वक्त से चल रही अपनी दोस्ती को लेकर भी शुक्रिया अदा किया। उन्होंने बताया कि कुछ सितारों से उनकी दोस्ती उनके स्टार बनने से पहले की हैं। फराह ने बताया कि शाहरुख खान के साथ उनकी दोस्ती कभी हां कभी ना और दीवाना की रिलीज होने से पहले ही शुरू हो गई थी। फराह खान ने कहा कि दशकों पुरानी दोस्ती होने के बावजूद शाहरुख खान के साथ काम करना अब समय के साथ मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, अगर उस समय उनके साथ काम करना मुश्किल था, तो अब और भी मुश्किल है। जब भी हम किसी गाने पर काम करते हैं, तो दबाव दोगुना हो जाता है, क्योंकि हमने साथ मिलकर शानदार गाने बनाए हैं। फराह ने यह भी कहा कि हैप्पी न्यू ईयर के बाद दिलचस्प प्रोजेक्ट्स की कमी के चलते उन्होंने निर्देशन से ब्रेक लिया।

### निर्देशन में लौटने का पक्का इरादा, लेकिन...

फराह खान ने कहा कि ब्रेक के बाद उन्होंने अपने परिवार पर पूरा फोकस किया। अपने बच्चों के साथ क्वालिटी वक्त बिताया और छुट्टियां मनाई। उन्होंने यह भी कहा कि निर्देशन में वापसी की उनकी इच्छा है, लेकिन वे कमबैक तभी करेंगी जब कोई अच्छी स्क्रिप्ट होगी और सही समय होगा। बता दें कि फराह खान ने फिल्म मैं हूं ना से निर्देशन की दुनिया में डेब्यू किया। फराह ने शाहरुख खान के चलेया, दर्द-ए-डिस्को जैसे गानों को कोरियोग्राफ किया है।

## फरहान अख्तर के पिता बनने की खबर अफवाह, शबाना आजमी ने किया कंफर्म

एक्टर-डायरेक्टर फरहान अख्तर के तीसरी बार पिता बनने की खबर अफवाह है। इस बात की पुष्टि एक्ट्रेस शबाना आजमी ने की है। दरअसल, हाल ही में खबर आई थी कि फरहान की दूसरी पत्नी शिबानी दांडेकर मां बनने वाली हैं। शबाना आजमी ने बातचीत में कहा कि प्रेग्नेंसी की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। फरहान और शिबानी बच्चे की प्लानिंग भी नहीं कर रहे हैं। फरहान ने 2022 में शिबानी दांडेकर से शादी की थी। शादी से पहले दोनों 4 साल तक रिलेशनशिप में थे और लिव इन भी रहे थे। दोनों ने 2018 में अपना रिश्ता ऑफिशियल किया था।

### पहली शादी से दो बेटियों के पिता हैं फरहान

फरहान की शिबानी से दूसरी शादी है। उन्होंने पहली शादी हेयर स्टाइलिस्ट अधुना से 2000 में की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटियां भी हैं। फरहान और अधुना ने 2017 में तलाक ले लिया था। फरहान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे आने वाले समय में फिल्म 120 बहादुर में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर बेस्ड है। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, फरहान की डायरेक्टोरियल फिल्म डॉन 3 भी इसी साल रिलीज होने वाली है।

